सूर्योदय : 6:10
सूर्यास्त : 6:17
अधिकतम तापमान : 32.0
न्यूनतम : 16.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-286 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 28 मार्च 2024
17 रमजान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com






17 रमजान, २8.03.2024

**सुन्नी हज़रात**

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:36 | 06:24 |

**शिया हज़रात**

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:34 | 06:33 |

**उमरा, ज़ियारत**
उमरा और ईरान-ईराक़, शाम की जियारत के लिये संपर्क करें
**अलजवाद टूर्स एण्ड ट्रेवेल्स**
लखनऊ
**मौलाना सलीम अब्बास ज़ैदी**
मो. 9897328277
7905439594

## मुख्यमंत्री योगी ने मथुरा से लोकसभा के चुनावी रण का फूंका बिगुल

# 500 वर्ष में पहली बार श्रीराम ने अपने धाम में कराए होली के दर्शन: योगी

**संबोधन**

- श्रीकृष्ण जन्मभूमि के किए दर्शन-पूजन
- संवाद कर बताईं भाजपा की प्राथमिकताएं
- किसी के लिए फैमिली फर्स्ट, पीएम मोदी के लिए नेशन है



**सभी की खुशहाली की प्रार्थना की**

सीएम योगी ने धर्मनगरी मथुरा से प्रबुद्ध सम्मेलन का आगाज किया। चुनावी रण के पहले मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार सुबह मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर दर्शन-पूजन किया। सीएम ने श्रीकृष्ण से स्वस्थ, समृद्धि यूपी की कामना करते हुए सभी की खुशहाली की प्रार्थना की।

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चुनावी समर में दो पक्ष स्पष्ट नजर आ रहे हैं। एक के लिए फैमिली फर्स्ट है तो मोदी के नेतृत्व वाले पक्ष के लिए नेशन फर्स्ट है। एक पक्ष अपने कृत्यों से माफिया राज को प्रश्रय देता है तो मोदी जी का पक्ष कानून के राज को प्रभावी ढंग से लागू करता है।

एक पक्ष भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है तो मोदी जी का पक्ष जीरो टालरेंस का पक्षधर है। एक पक्ष तुष्टिकरण, जाति-मत-मजहब के आधार पर समाज को बांटना चाहता है, लेकिन दूसरे पक्ष में मोदी जी के नाम पर सबका साथ, सबका विकास के माध्यम से गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव जरूरतमंदों को देने का भाव दिखाई देता है। एक तरफ फैमिली फर्स्ट की बात करने वाले लोग हैं तो दूसरी तरफ 140 करोड़ लोगों को परिवार मानने वाले मोदी हैं। हमें मोदी के परिवार का हिस्सा बनकर नए भारत का दर्शन करना है। उन्होंने मथुरा में पहली जनसभा कर प्रबुद्धजनों से संवाद बनाते हुए सांसद व भाजपा उम्मीदवार हेमामालिनी के पक्ष में वोट देने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने विभिन्न विकास योजनाओं को गिनाकर मोदी का मतलब भी बताया। हम सभी ने 'होली खेले रघुबीरा' भजन सुना है, लेकिन 500 वर्ष में पहली बार अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने अपने धाम में विराजमान होकर होली के साक्षात दर्शन भी कराए।

## नई पहचान बन चुका है मेरठ : सीएम

- मेरठ इतिहास में दर्ज नहीं होता, इतिहास रचता है

**मेरठ।** तीन दशक पहले जिस तरह अरुण गोविल ने रामायण में मजबूती के साथ श्रीराम के जीवन को जीवंत किया था, आज वो मेरठ की पहचान बनने जा रहे हैं।

अरुण गोविल अब मेरठ में इतिहास रचेंगे, क्योंकि मेरठ इतिहास में दर्ज नहीं होता, बल्कि ये हमेशा इतिहास रचता है। ये बातें बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने यहां चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में




भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के पक्ष में मुख्यमंत्री ने किया प्रचार

आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने शहर के डॉक्टर, प्रोफेशनल्स, सीए, टीचर्स और उद्यमियों के बीच पहुंचकर बीजेपी प्रत्याशी अरुण गोविल के पक्ष में मतदान की अपील की। मेरठ के वर्तमान सांसद राजेन्द्र अग्रवाल की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने सहजता और ईमानदारी के साथ अपना उत्तराधिकारी अरुण गोविल जी को चुना है।

# 3,000 करोड़ की संपत्तियां गरीबों को लौटाएगी सरकार : पीएम मोदी

**भरोसा**

- ईडी की ओर से जब्त पैसा गरीबों को मिलेगा
- भाजपा देश से भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है



**कोलकाता।** केंद्र सरकार अब बंगाल में ईडी द्वारा भ्रष्टाचारियों से जब्त की गई करीब 3,000 करोड़ रुपये की अवैध संपत्तियों और राशियों को गरीबों को लौटाने की तैयारी कर रही है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बंगाल के नदिया जिले की कृष्णानगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही भाजपा प्रत्याशी कृष्णानगर राजघराने की राजमाता अमृता राय से टेलीफोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही। पीएम ने इस संबंध में कानूनी रास्ते खोजने की भी बात कही है। राजमाता के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने महुआ मोइत्रा को उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में ईडी ने गरीबों से लूटी गई करीब 3,000 करोड़ की संपत्तियां अटैच (जब्त) की है, जिसे उन्हीं गरीबों को वापस लौटाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके लिए कानूनी परामर्श लिए जा रहे हैं। पीएम ने कहा कि वह उन कानूनी विकल्पों पर काम कर रहे हैं, जो ये सुनिश्चित कर सके कि बंगाल में शिक्षकों, क्लर्क की नौकरी आदि के लिए रिश्वत के तौर पर जिन गरीबों का पैसा लूटा गया है, वो उन भ्रष्टाचारियों की जब्त संपत्तियों के जरिए उन तक वापस पहुंच जाए। प्रधानमंत्री ने भरोसा दिया कि चुनाव के बाद नई सरकार बनते ही इसे वापस लौटाने के लिए जो भी नियम या कानून बनाना होगा, वह सब किया जाएगा। पीएम ने भाजपा प्रत्याशी से यह बात सभी लोगों को बताने को भी कहा। पीएम ने राजमाता अमृता राय से लगभग आठ मिनट की बातचीत में उनके चुनाव प्रचार की तैयारियों समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

## भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की सातवीं सूची

# अमरावती से नवनीत राणा तो चित्रदुर्ग से गोविंद करजोल को टिकट मिला



**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने सातवीं लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में दो उम्मीदवारों के नामों का एलान किया गया है। इसमें महाराष्ट्र की अमरावती सीट से भाजपा ने नवनीत राणा को अपना उम्मीदवार बनाया है। वे वर्तमान में इसी सीट से सांसद हैं। वहीं, कर्नाटक की चित्रदुर्ग सीट से भाजपा ने गोविंद करजोल को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने जिन दो सीटों पर अपने उम्मीदवारों का एलान किया है, वे सुरक्षित सीटें हैं। बता दें कि साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में चार निर्दलीय जीतकर संसद पहुंचे थे। इनमें से एक नवनीत राणा भी थीं। महाराष्ट्र की अमरावती सीट से निर्दलीय उतरीं नवनीत राणा 36,951 वोटों से चुनाव जीती थीं। गोविंद मुक्तप्पा करजोल अगस्त 2021 से मई 2023 तक कर्नाटक सरकार में प्रमुख और मध्यम सिंचाई, जल संसाधन मंत्री रह चुके हैं।

## न्यूज डायरी

### महा विकास अघाड़ी में टूट

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिवसेना के बाद वंचित बहुजन अघाड़ी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने भी लोकसभा चुनाव में 9 सीटों पर लड़ने की घोषणा कर दी है। प्रकाश आंबेडकर अकोला सीट से चुनाव लड़ेंगे। महा विकास अघाड़ी में प्रकाश आंबेडकर को सिर्फ एक सीट मिल रही थी। वीबीए ने नागपुर से उम्मीदवार नहीं उतारने और इस सीट पर कांग्रेस का समर्थन करने का फैसला किया है। वंचित बहुजन अघाड़ी सांगली सीट से ओबीसी बहुजन पार्टी के प्रकाश अन्ना शेंडगे को मैदान में उतारेगी, जिससे कांग्रेस और शिवसेना दोनों के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं, जो पहले से ही इस सीट पर आमने-सामने हैं।

### विजयन की बढ़ी मुश्किलें

**तिरुवनन्तपुरम।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की बेटी वीणा विजयन की आईटी फर्म और कोचीन स्थित खनन फर्म सीएमआरएल से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच शुरू की। मामले की जांच पहले से ही गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय द्वारा की जा रही है। ईडी के कोच्चि कार्यालय ने मामले में ईसीआईआर दर्ज की है। ईसीआईआर संज्ञेय अपराधों के लिए पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के समान है। यह मुद्दा सबसे पहले पिछले साल कांग्रेस विधायक मैथ्यू कुझालन दान ने एक मीडिया रिपोर्ट के आधार पर उठाया था, जिसमें आयकर विभाग के एक अधिकारी के हवाले से कहा गया था कि सीएम विजयन की बेटी वीणा विजयन की आईटी फर्म एक्सालॉजिक को खनन कंपनी सीएमआरएल से 1.72 करोड़ रुपये मिले थे।

# देश की सुरक्षा में है वायु शक्ति की अहम भूमिका

**ताकत**

- राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो दुश्मन के घर में कार्रवाई कर सकती है वायुसेना : वीआर चौधरी



**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने बुधवार को कहा कि बालाकोट जैसे अभियानों ने साफ कर दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो दुश्मन की सीमा से परे जाकर हवाई ताकत दिखाई जा सकती है। भविष्य के संघर्षों में हवाई शक्ति विषय पर एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वायुसेना प्रमुख ने कहा कि जैसे-जैसे देश तेजी से अंतरिक्ष-आधारित संसाधनों पर निर्भर हो रहे हैं, अंतरिक्ष का सैन्यीकरण अपरिहार्य वास्तविकता बन गई है।

वायुसेना ने 14 फरवरी को हुए पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में 26 फरवरी, 2019 को पाकिस्तान के बालाकोट इलाके में जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी प्रशिक्षण शिविर पर हमला बोला था। पाकिस्तान की वायुसेना ने अगले दिन ही जम्मू-कश्मीर में अनेक सैन्य प्रतिष्ठानों पर निशाना साधा था, लेकिन वे असफल रहे थे। वायुसेना प्रमुख ने कहा, मानव इतिहास में आकाश को अक्सर आश्चर्य और अन्वेषण का क्षेत्र माना गया है। यहां सपने उड़ान भरते हैं और सीमाएं विशाल नीले विस्तार में विलीन हो जाती हैं। फिर भी इस शांति के नीचे प्रतिस्पर्धा से भरा एक क्षेत्र है। यहां हवाई श्रेष्ठता के लिए प्रतिस्पर्धा ने कई देशों की नियति को आकार दिया है और कई युद्धों के नतीजे तय किए हैं। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे हम इन अज्ञात आसमानों में यात्रा कर रहे हैं, वायु शक्ति राष्ट्रीय शक्ति का एक प्रमुख घटक होने के नाते महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत पर चुनाव आयोग सख्त

- टिप्पणियों को लेकर नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार कंगना रनौत के खिलाफ टिप्पणी को लेकर चुनाव आयोग ने बड़ा कदम उठाया है। इस बाबत आयोग ने भाजपा सांसद दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही आयोग ने दोनों नेताओं से इस नोटिस पर 29 मार्च 2024 शाम 5 बजे तक जवाब देने को भी कहा है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना की एक तस्वीर के साथ एक आपत्तिजनक पोस्ट साझा की थी। जब उनके पोस्ट को लेकर बवाल मचा तो कांग्रेस प्रवक्ता ने पोस्ट हटा ली और दावा किया कि उनके इंस्टा के अकाउंट पर कई लोगों का एक्सेस है। इसमें से किसी व्यक्ति ने घृणित और आपत्तिजनक पोस्ट किया था। हालांकि भाजपा नेताओं ने उनके पोस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर कर टीएमसी पर हमला बोला था।




**शराब घोटाला** | **ईडी से दो अप्रैल तक मांगा जवाब**

# केजरीवाल को हाईकोर्ट से राहत नहीं

**याचिका**


- सीएम पद से हटाने वाली याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई आज
- मेरी गिरफ्तारी की बुनियाद ही गलत है

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रिहा करने के लिए कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया, जिन्हें दिल्ली आबकारी शुल्क नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है। वे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में है।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने एजेंसी द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने अंतरिम राहत के लिए दिल्ली के सीएम की याचिका पर भी नोटिस जारी किया लेकिन कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। अदालत ने ईडी की हिरासत से रिहाई की मांग करने वाली केजरीवाल की अंतरिम याचिका पर जवाब देने के लिए ईडी को दो अप्रैल तक का समय दिया है। अदालत ने मामले की सुनवाई तीन अप्रैल की तारीख तय की है। वहीं हाईकोर्ट आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने के मामले में 28 मार्च को सुनवाई करेगा।

### अमेरिकी राजनयिक तलब

दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर अमेरिका की टिप्पणी पर भारत ने नाराजगी जताई है। दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमेरिका के कार्यवाहक मिशन उपप्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को तलब किया। जर्मनी के बाद अमेरिका ने भी केजरीवाल की गिरफ्तारी के मामले में टिप्पणी की थी। अमेरिका की तरफ से कहा गया था कि केजरीवाल की गिरफ्तारी पर उनकी कड़ी नजर है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा था कि वो भारत के अहम विपक्षी दल के नेता की गिरफ्तारी और मामले में एक्शन पर निष्पक्ष जांच की उम्मीद जता रहे हैं। अमेरिका के विदेश मंत्रालय की तरफ से कहा गया, हम निष्पक्ष, समयबद्ध और पारदर्शी कानूनी प्रक्रिया के लिए भारत की सरकार को प्रोत्साहित करते हैं।



CMYK

# बेखौफ होकर चल रहा है असली मार्का के अन्दर कड़वे तेल का अवैध कारोबार

## नगर में दसियो वर्षो से असली सरसो के तेल के नाम पर बेचा जा रहा है जहर

*तनवीर सिद्दीकी*

**मोहम्मदी-खीरी।** नगर में पिछले दसियो वर्षो से असली मार्का के अन्दर कड़वे तेल का अवैध कारोबार बेखौफ होकर चल रहा है। प्रशासन एवं खाद्य विभाग द्वारा इस काले धन्धे पर अंकुश लगाने के लिये छापामार कार्यवाही की जाती रही लेकिन शासन-प्रशासन के अथक प्रयासो के उपरान्त भी इस पर अंकुश नहीं लगाया जा सका। प्रशासन की सख्ती का असर सिर्फ इतना हुआ कि इस काले धन्धे को करने वाले चेहरे बदल गए। सूत्रो की माने तो हर तीसरे-दूसरे दिन पाम आयल का टैंकर आता है जिसका ''असली सरसो का तेल'' बनाकर नगर से लेकर गांवो तक में बेंच दिया जाता है। यदा-कदा यह नकली कड़वे तेल व्यापारी पकड़े भी जाते हैं लेकिन नोटो के फोर्स एवं दलालो के सोर्स के कारण मामला रफा-दफा हो जाता रहा और नगर से लेकर गांवो तक में असली सरसो के तेल के नाम पर जहर बेखौफ होकर बेचा जा रहा है। नगर से लेकर पूरे क्षेत्र में असली सरसो के कड़वे तेल के नाम पर पाम आयल एवं धान की भूसी से बने ''सल्वेट आयल'' में विभिन्न जानलेवा कैमिकल मिलकार सरसो का तेल बनाकर बेखौफ होकर बेचा जा रहा है। इस धन्धे से जुड़े सूत्रो की माने तो नगर में कुछ लोग नकली सरसो का तेल बनाकर उसे ब्रान्डेड कम्पनियो के मार्का वाले नए पीपो में भरकर पीपो को मशीनो से ही सीलकर कम्पनी से निकले पीपो का रूप देकर नगर व ग्रामीण क्षेत्र के दुकानदारो एवं साइकिलो, ठिलियो से फुटकर बेचने वाले जान के दुश्मन सौदागरो के माध्यम से जनता में विशेष रूप से गरीब एवं मध्यवर्गी जनता में बेखौफ होकर बेचा जा रहा है। दूसरे-तीसरे दिन एक टैंकर पाम या साल्वेन्ट आयल रात के अंधेरे में शाहजहांपुर की ओर से नगर में आता है। टैंकर चालक और व्यापारी के बीच मोबाइल से सर्म्पक बना रहता है। व्यापारी जब हरा सिग्नल देता है तब टैंकर मोहम्मदी में प्रवेश करता है। उससे पूर्व वह इसी मार्ग पर पड़ने वाले पेट्रोल पम्पो पर खड़ा रहता है। नगर में दसियो वर्षो से असली सरसो के तेल के नाम पर जहर बेचा जा रहा है। समय-समय पर शिकायते मिलने पर प्रशासन एवं खाद्य विभाग की टीमो ने भारी पुलिस बल के साथ में छापा मार कार्यवाही होती रही। लेकिन इस काले धन्धे पर अंकुश नहीं लगा। असली सरसो के तेल के नाम पर जहर बिकता रहा। अन्तर सिर्फ इतना आया कि इस धन्धे को करने वाले चेहरे बदल गये ''पहले मायाराम करते थे अब गंगाराम करने लगे। फलस्वरूप 30 रूपये लीटर वाला आयल बेखौफ होकर आ रहा है और उसे ''असली सरसो का तेल'' बनाकर बेचा जा रहा है। जानकारो का कहना है कि इस नकली कड़वा तेल का प्रयोग करने से हृदय रोग, पक्षघात, लीवर, किडनी जैसी गम्भीर बीमारियो से लोग प्रभावित हो रहे है। आर्थिक लाभ के लिये व्यापारी जहां जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे है वही नोटो की गड्डी के लोभ में जिम्मेदार प्रशासन आंखे मूंदे है। फलस्वरूप कड़वे तेल का काला धन्धा बेखोफ जारी है।

## बरसों पुराने विवाद के किया गया निस्तारण

**लखीमपुर खीरी।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त जनसुनवाई की जा रही थी जनसुनवाई के दौरान ग्राम मरखापुर के सुनील इतवारी सुशील राजेंद्र आदि 50 लोग जिसमें बच्चे महिलाएं भी शामिल थी उन्होंने शिकायत किया कि उनका रास्ता और अवरुद्ध कर दिया गया है जिला अधिकारी द्वारा एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सीओ मितौली के नेतृत्व में तहसीलदार सदर एवं थाना अध्यक्ष खीरी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया मौके पर टीम द्वारा जाकर जांच की गई तो जांच से मामला सही पाया गया तत्काल अवरोध किए गए रास्ते को खुलवाया गया और मौके पर रास्ते का चिन्ह्यांकन किया गया बरसों पुराने विवाद के निस्तारण किया गया।

# लोस चुनाव संपन्न कराने को जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट, मास्टर ट्रेनर को दिया प्रशिक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में खीरी और धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए दो पालियों में जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट, मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण भी दिया गया।डीएम ने निर्वाचन के दौरान उनकी भूमिका, कर्तव्य व कार्य दायित्व बताएं और यह भी कहा कि आप सभी के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है, इसलिए उसका कुशलतापूर्वक निर्वहन करें। डीएम ने ईवीएम का प्रशिक्षण देकर सवाल पूछे। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट की व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने ईवीएम के सभी उपकरणों के संयोजन एवं उसके संचालन की बारीकी से जानकारी दी।



सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन में जोनल व सेक्टर ऑफिसर की महती भूमिका है, इसलिए सौंपे गए दायित्वों का सजगता, सतर्कता व विवेकपूर्ण तरीके से निर्वहन करें। प्रशिक्षण की आरंभ में प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षण) पीडी एसएन चौरसिया ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के संबंध में मास्टर ट्रेनर्स, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्वाचन प्रक्रिया का पीपीटी से व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में एडीएम संजय सिंह, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ मनीष चंद्र, मौजूद रहे। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में 53 मास्टर ट्रेनर, 24 जोनल मजिस्ट्रेट, 207 सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षित किया गया।

## लोकसभा धौरहरा मे सपा को एक और झटका लगा

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा धौरहरा मे सपा को एक और झटका लगा है द्य समाजवादी पार्टी मे जिला कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, पूर्व अध्यक्ष सहकारी गन्ना समिति महोली सीतापुर नवाव कलबे हसन अपने समर्थको सहित भाजपा मे हुए शामिल।

## नीलगाय से टकराकर भट्ठा मालिक की मौत

**सहारनपुर।** भट्टे पर बाईक पर सवार होकर जाते समय नीलगाय से टकरा जाने पर भट्ठा स्वामी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी आज उपचार के दौरान मौत हो गयी।

नगर के मौहल्ला कायस्थान निवासी प्रमोद सिंघल उर्फ पप्पु जिनकी उम्र लगभग 60 वर्ष थी बाईक पर सवार होकर प्रतिदिन की तरह सिरसली स्थित अपने ईटभट्टे पर जा रहे थे बीते दिवस शुबह करीब 10 बजे जैसे ही वह देवबन्द रोड पर रामपुर व सिरसली के बीच पहुँचे, तो उनकी बाईक सडक पार कर रही एक नीलगाय से टकरा गयी। जबरदस्त टक्कर हो जाने के कारण वे गंभीर रुप से घायल हो गये। सूचना मिलते ही पहुँची कोतवाली पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से उनको नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार देने के बाद गम्भीर हालत को देखते हुये तुरन्त हायर सेंटर रेफर किया गया, परन्तु स्थिति अत्यंत नाजुक होने के कारण उनको दिल्ली के गंगाराम अस्पताल ले जाया गया।

# लोस चुनाव में मददगार है CVIGIL एप, शिकायत हो तो दर्ज करें

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** आम चुनाव-2024 निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने कई ऑनलाइन मोबाइल एप शुरू किए हैं। इन एप का प्रयोग कर कोई भी मतदाता या प्रत्याशी अपनी समस्या का निवारण कुछ ही मिनटों में करवा सकता है।डीईओ, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने तथा उसके निस्तारण हेतु आनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया गया है। उक्त एप पर चुनाव की घोषणा के दिनांक से मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत अपलोड की जा सकती है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग चुनाव के समय सी-विजिल एप निर्वाचन आयोग की काफी मदद करता है। कोई भी नागरिक कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता हुआ देखता है तो उससे संबंधित फोटो वीडियो ऑडियो व अन्य साक्ष्य इसपर अपलोड कर देता है। इस एप में शिकायत के बाद 100 मिनट के भीतर कार्रवाई होती है।

### निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में मदद

डीईओ ने सभी से अपील करते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में आनलाइन शिकायत हेतु आयोग द्वारा विकसित सी-विजिल एप का प्रयोग करें।आयोग इसकी सत्यता की परख कर संबंधित पर कार्रवाई सुनिश्चित करता है। यह एप देश के सभी नागरिक को निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में मदद का अवसर देता है। एप का साफ्टवेयर शिकायतकर्ता की पहचान, सुरक्षा व निजता को बरकरार रखता है।

### कैसे काम करता है CVIGIL एप

सी-विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नम्बर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लागिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल एप एक जीआइएस आधारित एप है जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, आडियो ही अपलोड किया जा सकता है। शिकायत अपलोड होने के उपरान्त 100 मिनट के अन्तर्गत ही शिकायत का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से सुनिश्चित किया जाना है। निस्तारण के पश्चात् विवरण शिकायतकर्ता के सी-विजिल एप पर स्वतः उपलब्ध हो जायेगा

## मजाहिर हसन मुखिया सपा छोड़ बसपा में हुए शामिल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष मजाहिर हसन मुखिया



ने आज अपने समर्थकों संग बसपा में शामिल होने की घोषणा कर दी।

आज अम्बाला रोड स्थित अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में मजाहिर हसन मुखिया ने उत्तराखण्ड प्रभारी नरेश गौतम, बसपा जिलाध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद, पूर्व विधायक रविन्द्र कुमार मोल्हू, देहात विधान सभा प्रभारी अजब सिंह की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी को छोड़कर बसपा में शामिल होने की घोषणा की। मजाहिर हसन मुखिया ने कहा कि वर्तमान माहौल में उत्तर प्रदेश के राजनीतिक हालात अच्छे नहीं है। इसलिए उन्होंने समाजवादी पार्टी छोड़कर बसपा में शामिल होने का निर्णय लिया है। वर्तमान माहौल में बसपा ही भाजपा का मुकाबला करने में सक्षम है तथा बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती ही हमें शोषण से बचा सकती है। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों का भला केवल बसपा ही कर सकती है। एक सवाल के जवाब में मजाहिर हसन मुखिया ने कहा कि कांग्रेस गठबंधन का जो प्रत्याशी है, उसने हमारा व हमारे समाज का कभी भी भला नहीं किया और मेरा मानना है कि कांग्रेस का जो प्रत्याशी है, उन्हें किसी की जरूरत नहीं है। उनकी जुबान ही उनको खत्म करने के लिए काफी है। उन्होंने कहा कि बसपा सर्वसमाज की पार्टी है और दबे, कुचले व शोषित वंचितों का हित बसपा में ही सुरक्षित है।

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन होने पर सी-विजिल ऐप पर करें शिकायत : डीईओ

**रायबरेली।** जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने तथा उसके निस्तारण हेतु आनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया गया है। इस एप पर चुनाव की घोषणा की तिथि से मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत अपलोड की जा सकती है। सी-विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नम्बर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लागिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सी-विजिल एप एक जी.आइ.एस. आधारित एप है जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, आडियो ही अपलोड किया जा सकता है। शिकायत अपलोड होने के उपरान्त 100 मिनट के अन्दर ही शिकायत का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से सुनिश्चित किया जाना है। निस्तारण के पश्चात् विवरण शिकायतकर्ता के सी-विजिल एप पर स्वतः उपलब्ध हो जायेगा। उन्होंने सभी से अपील किया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में आनलाइन शिकायत हेतु आयोग द्वारा विकसित सी-विजिल एप का प्रयोग करें।

## जौनपुर ब्रांच नहर पुल मे शव मिलने से हड़कंप

**महराजगंज रायबरेली।** बुधवार दोपहर करीब 12 बजे कोतवाली क्षेत्र के मांझगांव के पास जौनपुर ब्रांच नहर पुल के पास पानी में अज्ञात शव उतराता देख लोगों में सनसनी फ़ैल गई। मामले की सूचना पर आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को बाहर निकलवाया। शव करीब तीन दिन पहले का बताया जाता है। प्रभारी निरीक्षक बालेंदु गौतम ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पा रही है। नहर के पानी के साथ बहकर आया है। इसलिए दूर का हो सकता है। आसपास के थानों से और सोशल मीडिया के माध्यम से शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान दीपू सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि नहर के पानी के साथ बहता हुआ शव देखे जाने की बात आग की तरह फ़ैल गई। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन कर रही है। क्षेत्राधिकारी यादवेन्द्र पाल ने बताया कि शव की शिनाख्त कराई जा रही है पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## अनियंत्रित ऑटो पेड़ से टकराया, पांच घायल

**सहारनपुर।** कलसिया रोड स्थित ग्राम माडुवाला के समीप अनियंत्रित ऑटो के पेड़ से टकराने से चालक सहित पांच सवारिया चोटिल हो गयी।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को चालक कुलदीप अपने ऑटो में माटकी व ताजपुरा से कुछ महिलाओं वर्करो को लेकर शेरपुर के समीप बनी पतजंलि बिस्कुट फैक्टरी में पहुंचा जहां देर से पहुंचने के कारण फैक्ट्री में एंट्री गेट बंद होने से चालक कुलदीप सभी सवारियों को लेकर वापस अपने गांव माटकी आ रहा था जैसे ही औरंगाबाद के रास्ते से होते हुवे चालक कुलदीप मांडूवला के समीप पहुंचा ही था कि चालक को अचानक दौरा पड़ने से चालक का ऑटो से नियंत्रण खो बैठा और ऑटो पेड़ से जा टकराया ऑटो के पेड़ से टकराते ही सवारियो मे चीख पुकार मच गई। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को ऑटो से बाहर निकाला और सूचना पर डायल 112 ने मौके पर पहुंच कर सभी घायलों को सीएचसी फ्तेहपुर में उपचार के लिए भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूनम पत्नी पृथ्वी सिंह 35 वर्ष निवासी ताजपुरा, सोमवीरी पत्नी विपिन 36 वर्ष, अनिता पत्नी आकाश 38 वर्ष, अंजली पुत्री राजेश 23 वर्ष निवासीगण ग्राम मटकी थाना कोतवाली देहात एवं चालक कुलदीप पुत्र कंवर पाल निवासी ताजपुरा आदि सवारिया चोटिल हुई है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आशा मार्डन स्कूल का वार्षिक परीक्षा फल घोषित

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आशा मॉडर्न स्कूल की न्यू ब्रांच में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ परीक्षाफल घोषित किया गया और मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनकी हौंसला अफ्जाही की गयी। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की प्रधानाचार्या रुपाली जैन ने मंगल दीप प्रज्जवलित करके किया। तथा अपने प्रेरणात्मक वचनों से विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा के महत्व को बताया। कार्यक्रम का आरम्भ छोटे बच्चों की खानपान संबंधित विषय पर आधारित मनमोहक नृत्य के साथ हुआ। उसके पश्चात् योग गुरु शिवकुमार के नेतृत्व में बच्चों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात् संगीत आचार्य सोनू के मार्गदर्शन में बच्चों ने मधुर सुरीला गीत प्रस्तुत किया और कार्यक्रम के अंत में संगीत की महत्ता बताते हुए बच्चों द्वारा आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी में भूमि सिंह 99.5 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय स्थान पर पीहू खोखर व तृतीय स्थान पर युवराज तोमर रहे। एलकेजी में प्रथम सिया बर्मन, द्वितीय तनिष्क व तृतीय पर्व रहे। यूकेजी में आरोही सिंह ने 100 प्रतिशत अंक लाकर सभी को हर्षित किया। द्वितीय स्थान अक्षिता जैन व तृतीय स्थान पर दक्षित गर्ग रहे। कक्षा प्रथम में मोहम्मद साद प्रथम, सिया खरबंदा द्वितीय व तृतीय स्थान पर जरजीत कश्यप रहें। कक्षा द्वितीय से सप्तम तक प्रथम आरत तोमर, विष्णु वर्मा, निशिका सहगल, अर्जुन भाटिया, आयुष्मान भट्ट, राशि यादव, तथा नाम्या सेठ रहीं। टॉपर्स ट्रॉफी में आरोही सिंह, मौ.साद, निशिका सहगल तथा नाम्या सेठ रही। इस मौके पर शत प्रतिशत उपस्थिति में सोविया, वसीम, गुंजन मलिक को पुरस्कार मिला। व्यक्तिगत स्वच्छतक का पुस्कार नर्सरी के आयांश कुमार, एल.के.जी. के शनाया सैनीव युवराज तथा यू. के.जी. के आरोही सिंह व दक्षित गर्ग को मिला।

## सामान्य प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट में बने विभिन्न कक्षों का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक एस.भोंडवे ने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार ही कार्य करना सुनिश्चित करें। सभी मिलकर टीम भावना के साथ कार्यो को सम्पादित करें। उन्होने निर्देश दिए कि यह जनपद अन्य राज्यों की सीमा से सटे होने के कारण संवेदनशील है। इसलिए सीमाओं पर विशेष चौकसी बरती जाए।

श्री भोंडवे आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में बैठक लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण, निष्पक्ष व निर्विघ्न संपन्न कराने को लेकर अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदान कार्य में लगे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों को भली प्रकार से समझकर करें। सीमावर्ती क्षेत्रों पर कैमरा, बेरीकेटिंग करते हुए प्रभावी चौकिंग की जाए। उन्होने कहा कि जनपद में 100 वर्ष से ऊपर 514 मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं से



निरंतर सम्पर्क में रहा जाए। इससे आमजन के मध्य एक बेहतर संदेश जाएगा। बैठक के उपरान्त उन्होने कलेक्ट्रेट में बने कन्ट्रोल रूम, शिकायत प्रकोष्ठ, एमसीएमसी, वीडियो निगरानी कक्ष को देखा एवं निर्वाचन कार्यो में लगी गाडियों की सी-विजिल के माध्यम से लोकेशन देखी।

व्यय प्रेक्षक ने कहा कि गाडियों की चैकिंग गंभीरता से की जाए। इसी के साथ यह भी ध्यान रखा जाए कि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होने प्रिन्ट, इलेक्ट्रोनिक एवं सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। यह लोकतंत्र का महापर्व है इसलिए इसे उचित प्रबन्धन द्वारा मिलकर सकुशल सम्पन्न कराएं।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने स्वतंत्र एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के तहत अभी तक किये गये कार्यो को पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया। इसी के साथ मुख्य विकास अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया में लगे कार्मिकों एवं उनके प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने व्यय संबंधी कार्यो के बारे में अगवत कराया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने जनपद की जा रही लॉ एण्ड ओोर्डर की व्यवस्था के बारे में अवगत कराया। उन्होने बताया कि 178 लोगों को जिला बदर किया गया है। इसके साथ ही साथ 801 व्यक्तियों को नोटिस जारी किये गये है।

## अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा

**नवाबगंज (गोंडा)।** होली के दिन अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा, आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा।

कस्बे के मुट्ठीगंज मोहल्ला निवासी द्वारिका प्रसाद साहू पुत्र शिव सरन होली के दिन अपने घर से देशी शराब की शीशी व फूटी पैक शराब की बिक्री अवैध रूप से कर रहा था। पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी के पास से 30 शीशी और 200 मिली लीटर के 60 फूटी पैक कुल 18 लीटर देशी शराब बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र सिंह व मुख्य आरक्षी मोहम्मद करीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

# रेलवे ट्रैक के किनारे युवक का शव पाया गया

*अवधनामा संवाददाता*

**मनकापुर (गोण्डा)।** मनकापुर-मसकनवां रेलवे मार्ग पर स्थित अमवा अशरफाबाद जंगल में रेलवे ट्रैक के किनारे युवक का शव पाया गया। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। वही परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है। रोहित वर्मा पुत्र राजेश वर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी ललकपुर मजरा छिटईजोत थाना मनकापुर का रहने वाला है। परिजनों के अनुसार रोहित प्रतिदिन की भांति घर से बीती रात लगभग 09 बजे भोजन करने के बाद दुकान पर सोने के लिए घर से दुकान पर गया था। भोर में सुबह लगभग 05 बजे फोन आया कि यह फोन नम्बर किसका है। जब बताया गया कि मेरे बेटे रोहित का है तो बताया गया कि डायल 112 से पुलिस बोल रहा हू। आपके बेटे का शव अमवा-अशरफाबाद जंगल में रेलवे ट्रैक के किनारे पडा है। इस सूचना पर परिजन व गांव के तमाम लोग पहुंचते तो शव को देखकर रोहित की



पहचान किया।

रोहित वर्मा की वाइक घटना स्थल से एक किलो मीटर दूरी पर एक चाय के होटल के सामने खडी मिली।

**परिजन बोले:**

परिजनों ने बताया कि रोहित लगभग दो तीन वर्ष से घर से कुछ ही दूरी पर स्थित सडक पर बनी दुकान जिसमें कापी किताब व दवा का काम होता था। उसी दुकान पर सोता था। रात में कब, कैसे वहां किसके साथ गया। यह एक पहेली बनी हुई है।

**बीए फाइनल वर्ष का था छात्र:**

परिजनो के मुताबिक रोहित गुरू वशिष्ठ महाविद्यालय महेवानानकार मनकापुर में पढता था। बीए तृतीय वर्ष का छात्र था।

**आत्म हत्या अथवा हत्या:**

परिजन जहां हत्या की आशंका जता रहे है वही पुलिस आत्म हत्या बता रही है। आत्म हत्या अथवा हत्या पोस्टमार्टम के बाद पता चल सकेगा। कोतवाली पुलिस प्रथम दृष्टया आत्म हत्या मान रही है। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि वाइक सडक के किनारे लाक करके खडी मिली है। वाइक की चाभी मृतक रोहित के जेब से मिली है। शव का पंचायतनामा चौकी प्रभारी मछलीबाजार अरविंद कनौजिया ने भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोगों को मतदान के लिए किया प्रेरित




*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जगह जगह मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ विकास खंड ऊंचाहार के प्राथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि मतदान हम सभी का अधिकार है। हम सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए। इसके उपरांत लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ विकास खंड ऊंचाहार के प्राथमिक विद्यालय बाबूगंज और उच्च प्राथमिक विद्यालय जगतपुर में मतदान बूथों का निरीक्षण कर संबंधित को निर्देश दिये कि बूथों पर ज़रूरी सुविधाएँ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिससे कि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार के असुविधा उत्पन्न न होने पाए।

# अंतिम दिन राघव समेत नो प्रत्याशियों ने किया नामांकन पत्र दाखिल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सहारनपुर लोकसभा सीट की नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा समेत नो प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन होने के चलते कलेक्ट्रेट परिसर में पूरा गहमा गहमी का माहौल रहा तथा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। सहारनपुर लोकसभा सीट का चुनाव प्रथम चरण में होने के कारण आज नामांकन प्रक्रिया का अंतिम दिन था। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन होने के चलते प्रत्याशियों द्वारा अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल करने की होड़ मची रही। सहारनपुर लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा, अपने भाई राहुल लखन पाल शर्मा, महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह व प्रस्तावकों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे तथा जिला



मजिस्ट्रेट न्यायालय में पहुंचकर रिटर्निंग आफिसर के समक्ष अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन पत्र दाखिल करने के पश्चात राघव लखन पाल शर्मा खेमका सदन में आयोजित नामांकन सभा को संबोधित करने के पश्चात पुनः जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा अपने नामांकन पत्र का दूसरा सैट दाखिल किया। राघव लखन पाल शर्मा के नामांकन जुलूस में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मोहित बेनिवाल, सहारनपुर लोकसभा प्रभारी नवाब सिंह नागर, सहप्रभारी सतेन्द्र तोमर, राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, राज्यमंत्री जसवंत सैनी, विधायक देवेन्द्र निम, विधायक राजीव गुम्बर, जिला पंचायत चेयरमैन मांगेराम चौधरी, महापौर डॉ.अजय सिंह, रालोद नेता जगपाल दास गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.महेन्द्र सैनी, महानगर अध्यक्ष पुनित त्यागी, पूर्व विधायक संजय गर्ग भी पैदल ही कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। इसके अलावा राष्ट्रीय जनकर्मठ पार्टी के केशव राम, बहुजन मुक्ति पार्टी के राजकुमार, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के मौ.इनाम, निर्दलीय भूपेन्द्र सिंह, निर्दलीय संजय, निर्दलीय तसमीम बानो, निर्दलीय कामरान, निर्दलीय शाहनवाज ने भी अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

# विधानसभा प्रभारी बने समाजवादी शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डा. सुरेन्द्र

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डा. एस.पी. सिंह पटेल ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश भर में विधासभा प्रभारियों की नियुक्ति किया है। इसी कड़ी में शिक्षक सभा के बस्ती जिलाध्यक्ष डा. सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी को महादेवा विधानसभा का प्रभारी बनाया है। उन्हे निर्देश दिये गये हैं कि गठबंधन प्रत्याशी से मिलकर उन्हे चुनाव जिताने में सहयोग प्रदान करें। डा. सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी ने सांसद प्रत्याशी रामप्रसाद चौधरी से मुलाकात कर शिक्षक समाज से हर संभव सहयोग दिलाने का भरोसा दिलाया। डा. सुरेन्द्र चौधरी ने कहा शिक्षकों की सबसे बड़ी समस्या नई पेंशन नीति है। शिक्षक समाज लम्बे अरसे से पुरानी पेंशन की मांग कर रहा है।

कांग्रेस पार्टी ने वादा किया है कि गठबंधन सरकार बनते ही पुरानी पेंशन नीति को लागू कर दिया जायेगा। इसके साथ ही शिक्षामित्रों का पुनः समायोजन, वित्तविहीन शिक्षकों को सम्मानजनक



**शिक्षक प्रकोष्ठ के विधानसभा प्रभारी डा. सुरेन्द्र व शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष डा. सुरेन्द्र बने विधानसभा प्रभारी**

मानदेय, चिकित्सा सुविधा, सेवा सुरक्षा बहाली, आंगनवाड़ी, रसोइया, अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि शिक्षा के बाजारीकरण जैसी अनेक समस्याओं का समाधान गठबंधन सरकार में ही संभव है। डा. सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी को विधानसभा प्रभारी बनाये जाने पर पूर्व विधायक अंबिका सिंह, कप्तानगंज विधायक अतुल चौधरी, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, अशोक श्रीवास्तव, रूधौली राजेन्द्र चौधरी, सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव, राजमणि पाण्डेय, श्रीनाथ विश्वकर्मा, डा अरूण कुमार मिश्रा, डा. फूलदेव यादव, फौजदार यादव, अर्जुन यादव, अर्जुन वर्मा, दीनानाथ, चक्रधर मौर्य आदि ने बधाइयां व शुभकामनायें दिया है। डा. सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि बाबूराम वर्मा हरैया, अजय यादव कप्तानगंज, रामरक्षा वर्मा रूधौली तथा डा. महेन्द्र सोनी को ादर विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोग घायल, रेफर

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** बुधवार को कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मथौली रगडगंज मार्ग पर मठिया उर्फ अकटहा गांव के पास एक महिला बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं मथौली स्थित इंडियन पेट्रोल पंप से तेल भराकर लौटते समय शाम को बाइक सवार युवक को पीछे से दूसरे बाइक सवार ने ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार हाटा कोतवाली के रधिया देवरिया की निवासी सरोज पत्नी मुद्रिका यादव उम्र 38 वर्ष अपने भाई अभिषेक के साथ बाइक से अपने मायके नगर पंचायत रामकोला वार्ड नंबर तीन जा रही थी कि अचानक एक साइकिल आ जाने से ठोकर लग गया। जिससे सरोज चलती बाइक से सड़क पर गिर पड़ी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए गई। लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य




केंद्र मथौली लाया। हालत गंभीर देख डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल पडरौना रेफर कर दिया। उधर मथौली के वार्ड नंबर चार निवासी संजीव जायसवाल पुत्र स्व. पन्नेलाल जायसवाल उम्र 38 वर्ष जो मथौली स्थित इंडियन आयल पेट्रोल पंप से तेल भरकर वापस घर लौट रहा था कि पीछे से किसी दूसरे बाइक चालक ने जोरदार ठोकर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथौली लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखकर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

# पर्वतारोही सूर्य प्रताप को नपाध्यक्ष ने किया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पडरौना नगरपालिका परिषद के बाबा सिद्धनाथ नगर वार्ड के पकड़ी निवासी महेंद्र मिश्र के पुत्र सूर्य प्रताप मिश्र द्वारा अफ्रीकी महाद्वीप की सर्वोच्च पर्वतीय चोटी पर भारत का तिरंगा फहराने पर नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल के निर्देशन में उनके प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल ने उनके घर जाकर अंगवस्त्र दे सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी।

गौरतलब है कि सूर्य प्रताप मिश्र ने अफ्रीकी महाद्वीप के तंजानिया में स्थित बीस हजार फिट ऊची ज्वालामुखी पर्वत किलिमंजारो पर तिरंगा फहराया है। यह विश्व का चौथा सबसे ऊंचा ऊंचा पर्वत भी है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने कहा कि पर्वतारोही सूर्य प्रकाश मिश्र द्वारा किए गए इस ऐतिहासिक कार्य से



**सूर्य प्रताप ने देश का मान बढ़ाया : अध्यक्ष प्रतिनिधि**

कुशीनगर जनपद सहित उत्तरप्रदेश और भारत देश का नाम भी रोशन हुआ है।

भविष्य में उनकी आगामी पर्वतीय यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने इस उपलब्धि को मील का पत्थर करार देते हुए युवाओं के लिए सूर्य प्रताप को प्रेरणास्त्रोत बताया। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां वर्तमान युवा पीढ़ी मोबाइल गेम में उलझ रही है वहीं दूसरी तरफ जनपद के युवा सूर्य प्रताप ने युवा समाज को देश का नाम रोशन करने के प्रति प्रेरित करने का सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर प्रमुख अशोक जायसवाल, नीरज मिश्रा, आलोक विश्वकर्मा, शशिकांत मिश्रा, विनय मद्धेशिया धर्मदेव सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# पूरी दुनिया में अयोध्या की नई पहचान बनी है : ब्रजेश पाठक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक बुधवार को सहारनपुर और कैराना लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के नामांकन में सम्मिलित हुए और नामांकन के बाद हुई जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने जनसभा में सहारनपुर से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल और कैराना से प्रदीप चौधरी को जिताने की अपील की।

सहारनपुर के मिशन कंपाउंड स्थित खेमका सदन में भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा की नामांकन सभा में बोलते हुए उप-मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो वायदे किए थे, उन सबको पूरा कर



दिया है। मोदी सरकार ने गरीबों को आयुष्मान कार्ड के जरिए पांच लाख रुपये तक निशुल्क उपचार दिया। किसानों, महिलाओं, युवाओं, उद्यमियों, कारीगरों, गरीबों सहित सर्व समाज का बिना किसी भेदभाव के उत्थान किया। अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। पूरी दुनिया में अयोध्या की नई पहचान बनी है। उप-मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक ने कहा कि 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता के सपनों को साकार किया। गरीबों सहित सर्व समाज का ध्यान रखा गया। अब नए भारत का निर्माण हुआ है। लोकसभा चुनाव में यूपी सहित देश में 400 से अधिक सीटों पर भाजपा जीत का परचम लहराएगी।

नामांकन सभा को राज्यमंत्री बृजेश सिंह, जसवंत सैनी, विधायक राजीव गुंबर, देवेंद्र निम, महापौर डॉ. अजय सिंह, लोकसभा संयोजक ब्रिजेंद्र

**यूपी सहित 400 से अधिक सीटों पर लहराएंगे जीत का परचम : डिप्टी सीएम**

कश्यप, जिलाध्यक्ष डॉ. महेंद्र सैनी, महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने भी विचार रखे। इस दौरान कांग्रेस नेता उमा भूषण और सपा नेता अर्जुन पंडित ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

**प्रशासन ने हटवाए भाजपा के बोर्ड :** कई जगहों पर शहर में लगे भाजपा के बोर्ड प्रशासन ने हटवाए हैं। उप-मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर बोर्ड लगे थे, जिनमें आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा था। इसी के चलते प्रशासन ने इन बोर्ड को हटवा दिया। बताया जा रहा है कि किसी ने इसकी शिकायत प्रशासन से की थी। इसके बाद बोर्ड हटवाए गए।

# गहोई वैश्य समाज के नवयुवक मंडल के अध्यक्ष बने प्रदीप मोर



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** गहोई वैश्य समाज के कार्यक्रम में नवयुवक मंडल का गठन किया गया। जिसमें युवाओं को समाज के उत्थान के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गईं। नवयुवक मंडल में प्रदीप मोर को अध्यक्ष चुना गया। गहोई वैश्य समाज का कार्यक्रम गहोई धर्मशाला में आयोजित किया गया। जिसमें गहोई वैश्य समाज के लोग मौजूद रहे। अजय कुमार ने कहा कि.समाज में युवाओं को बढ़ावा देने की जरूरत है। जिस समाज का युवा जागरूक है वसह समाज आगे बढ़ता है। इसलिए गहोई वैश्य समाज के युवाओं को भी आगे आना चाहिए। समाज के लोगों को हर क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहिए। व्यापार के साथ ही राजनीति, शिक्षा और डॉक्टर आदि के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाया जाए। जब समाज के युवा सभी क्षेत्र में आगे होंगे तो इसका लाभ भी मिलेगा। कहा कि इसके लिए नवयुवक मंडल का गठन किया जा रहा है। जिसमें शामिल पदाधिकारी समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करें और युवाओं को संगठन से जोड़ें। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से प्रदीप मोर को नवयुवक मंडल का अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा सुमित कास्तवार को मंत्री व राजकुमार तरसालिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवमनोनीत अध्यक्ष ने कहा कि वह समाज हित में कार्य करेंगे और युवाओं को प्रेरित करेंगे। इस मौके पर अजय कुमार कारेखिमऊ, प्रवीण गुप्ता, राजकुमार हरदौलिया, उत्कर्ष सेठ, नितिन गुप्ता, बालकृष्ण सेठ, सुरेशचंद्र गुप्ता, अशोक कुमार, संतोष गुप्ता, राजेश गुपत, आदर्श चुपरा, हरगोविंद, संतोष गुप्ता, सतीशचंद्र सुहाने, निशांत गुप्ता, संजय छिरौल्या, नरेशचंद्र बिलइया, सक्षम गुप्ता, हर्षित गहोई, अंशुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## रोडवेज बस ने पोल में मारी टक्कर, 10 खंभे गिरे



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** सुबह रोडवेज बस ने 11000 बोल्ट के पोल में टक्कर मार दी, जिसके बाद एक एक कर 10 खंबे गिर गए। प्राप्त विवरण के अनुसार उरई के कालपी बस स्टैंड पर रोडवेज बस ने बैक करते समय 11000 वोल्ट के पोल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पोल गिर गया। और तारों में खिंचाव के कारण 10 खंबे गिर गए जिससे वहां हड़कम्प मच गया। गनीमत रही कि सुबह के वक़्त सड़कें सुनसान थी जिससे कोई बड़ा हादसा होने से बच गया। सूचना मिलने पर बिजली विभाग भाग ने उक्त लाइन में पावर कट किया। इस हादसे की सूचना जब उच्च अधिकारियों को हुई तो सिटी मजिस्ट्रेट, सी ओ सिटी, कोतबाली प्रभारी निरीक्षक तथा बिजली विभागभाग के अधिकारी मौके पर पहुचे और टूटी लाइनों को ठीक करवाया । इस मामले में बिजली विभाग के अवर अभियंता मुकुल वर्मा ने बताया कि मौके पर बस खड़ी हुई थी। बस का नंबर नोट कर लिया है। सम्बंधित विभाग से कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्यबाही की जाएगी। फिलहाल विद्युत आपूर्ति बाधित है। टूटे तारों को सही कराया जा रहा है ,जिससे जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति चालू की जा सके ।

## दुल्हन जेवर नगदी लेकर फरार हुई



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** दूल्हा सुहागरात के लिए कमरे में दुल्हन का इंतजार करता रहा और दुल्हन जेवर नगदी लेकर फरार हुई। पीड़ित ने मामले की सूचना कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खंडेराव निवासी सरस्वती ने पुलिस को बताया कि उन्हें अपने बेटे अमन की शादी करनी थी। उसने शादी के लिए कई लोगों के कह रखा था। इसी दौरान कोंच निवासी चरण सिंह उन्हें मिले। उन्होंने बताय कि वह उनके बेटे की शादी करा देगा। शादी के लिए उन्हें लड़की वालों को 70 हजार रुपये देने होंगे। बेटे की शादी कराने के चक्कर में उन्होंने बिचौलिये को पहले 40 हजार रुपये दे दिए। कुछ दिन पूर्व वह एक लड़की को लेकर आए और बताया कि वह गोरखपुर से लड़की पूजा को लेकर आए हैं। यह बेटी उनके बेटे से शादी करेगी। विश्वास में आकर 24 मार्च को छठी माता मंदिर पर शादी कराने के लिए पहुंच गए। शादी से पूर्व ही वह बाकी 30 हजार रुपये मांगने लगे। जिस पर उन्होंने बाकी रुपये भी दे दिए। इसके बाद मंदिर परिसर में विधि विधान से उन्होंने अपने बेटे अमन व पूजा की शादी हिंदू रीति रिवाजों के साथ संपन्न करा दी। शादी के बाद वह दुल्हन पूजा को लेकर घर आ गईं। पूजन आदि की रस्मों के बाद बेटा कमरे में दुल्हन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान पूजा शादी में चढ़ाए गए मंगलसूत्र, बिछिया, तोड़िया, पायल व पांच हजार रुपये नकद लेकर भाग निकली। रात में जब काफी देर तक पूजा बेटे के कमरे में नहीं पहुंची। तो उसकी तलाश शुरू की। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। महिला ने पुलिस से उसके जेवर व नकदी दिलाने की मांग की है। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# टीबी और श्वसन रोग विभाग द्वारा विश्व टीबी दिवस पर कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जे.एन. मेडिकल कॉलेज के टीबी और श्वसन रोग विभाग द्वारा तपेदिक के उन्मूलन के प्रति प्रतिबद्धता के साथ विश्व टीबी दिवस मनाया गया। विभाग के अध्यक्ष और राज्य टास्क फोर्स के उपाध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद शमीम के नेतृत्व में यह कार्यक्रम इस वर्ष के विश्व टीबी दिवस की थीम 'हां! हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं।' के साथ शुरू हुआ। प्रोफेसर मोहम्मद शमीम ने राष्ट्रीय रणनीतिक योजना 2017-2025 के अनुरूप, 2025 तक टीबी को समाप्त करने की देश की प्रतिज्ञा को पूरा करने के लिए सामूहिक प्रयासों की तात्कालिकता पर जोर दिया। उन्होंने जेएनएमसी में टीबी का पता लगाने और उपचार को बढ़ावा देने के लिए माइक्रोबायोलॉजी विभाग के सौजन्य से लिक्विड कल्चर जैसी उन्नत उपचार तकनीक की शुरुआत की घोषणा की। एनटीईपी के नोडल अधिकारी डॉ. नफीस अहमद खान ने इस बीमारी से निपटने में एनटीईपी कर्मचारियों, सलाहकारों रेजीडेंटस के समर्पण भाव की सराहना की। डॉ. इमराना मसूद ने टीबी संचरण के खिलाफ निवारक उपायों के बारे में बात की और कर्मचारियों से रोगियों और उनके परिवारों को खांसी के बारे में शिक्षित करने का आग्रह किया। डॉ. शहजाद अनवर ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण रणनीति, टीबी निवारक उपचार के महत्व को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी एनटीईपी डॉ. अतिया रोशन और डॉ. सामिया किरमानी, सलाहकारों, रेजीडेंटस और एनटीईपी कर्मचारियों ने भाग लिया। सांख्यिकी विश्लेषक श्री राजेश को टीबी रोगियों के प्रति उनके समर्पण भाव से कार्य करने के लिए सर्वश्रेष्ठ एनटीईपी स्टाफ 2023-24 के रूप में सम्मानित किया गया।

## एएमयू शिक्षक द्वारा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पेपर प्रस्तुत

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के उन्नत अध्ययन केंद्र के डॉ. एम. नजरूल बारी ने हिमाचल प्रदेश राज्य संग्रहालय, शिमला द्वारा 'इतिहास, कला, पुरातत्व और संस्कृति' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया और 'प्रारंभिक भारतीय कला में हिरण की विशेषता (एक पुरातन-साहित्यिक विश्लेषण)' पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। डॉ. बारी ने बताया कि विभिन्न किस्मों के जानवर प्राचीन काल से ही मानव जीवन का अभिन्न अंग रहे हैं और शिकार से परे, मनुष्यों और हिरणों के बीच एक विशेष संबंध का सबसे पुराना प्रमाण कफजेह (इजराइल) क्षेत्र में मध्य पुरापाषाण युग के मस्टरियन काल की एक कब्र में पाया जाता है। उन्होंने प्राचीन भारत में ब्राह्मणवादी, बौद्ध और जैन धर्मों की आस्था से संबंधित प्राचीन साहित्य में हिरणों के धार्मिक प्रतिनिधित्व का पता लगाया। प्राचीन भारतीय ग्रंथों में इस जानवर के शिकार का उल्लेख मिलता है, जिसमें कई देवी-देवताओं के साथ इसका संबंध भी शामिल है।

# अंधाधुंध वन कटान से सुहेलवा वन्य जीव प्रभाग के अस्तित्व को खतरा

अवधनामा संवाददाता

**पचपेड़वा/बलरामपुर।** सरकारी नियम और आदेशों को अनदेखा करते हुए विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते बड़े पैमाने पर जंगलों में हो रहा है अवैध कटान पर

**मोतीपुर हडहवा भोजपुर बिक्र फील्ड जलता है जंगल की लड़कियां**

**जंगलों के बीच धड़ल्ले से हो रहा है बेशकीमती हरे पेड़ों का अवैध कटान**

**अवैध कटान पर अंकुश लगाने में असफल दिख रहा वन विभाग**

अंकुश लगाने में वन विभाग असफल हो रहा है। वहीं एक तरफ जहां पर वन विभाग अधिकारियों के द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के दावे सिर्फ कागजों में ही दिखाई दे रहा है दूसरी तरफ धरातल पर जो तस्वीर दिखती है वह सच्चाई बयां कर रही है। अगर सूत्रों की माने तो वन विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों की मिलीभगत के चलते जंगलों मे बड़े पैमाने पर अवैध कटान किया जा रहा है। जिस पर अंकुश लगाने में वन विभाग विफल साबित हो रहा है। मामला सुहेलवा वन्य जीव



प्रभाग के भाभर रेंज से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है जहां पर आए दिन विभिन्न वन क्षेत्रों से जैसे की चन्दनपुर बीट, डुमरी बीट और वीरपुर बीट मे हो रहे अवैध कटान वन विभाग के दावे की पोल खोलने के लिए काफी है। वही जब इस विषय में उप प्रभागीय वन अधिकारी मनोज कुमार को पक्ष जानने के लिए किया गया फोन तक उन्होंने बिना जांच पक्ष देने से किया माना संवाददाता ने डिपो साहब से बात किया तो उन्होंने कहा जांच करके कार्रवाई किया जाएगा।

## आदित्य बने समाजवादी लोहिया वाहिनी के उपाध्यक्ष



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** आदित्य यादव को समाजवादी लोहिया वाहिनी लखनऊ का उपाध्यक्ष बनाया गया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री अखिलेश यादव जी की अनुमति और प्रदेश अध्यक्ष माननीय नरेश उत्तम पटेल जी के अनुमोदन और लोहिया वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष रामकरन निर्मल की संस्कृति पर श्री आदित्य कुमार यादव निवासी ग्राम फुसलौना देवरिया पोस्ट लौलाई, चिनहट लखनऊ को समाजवादी लोहिया वाहिनी लखनऊ का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष श्री शशीलेंद्र यादव ने पत्र के माध्यम से श्री आदित्य कुमार यादव को बधाई देते हुए उनसे अपेक्षा की है कि उनके मनोनयन से समाजवादी पार्टी और अधिक मजबूत होगी और श्री अखिलेश यादव जी के सिद्धांत, नीतियों, विचारों और उपलब्धियां को जन-जन व बूथ स्तर तक पहुंचने में सहायता प्राप्त होगी जिससे पार्टी और संगठन को मजबूती प्रदान की जा सकेगी।

## पेशी से एक दिन पहले अस्पताल में भर्ती हुए तौकीर रजा

**बरेली।** हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद मौलाना तौकीर रजा खां बुधवार को कोर्ट के सामने हाजिर नहीं हुए। पेशी से एक दिन पहले ही वह दिल्ली के अस्पताल में भर्ती हो गए हैं। रजा ने बीमारी का हवाला देकर अपने अधिवक्ता के जरिए कोर्ट में अर्जी लगवाई है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता आशीष सिंह ने जिला जज की अदालत में हाजिर होने का समय बढ़ाने की अर्जी दी, जिसे कोर्ट ने लेने से इनकार कर दिया। कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जा सकता है। फिलहाल, न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख एक अप्रैल नियत की है। साल 2010 दंगे के मास्टर माइंड तौकीर रजा खां की गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगाकर हाईकोर्ट ने 27 मार्च तक ट्रायल कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था। मौलाना तौकीर रजा खां के वकील आशीष कुमार सिंह ने बताया कि हालत बिगड़ने की वजह से वे दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती हैं।

# पूर्व विधायक विजय मिश्र की करोड़ों की संपत्ति कुर्क, पुलिस ने की कार्रवाई

**विजय के ऊपर दर्ज हैं 83 मामले**

**लखनऊ।** प्रयागराज शहर के अल्लापुर में स्थित पुराना साकेत हॉस्पिटल की बिल्डिंग को भदोही पुलिस ने बुधवार को कुर्क कर दिया। यह संपत्ति ज्ञानपुर के पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्र की बताई जा रही है। विजय मिश्र इस समय जेल में बंद हैं। उनके खिलाफ भदोही और प्रयागराज सहित यूपी के कई जिलों में विभिन्न आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आज की यह कार्रवाई भदोही पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत की है।

बड़ी संख्या में फोर्स के साथ अल्लापुर में पहुंची भदोही की पुलिस ने माफिया विजय मिश्र के इस करोड़ों की संपत्ति को कुर्क कर दिया। साथ ही मुनादी भी कराई गई। इसके पहले माफिया के कई करीबियों के साथ ही बेटी सीमा मिश्रा और भतीजे पूर्व ब्लाक प्रमुख मनीष मिश्र की भी करोड़ों की



संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। यह सभी संपत्ति प्रयागराज शहर के विभिन्न इलाकों में हैं। पुलिस के अनुसार माफिया की यह सारी संपत्ति आपराधिक कृत्य से बनाए गए धन से अर्जित की गई है। बाहुबली पूर्व विधायक विजय मिश्रा के ऊपर हत्या, लूट, छिनैती, मारपीट, संपत्ति हड़पने और दुष्कर्म सहित 83 मामले दर्ज हैं। इस समय वह आगरा जेल में दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहा है। इधर पुलिस लगातार उसके कुनबे और करीबियों पर कार्रवाई कर रही है। अपराध से अर्जित उसकी सम्पत्तियों को पुलिस लगातार जब्त करने का कार्य रही है। भदोही के जिला मजिस्ट्रेट विशाल सिंह की अदालत ने बीते 15 मार्च को प्रयागराज के बाघम्बरी गृह संस्थान योजना भवन संख्या 48 आधुनिक सुविधाओं से युक्त तीन मंजिला भवन, जो कि साकेत हॉस्पिटल के नाम से संचालित किया जा रहा था। उसे कुर्क करने का आदेश दिया था। इस भवन की अनुमानित कीमत 35 करोड़ पांच लाख रुपये है। इसे विजय मिश्रा ने अपने दामाद हरिशंकर मिश्रा के नाम से खरीदी थी। मजिस्ट्रेट ने कहा कि पूर्व विधायक ने अपने अवैध धन को वैध रूप देने के लिए इसे हॉस्पिटल के रूप में संचालित करा रहा है। इसी तरह जिला मजिस्ट्रेट ने सरिता विहार नई दिल्ली स्थित कोपिया बिल्डिंग के द्वितीय तल पर आधुनिक सुविधाओं से सुस्सजित भवन जिसकी अनुमानित कीमत 70 करोड़ और आनंद लोक नई दिल्ली के प्रथम तल आधुनिक सुविधाओं वाले भवन जिसकी कीमत आठ करोड़ रुपये है। उसे कुर्क करने आदेश दिया।

# भाजपा महानगर कार्यालय में होली मिलन में जुटे कार्यकर्ता



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** कैसरबाग स्थित महानगर कार्यालय पर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी को होली की शुभकामनाएं देने के लिए लखनऊ महानगर के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, सामाजिक संगठन, प्रकोष्ठ पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, धार्मिक संगठन के पदाधिकारी, व्यापारी वर्ग समेत बड़ी संख्या में होली की शुभकामनाएं देने पहुंचे। अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि होली दिलो को जोड़ने वाला त्योहार है रंगो का त्योहार सभी जीवन में उल्लास, उत्साह और नई ऊर्जा का संचार करे।

भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा मोदी का परिवार होली मिलन कार्यक्रम बड़े स्तर से बूथ स्तर पर 27, 28 मार्च को आयोजित जाएगा। महानगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, सौरभ वाल्मीकि, विजय भुर्जी, सतीश वर्मा, विशाल गुप्ता, दीपक शुक्ला, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी, मधुबाला, नर्मिता, एवम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सोनार समाज का होली मिलन समारोह मना

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** सोनार समाज लखनऊ द्वारा आज 42 वाँ होली मिलन समारोह एवं साँस्कृतिक कार्यक्रम चारबाग के रवीन्द्रलाय सभागार में आयोजित किया गया। जिसकी शुरुआत गणेश वंदना से हुई। मुख्य रूप संस्था के संरक्षक राम शरण रस्तोगी, प्रमोद कुमार वर्मा, अध्यक्ष रमेश चंद्र वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम चंद्र वर्मा उपाध्यक्ष कमलेश्वर सोनी, संगठन मंत्री शैलेन्द्र सिंह स्वर्णकार, संयोजक मोहित सोनी, कोषाध्यक्ष करुणा शंकर, महामन्त्री कृष्ण कुमार वर्मा सहित समस्त पदाधिकारियों एवं स्वर्णकार समाज ने हिन्दू समाज पार्टी से लखनऊ लोकसभा प्रत्याशी स्वर्णकार गौरव वर्मा को समर्थन किया एवं सदन पहुचाने का संकल्प लिया।



# पालिका की मनमानी के चलते अनेको वार्डो दूषित पानी से हो रहे परेशान

**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** नगर पालिका के मनमानी के चलते पुनः कई वार्डो में एक बार फिर दूषित पानी की सप्लाई होने के कारण पेयजल का संकट उत्पन्न होने के कगार पर है। जिससे स्थानीय लोगों में नगर पालिका के प्रति काफी आक्रोश है। सूचना के बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

प्रकरण जलालपुर नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 22 में बीते 4 महीना से दूषित पानी की सप्लाई लगातार हो रहा है। जिसको लेकर स्थानीय लोगो द्वारा कई बार प्रार्थनापत्र देकर दुरूस्त कराए जाने की मांग की है। स्थानीय लोगो द्वारा घरों में आ रहे दूषित पानी को बोतल में भर कर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी के पास पहुंचे तथी जल्द दुरुस्त कराये जाने के लिए लगभग एक घंटा इंतजार किया लेकिन अधिशासी अधिकारी अपने ऑफिस में न मिलने के कारण निराश होकर वापस चले गए। बताते चले कि बीते कई वर्ष पूर्व जलालपुर नगर के मोहल्ला छाछू, पश्चिम तरफ में दूषित जल के सप्लाई होने के कारण पीलिया, हेपेटाइटिस जैसी जानलेवा बीमारी का शिकार हो गए थे। बड़ी संख्या में इस गम्भीर बीमारी के फैलाने से डाक्टरों की एक टीम बीमारी से प्रभावित लोगों का ब्लड सैंपल व दूषित पानी का सैंपल लेकर जांच भी किया था। जिसका इलाज लोग आज भी करवा रहे है। उसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी क्षेत्रवासियों के जीवन से लगातार खिलवाड़ कर रहे है।जबकि इस गंभीर बीमारी के चपेट मे आने की वजह से जान भी गवां चुके हैं। इसके बावजूद भी पालिका प्रशासन मूक बना रहा। वही इस संबंध में अधिशासी अधिकारी यदुनाथ ने बताया की उसमापुर वार्ड में लगे पंप के बोरिंग खराब हो जाने के कारण बंद करवाया जा रहा था। लेकिन स्थानीय लोगो ने यह कहते हुए बंद न करने की अपील किया कि पंप बंद हो जाने से लोगो को और भी समस्याएं उत्पन्न हो जायेगी जबकि पीने का पानी तो अन्य जगह से व्यवस्था हो जायेगी। जिस पर पंप को बंद नही किया गया।

# सी विजिल ऐप पर की जा सकती है आदर्श आचार संहिता की शिकायत



**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत लोकसभा क्षेत्र अंबेडकरनगर में सकुशल/ पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उसी क्रम में आज जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापित जिला कांटेक्ट सेंटर, एमसीएमसी,वीडियो अवलोकल टीम एवं सी विजिल कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया।

वहां पर उपस्थित अधिकारियों /कर्मचारियों को गहनता पूर्वक निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया। यदि कोई शिकायत आती है तो चुनाव आयोग द्वारा दिए गए समय सीमा के अंतर्गत निस्तारित कराए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरसः पालन सुनिश्चित करें। जिला कांटेक्ट सेंटर द्वारा 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। इस टोल फ्री नंबर पर निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है, वही सी विजिल ऐप के माध्यम से निर्वाचन की गतिविधियों के संबंध में आमजन मानस शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसका निस्तारण आयोग द्वारा दिए गए समय के अंतर्गत सुनिश्चित कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सी विजिल ऐप के माध्यम से केवल मौके की फोटो व वीडियो लगाई जा सकती है।

इस प्रकार अगर कोई लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 का प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो कोई भी व्यक्ति इस ऐप के माध्यम से शिकायत कर सकता है शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा यदि शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जायेगा। इस दौरान मौके पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, जिला गन्ना अधिकारी, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सहित अन्य संबंधित आधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के निमित्त निकली कलश शोभायात्रा



**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढेकहरी बुजुर्ग में आज से प्रारम्भ होने जा रही नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के निमित्त महिलाओ ने कलश सर पर रखकर नंगे पांव चलकर मड़नी चौराहे के निकट सरयू नहर से कलश में जल भरा और भजन करती हुई पुनः वापस यज्ञ स्थल को लौट गई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रधान प्रतिनिधि अजय प्रताप व रिंकू चौधरी ने बताया कि 27 मार्च से प्रारम्भ होने वाली नौ कुण्डीय संगीतमयी गायत्री महायज्ञ आगामी 31 मार्च चलेगा। पांच दिनों तक चलने वाले इस संगीतमयी गायत्री महायज्ञ में जनमानस में विचार परिवर्तन हेतु नवचेतना जागरण नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। बुधवार को यज्ञ आरम्भ से पूर्व महिलाओ ने कलश में जल भरने हेतु नगे पांव पैदल चलकर सरयू नहर से जल भरा। इस दौरान भारी संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

## अनस अंसारी ने अल्लाह की रजा के लिए रखा रोजा

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** रमजान का पाक महीना चल रहा है। हर आकिल और बालिग पर रोजा रखना फर्ज है। रोजा रखने व इबादत करने से अल्लाह खुश होता है। रोजेदारों पर अल्लाह अपनी रहमतों की बारिश करता है। इस महीने में रोजा रखने से अल्लाह की रजा हासिल होती है। तपती धूप रोजेदारों का खूब इम्तेहान भी ले रही है। लेकिन रमजान में धूप और भीषण गर्मी की परवाह किए बिना डुमरियागंज नगर पंचायत निवासी 8वर्षीय अनस फिरोज पूत्र फिरोज अंसारी रोजा रखा। रोजे के साथ ही मासूम ने इबादत भी की। नमाज पढ़ी और कुरआन की तिलावत की। मासूम ने अल्लाह और उसके रसूल की रजा हासिल करने के लिए भूख व प्यास की शिद्दत बर्दाश्त की।



# बिना भेदभाव आम जनमानस को मिल रहा योजनाओं का लाभ




**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** मोदी और योगी जी कि सरकार बिना भेद भाव के सारी योजनाओं का लाभ आम जन मानस को प्राप्त हो रहा महिलाओं का सम्मान इस सरकार में सर्वोपरि रहा। उक्त विचार भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव राज्य सभा सांसद श्रीमती संगीता यादव ने बांसी विधान सभा के रमटिकरा, परसपुर, भकुरहवा, सोनखर में भाजपा प्रत्याशी जगदम्बिका पाल जी के समर्थन में आयोजित चौपाल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया।

सांसद संगीता यादव ने कहा कि राशन कार्ड, शौचालय, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना हो महिलाओं को पहली प्राथमिकता पर रखकर हमने देश के विकास योजनाओं का खाका खींचा जिससे भारत आज विकसित देश कि श्रेणी कि तरफ आगे बढ़ रहा। सांसद संगीता यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार अपराध मुक्त शासन कि परिकल्पना को उत्तर प्रदेश कि योगी सरकार ने साकार किया। मोदी जी ने देश के स्वाभिमान को विश्व में ऊंचा किया देश कि सुरक्षा को भरसोमंद बनाया आज आतंकवादी घटनाएं न के बराबर है आज कश्मीर फिर अपनी पुरानी रंगत में आ गया भारत सभ्यता संस्कृति सनातन कि परम्पराओं का वाहक बन चुका है। 500 सौ वर्षो बाद हमारे अराध्य रामलला जी अपने मंदिर में विराजमान हो चुके है। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष विधानसभा प्रभारी लाल जी त्रिपाठी, विधान सभा संयोजक दिलीप चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, राम स्नेही निशाद , महिला मोर्चा जिला महामंत्री अनुपमा सिंह दुबे , गुड़िया पांडेय, सरोज शुक्ल , प्रतिमा वर्मा, सुषमा मिश्र, शुशीला केवट, गायत्री, प्रतिमा, संगीता, बजरंगी वर्मा, रामकिंकर मिश्र, राजेन्दृतिवारि, प्रिंस शर्मा, अमरेंद्र सिंह, मनीष श्रीवास्तव, उमा मिश्र आदि महिला मोर्चा कि पदाधिकारी मौजूद रही।

## पंखे से लटकता मिला युवक का शव

**सिद्धार्थनगर।** बीती रात एक 34 वर्षीय युवक का शव पंखे से लटकता मिला। युवक का शव देख परिजनों सहित पूरे क्षेत्र में मातम छाया हुआ है। शव देख परिजनों ने डायल 112 कर दी सूचना दी, जिसपर उसका बाजार की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही में जुटी है। घटना थाना क्षेत्र उसका बाजार के सेमरा खुर्द गांव की है। जानकारी के अनुसार बीती रात 34 वर्षीय अनिल लोधी का शव पंखे से लटकता हुआ मिला। मृतक के पिता ने तुरंत पुलिस को मामले की जानकारी दी। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। घटना जिले के थाना क्षेत्र उसका बाजार के गांव सेमरा खुर्द की है। जहां मंगलवार रात अनिल लोधी का शव पंखे से लटकता हुआ मिला। जिसके बाद से परिवार में मातम छा गया।मृतक के पिता रामरक्षा ने बताया कि अनिल अपने कमरे में गया और कमरा बंद कर कुंडी लगा लिया। उसकी मां सुबह में जगाने के लिए आवाज दी जब किसी भी प्रकार का आवाज अंदर से नही आई, तो खिड़की के माध्यम से देखा तो अनिल पंखे से लटका हुआ था।

## शायान ने रखा जिन्दगी का पहला रोज़ा



शबाब हाईटेक व राशिद ताक़ीब के बेटे ने रखा रोज़ा, लोगो ने दुआओं के साथ की हौसला अफजाई

**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के हल्लौर में 15 माहे रमजान को चौदह वर्षीय और 7 वर्षीय छोटे बच्चों ने भी रोज़ा रख शाम को परिवार और चाहने वालो के साथ इफ्तार किया।

मुकद्दस रमजान में जहाँ बड़े बुजुर्ग रोज़ा रख रहे है वही छोटे छोटे बच्चे भी रोज़ेदार बनने में पीछे नही है। मंगलवार को इन्तेज़ार हुसैन शबाब के 14 वर्षीय पुत्र शायान ने अपनी ज़िंदगी का पहला रोज़ा रखा। पिछले पहर अपनी अम्मी दादी, दादा के साथ सेहरी खाने के बाद रोज़ा रखा। शाम को परिजनों ने एक वृहद रोज़ा अफ्तार पार्टी का इंतज़ाम किया जिसमें शायान के सारे दोस्तों के अलावा मुकामी गणमान्य लोगों ने अफ्तार पार्टी में पहुँचकर शायान को दुआओ से नवाजा और उपहार भी दिया व उज्जवल भविष्य की कामना की। इसी क्रम में हल्लौर निवासी राशिद ताक़ीब के 7 वर्षीय पुत्र शहरोज़ ने रोज़ा रखकर अल्लाह की इबादत किया। शाम को अपने दादा दादी बड़े पापा के साथ दोस्तो संग अफ्तार किया। इस मौके पर शहरोज़ ताक़ीब को उपस्थित लोगों ने दुआओ से नवाज़ा।

## लालगंज कुआनो नदी में पुल से किशोरी ने लगाई छलांग

**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** लालगंज थाना क्षेत्र के कुदरहा-लालगंज मार्ग पर लालगंज कस्बे के निकट कुआनो नदी पर बने पुल से 17 वर्षीय किशोरी ने बुधवार को सुबह पानी में छलांग लगा दी और डूबने लगी। आस पास के लोग डूबते युवती को देख स्थानीय पुलिस को सूचना दी। चौकी इंचार्ज लालगंज और पुलिस टीम ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से घंटो छानबीन के बाद बाहर निकलवाया लेकिन तब तक किशोरी की मौत हो चुकी थी। जिसकी पहचान लालगंज थाना क्षेत्र के हथियांव कला निवासी 17 वर्षीय हेवंती पुत्री रिंकू साहनी के रूप में हुई। पिता रिंकू साहनी ने बताया कि परिवार के साथ खेत में सरसों काटने गया था और बेटी हेवंती घर पर खाना बना रही थी। इसी बीच अचानक वह अपने घर से निकल कर लालगंज पुल पक्के पुल पर पहुंच कर नदी में छलांग लगा दी। थानाध्यक्ष लालगंज सुनील कुमार गौंड ने बताया कि शव का पंचनामा करा कर पीएम के लिए भेज दिया गया।



## लू प्रकोप व हीट वेव से बचाव को जारी किए निर्देश

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा लू प्रकोप एवं हीट वेव से बचाव हेतु जन सामान्य के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके क्रम में उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि कड़ी धूप में बाहर न निकले खासकर दोपहर 12 से 3 बजे तक के बीच में जितनी बार हो सके पानी पियें प्यास ना लगे तो भी पानी पिए हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहने। धूप से बचने के लिए गमछा टोपी छाता धूप का चश्मा जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें यात्रा करते समय अपने साथ पानी अवश्य रखें। अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी ।गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें और गीले कपड़ों को अपने चेहरे सिर और गर्दन पर रखें अगर आपकी तबीयत ठीक ना लगे या चक्कर आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। घर में बना पेय पदार्थ जैसे की लस्सी नमक चीनी का घोल नींबू पानी छाछ ।आम का पना इत्यादि का सेवन करें। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें अपने घर को ठंडा रखें पर्दे शटर आदि का इस्तेमाल करें रात में खिड़कियां खुली रखें। शराब चाय कॉफी जैसे पेय पदार्थ का इस्तेमाल न करें। धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को ना छोड़े खाना बनाते समय कमरे के खिड़की एवं दरवाजे खुले रखे हैं जिससे हवा का आना-जाना बना रहे नशीले पदार्थ शराब तथा अल्कोहल के सेवन से बचें उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें बासी भोजन न करें। खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्यूमीनियम पन्नी गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें ताकि बाहर की गर्म हवा को अंदर आने से रोका जा सके उन खिड़कियों या दरवाजा पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आती हैं काले पर्दे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुने और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें बच्चों व पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला ना छोड़े जहां तक संभव हो घर में ही रहे तथा सूर्य के संपर्क से बचें सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहे संतुलित हल्का व नियमित भोजन करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढक कर रखें। उन्होंने कहा कि को लू तापघात जानलेवा हो सकता है इससे बचाव ही उपचार है।

## बकरी चरा रहे बालक को ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिले के मालीपुर थाना अंतर्गत निवासी ग्राम रुदौली अदाई का रहने वाला मोहम्मद रेहान पुत्र मोहम्मद मुस्लिम बकरी चरा रहा था। ट्रैक्टर ने साइड मार दिया तो सूचना मिलते ही परिजन आनन फानन में उसे लेकर सीएससी जलालपुर गए।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना मालीपुर प्रभारी शिवांगी त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जानकारी है और तहरीर मिलते ही आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।घटना से ग्राम रुदौली अदाई में कोहराम मच गया।

# एसपी ने किया नवनिर्मित यातायात कंट्रोल रुम का फीता काटकर उद्धाटन



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह ने बुधवार को रिजर्व पुलिस लाईन सिद्धार्थनगर में स्थित नवनिर्मित यातायात कन्ट्रोल रुम का फीता काटकर उद्घाटन किया।

नवनिर्मित यातायात कन्ट्रोल रुम से थाना सिद्धार्थनगर के साड़ी तिराहा व सिद्धार्थ तिराहा, कस्बा शोहरतगढ़ में स्थित पुलिस बूथ व कस्बा इटवा चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों से यातायात नियन्त्रण व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की निगरानी की जायेगी तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी।

इस मौके पर सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक, सुजीत राय क्षेत्राधिकारी सदर/लाइन, बी.एन. गुप्ता प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी यातायात सहित पुलिस लाइन्स के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# आदर्श आचार संहिता का प्रहरी पोर्टल पर कर सकते हैं शिकायत

**शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अन्दर की जायेगी कार्रवाई : डीएम**

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरान्त आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के शिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा CVIGIL पोर्टल ( आदर्श आचार संहिता का प्रहरी ) उपलब्ध कराया है। जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने आमजन से अपील की है कि चुनाव समाप्त होने तक प्रलोभन, भ्रष्टाचार अथवा अन्य शिकायतों को CVIGIL Citizen App के माध्यम से किया जा सकता है। इस एप के माध्यम से केवल मौके की फोटो व वीडियो को ही लगाया जा सकता है।




शिकायत कर्ता की पहचान गोपनीय रखी जायेगी तथा शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अन्दर कार्यवाही की जायेगी। CVIGIL पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के निस्तारण के लिए विकास भवन में स्थित लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए संचालित कन्ट्रोल रूम से 24×7 निगरानी रखी जा रही है शिकायतकर्ता द्वारा CVIGIL पोर्टल पर शिकायत करते ही तत्काल कन्ट्रोल रूम से कार्यवाही की जाती है। पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्रत्येक विधानसभा में गठित एफएसटी ( फ्लांइग स्कवॉयड टीम ) द्वारा मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित की जाती है एवं शिकायत के निस्तारण की आख्या भी CVIGIL पोर्टल के माध्यम से सम्बन्धित एआरओ/एसडीएम को भेजती है। एआरओ / एसडीएम द्वारा कार्यवाही को अन्तिम रूप दिया जाता है। निस्तारण की रिपोर्ट प्रतिदिन निर्वाचन आयोग को प्रेषित की जाती है। शिकायतकर्ता भी CVIGIL Citizen App के माध्यम से शिकायत के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही की जानकारी ले सकता है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी जनपद वासियो से अपील किया है कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन सम्बन्धी शिकायत CVIGIL Citizen App के माध्यम से अवश्य दर्ज कराये। जिससे लोक सभा सामान्य निर्वाचन निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराया जा सके।

## मारने पीटने के मामलें में आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज

**गोल्हौरा सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र के पिपरा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर शनिवार की रात एक परिवार के कुछ लोगों को मारने पीटने के मामलें में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मारपीट व बलवा का मुकदमा पंजीकृत किया है।हालांकि दूसरे पक्ष ने भी तहरीर दिया है।पिपरा गांव निवासी बाबू राम की तहरीर पर गोल्हौरा थाना की पुलिस ने गांव के हरिओम, ओमप्रकाश पुत्र बेचन सहित आठ लोगों के खिलाफ गाली गलौज करने मारने पीटने व बलवा का मुकदमा पंजीकृत किया है।दूसरे पक्ष के हरिओम ने भी पुलिस को बाबू राम के परिजनों पर मारने पीटने का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया है।इस संबंध में थानाध्यक्ष गोल्हौरा अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि बाबू राम के परिवार के लोग घायलावस्था में थाने में आये थे। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर उनका इलाज व स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। दूसरे पक्ष के हरिओम की तहरीर के संबंध में उन्होंने कहा कि सी ओ इटवा को बताया गया है मामलें की जांच किया जा रहा है जांचोपरांत आवश्यक कार्यवाही किया जायेगा।

## पांच किलोमीटर दूर मिला किशोरियों का शव

**बांसी सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के भगौतापुर गांव में नदी में डूबी दोनो किशोरियों का शव डूबने के स्थान से पांच किलोमीटर दूर बंधवा ताल गांव के समीप नदी में मिला है। एक का शव चौबीस घंटे बाद मंगलवार को और दूसरी शव 48 घंटे बाद बुधवार की दोपहर में मिला है।। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चले कि सोमवार दोपहर बाद होली खेलने के बाद राप्ती नदी में नहाने गयी दो किशोरी डूब गयी थीं। भगौतापुर गांव में होली खेलने के बाद लगभग दो बजे गांव के लोग नदी में नहाने गये थे। इस बीच गहरे पानी में चले जाने से चार किशोरियां डूबने लगी जिसमे दो को लोगों ने बचा लिया और 15 वर्षीय झिनकी पुत्री बैनाम व 15 वर्षीय सुमन पुत्री इंदल डूब गयी थीं ।काफी तलाश के बाद मंगलवार की सुबह सात बजे पांच किलोमीटर दूर बंधवा ताल गांव के समीप सुमन पुत्री इंदल का शव मिला तथा बुधवार की दोपहर में बंधवा ताल गांव के समीप झिनकी पुत्री बैनाम का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में तीन घायल

**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर, अंबेडकर नगर।** दो बाइकों के आमने-सामने की भिड़ंत में जहां बाइकों के परखच्चे उड़ गए वही पांच लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार हेतु नगपुर अस्पताल ले जाया गया गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां दो की मौत हो गई। घटना जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के रामगढ़ रोड गौरा कमाल गांव के पास बुधवार दोपहर लगभग एक बजे घटित हुई।

जानकारी के अनुसार जैतपुर थाना क्षेत्र के चौदहप्रास गांव निवासी दिनेश ,पंकज व पिंटू एक बाइक पर सवार होकर जलालपुर से अपने घर जा रहे थे जबकि नेवादा की तरफ से जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के कन्नूपुर गांव निवासी शशांक व उत्कर्ष निवासी पिपरपुर जिला अमेठी एक बाइक पर सवार होकर आ रहे थे की दोनों बाइके जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के रामगढ़ रोड स्थित गौरा कमल के पास आमने-सामने भीड़ गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त हुई कि दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए और यह लोग तीतर बीतर घायल अवस्था में पड़े रहे। घायलों को राहगीरों द्वारा इलाज हेतु चिकित्सालय में भेजना का प्रयास किया जाता रहा परंतु कोई साधन उपलब्ध न होने की वजह से घंटे तक घायल अवस्था में सड़क पर तड़पते रहे । सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने घायलों को रास्ते से गुजर रहे पिकअप वाहनों से नगपुर अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार करते हुए पांचो घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचते ही वहां के डॉक्टरों ने जैतपुर थाना क्षेत्र के चौदहप्रास गांव निवासी पंकज 35 वर्ष व जलालपुर कोतवाली के कन्नूपुर गांव निवासी शशांक 17 वर्ष को मृत घोषित कर दिया जबकि दो गंभीर रूप से घायल उत्कर्ष व दिनेश को लखनऊ रेफर कर दिया गया जबकि पिन्टू का जिला अस्पताल मे इलाज चल रहा है। इस घटना पूरे क्षेत्र में माहौल गमगीन हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया घायलों को उपचार दिलाने के लिए राहगीरों द्वारा एंबुलेंस के लिए फोन किया जाता रहा परंतु घंटे बाद भी एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया साथ ही घायलों को जिला अस्पताल रेफर करने के लिए भी काफी मशक्कत करने के बाद एंबुलेंस पहुंची जिससे घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया गया एंबुलेंस की देरी पर लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। 17 वर्षीय मृतक शशांक के पिता अंबेडकर नगर न्यायालय में अधिवक्ता है सूचना पर अस्पताल पहुंचे बार संघ के पदाधिकारपदाधिकारियों व अधिवक्ता ने शोक संवेदना व्यक्ति करते हुए पीड़ित परिवार को ढांढस बधाया।

# चित्रगुप्त समिति के तत्वावधान में हुई भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना

**अवधनामा संवाददाता**



**उरई (जालौन)।** रंगों के त्योहार के बाद नगर के कायस्थों ने चित्रगुप्त समिति के तत्वावधान में चैत्र मास की द्वितीया को कुल देवता भगवान चित्रगुप्त की सामूहिक पूजा अर्चना की। जिसमें समाज के उत्थान पर चर्चा की। मोहल्ला नारोभास्कर स्थित वीरेंद्र भवन में कायस्थ समाज के कार्यक्रम में अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है कि सभी कायस्थ 12 उपजाति के उपनामों को छोड़कर कायस्थ लिखना शुरू करें।

सुशील श्रीवास्तव ने नई कार्यकारिणी से संगठन को मजबूत करने के लिए सभी से अपनी क्षमता व अपने स्तर से सहयोग करने की अपील की। इस दौरान कायस्थ समाज के लोगों ने कुल देवता भगवान चित्रगुप्त की सामूहिक पूजा अर्चना और आरती की। साथ ही कायस्थों के उत्थान व कल्याण के लिए प्रार्थना की। युवाओं और बच्चों ने जमकर गुलाल से होली खेली और मस्तिष्क पर अबीर लगाकर एवं गले मिलकर शुभकामनाएं दी। चित्रगुप्त समिति के अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव व मंत्री अरविंद श्रीवास्तव, संरक्षक रमेशचंद्र श्रीवास्तव दादा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शैलेंद्र श्रीवास्तव ने नगर के कायस्थ परिवारों में कुलदेवता को फोटो स्वरूप में पहुंचाने के लिए फोटो वितरित की। इस मौके पर दिलीप श्रीवास्तव, राजेंद्र श्रीवास्तव, मृत्युंजय श्रीवास्तव, विजय निगम, पंकज, अवनींद्र, श्रवण कुमार, कौशल किशोर, विनय, पवन, नरेंद्र, अरविंद, हिमांक, प्रतीक, सौरभ, अनुराग, अभिषेक, अजय, शेखर, विकास, नरेंद्र, जितेंद्र, पवन, पंकज, प्रखर, अनिल, सुधीर, गौरव, आदर्श, हरिओम आदि मौजूद रहे।

## ग्यारह दिवसीय रुद्र महायज्ञ कल से

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड कप्तानगंज के मलुकहीं गांव में ग्यारह दिवसीय रुद्र महायज्ञ के लिए कल शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह काला यात्रा यज्ञशाला परिसर से शुरू होगा जिसमें 2100 कन्याए शामिल होंगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान अजीत सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष पर 29 मार्च से ग्यारह दिवसीय रुद्र महायज्ञ का आयोजन शुरू हो रहा है। उन्होंने बताया कि दिन में प्रवचन उपेंद्र दास द्वारा तथा रात में वृन्दावन से आए कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जायेगा। रुद्र महायज्ञ का समापन 08 अप्रैल को वृहद भंडारे के साथ समापन होगा।

## सी-विजिल ऐप से मामले की करें शिकायत

**एटा अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने सूचित किया है कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल मोबाइल ऐप विकसित किया है। इस ऐप के माध्यम से नागरिक विभिन्न तरीके से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। सी-विजिल मोबाइल ऐप को गूगल प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सी-विजिल मोबाइल ऐप में आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी फोटोग्राफ, वीडियो या ऑडियो अपलोड कर सकते हैं। शिकायत दर्ज करने के 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ता को शिकायत करने के लिए अपना नाम और मोबाइल नंबर देने की कोई बाध्यता नहीं है लेकिन अगर शिकायतकर्ता अपने नाम या मोबाइल नंबर से शिकायत करता है तो अपनी शिकायत की स्थिति में हुई कार्यवाही को देख सकता है।

## इस्लामोफोबिया

पाकिस्तान आर्थिक और राजनैतिक संकटो से गुजार रहा है पर उसकी संकीर्ण धार्मिक अन्धता में कोई फर्क नही आ रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस्लामोफोबिया पर प्रस्ताव पेश किया। 193 सदस्यीय महासभा में 115 दशों ने पक्ष में मतदान किया। भारत सहित 44 देश मतदान से दूर रहे। इस दौरान पाकिस्तान के दूत ने अयोध्या के राम मन्दिर का भी जिक्र किया तो भारतीय प्रतिनिधि ने आपत्ती जतायी।

भारत ने प्रस्ताव से दूरी बनाते हुये कहा सिर्फ एक धर्म के बजाय हिन्दू, बौद्ध, सिख, अन्य धर्मो के साथ हिंसा और भेदभाव का वर्ताव हो रहा है। इनके खिलाफ भी धार्मिक भंय की व्यापकता को स्वीकार करना चाहिये। इस तरह का फोबिया या पूर्वाग्रह अब्राहिमी धर्मो से परे भी फैला हुआ है। बात सच भी है। दुनियां देख रही है। इस्राइल और हमास का युद्ध ज्वलन्त उदाहरण है। और भी छोटे छोटे देशों में धर्मान्धता को लेकर युद्ध चल रहे है। पाकिस्तानी दूत ने शरारतन सीएए का जिक्र करते हुये राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा का भी जिक्र किया। भारतीय प्रतिनिधि ने दृढ़ता से विरोध करते हुये कहा यह गुमराह करने वाला संकुचित दृष्टिकोण है। दुर्भाग्यपूर्ण भी है। पाकिस्तान हर जगह भारत विरोध का मौका ढूढ़ता रहता है। पाकिस्तान ने इस्लामोंफोबिया से निपटने के लिये दूसरों उपायों के साथ ही इसके लिये यूएन के विशेष दूत की नियुक्ति के लिये भी कहा। भारत ने एक विशेष धर्म के लिये एक विशेष दूत की नियुक्ति का विरोध कर भारत का पक्ष बड़े साफ मोई के साथ रक्खा। भारतीय प्रतिनिधि ने कहा डर का माहौल इब्राहीम धर्मो से परे भी है। हिन्दू विरोधी बौद्ध विरोधी सिख विरोधी वारदातें को बढ़ाने वाले तत्व भी है। सिर्फ इस्लामोफोबिया पर ही नहीं दूसरे धर्मो पर बढ़ रहे हमलों और उनसे पैदा हो रही दिक्कतों पर भी चर्चा होनी चाहिये।

इस सन्दर्भ में यून मुखिया एटोनियों गुटेरेस की अपील काबिले गौर है। उन्होंने अपील की सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने और पैदा करने वाली बातें न फैलायी जाये। जब से डिजिटल क्रान्ति आई है, संचार के नये नये माध्यमों को अविष्कार हुआ है और हो रहा है। आदमी के दिमाग में चिप बैठाने की बात हो रही है। मानवता के कल्याण के लिये इनका उपयोग के सराहनीय है। अविष्कार मानव के कल्याण के लिये किये जाते है। पर कुछ लोग इसका गलत इस्तेमाल कर अविष्कार की मेहनत पर पानी फेरते हुये मानवता की सम्भयता, स्थिरता, सांस्कृतिक आर्थिक उन्नति सामाजिक सौहार्द, का तानाबाना बिगाड़ने में कर रहे है। इसका सबसे ज्वलन्त और भयावह दृष्टान्त एटमबम का अविष्कार है। आईन्स्टीन ने सभ्यता और दुनियां के विनाश करने के लिये अविष्कार नहीं किया था। सोशल मीडिया पर नकेल जरूरी हो गया है। नियम कुछ बने है पर पूरी तरह कारगर नही हो पा रहे है। यूएन चीफ ने बहुत ठीक बात कही है कि मुस्लिम में नफरत और कट्टरता की लहर बढ़ती जा रही है। अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतन्त्रता की रक्षा होनी चाहिये। मीडिया को भड़काऊ विषयों से परहेज करना चाहिये।

प्रश्न उठता है मुस्लिमों को साथ कट्टरता और नफरत क्यों बढ़ती जा रही है। मुसलमान भाई जिस देश में रह रहे है वहां की मुख्यधारा में क्यों शामिल नही हो पाते है। कुछ लोगो अपने बच्चो को ऐसे स्कूलों में भेजते है जो बच्चों को इस्लामी कट्टरता गैर इस्लामी लोगो के लिये नफरत पैदा करते है, दूसरे धर्मो के साथ दुश्मनी पढ़ाते है। जिस देश में मुसलमान भाई रह रहे है वहां के कुछ लोग इस्लामी संगठनों जिहादी संगठनों से पैसा लेकर जहां रहते है वहां नफरत भर कर धर्म परिवर्तन कराते रहते है। ऐसे लोग जब तक सुधरेगे नहीं जब तक जिस देश में है वहां के प्रति निष्ठा नही रखगे वहां के कानूनों को मानगे नही तब तक इस्लामोंफोबिया खत्म नही होगा। मुसलमानों भाई जहां रह रहे वही की मुख्य धारा में शामिल हो। विश्व शान्ती में योगदान दें।

## मीडिया को पक्षपात पूर्ण राजनीति के लिए युद्ध का मैदान बनाने से रोकना होगा



किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर प्रिंट,इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया का दुनियां के हर देश को उसके विकास की पहचान दिलाने वाला एक सशक्त मीडिया संसाधन है,जो न केवल अंतर्राष्ट्रीय बल्कि राष्ट्रीय स्तरपर भी मीडिया न्यायपालिका कार्यपालिका और विधानपालिका के बाद चौथा स्तंभ के रूप में कहा जाता है जिसका महत्व आदि अनादि काल से ही रहा है। वहीं भारत को स्वतंत्रता दिलाने वाले कारकों में मीडिया की भी गिनती होती है, महात्मा गांधी से लेकर अनेक नेतृत्व कर्ताओं ने मीडिया के महत्व को रेखांकित किया है। जहां वर्तमान परिपेक्ष में मीडिया के अति विकास प्रौद्योगिकी युग में डिजिटलाइजेशन के चलते रेडियो के माध्यम से अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति के पास भी पूरी जानकारी पहुंचाने में मीडिया का काफी योगदान रहा है वहीं मीडिया में कुछ विसंगतियां भीउत्पन्नहोना शुरू हो चुकी है, स्वतंत्र मीडिया पर कुछ परत बैठी हुई नजर आने लगी है। कोई उसे इस राजनीतिक संस्थान की विचारधारा वाला मीडिया हाउस हैकहता है तो कोइ उसे उसराजनीतिक पार्टी की विचारधारा वाला मीडिया कहता है। यह स्थिति आम जनता रेखांकित कर रही है। मैं स्वयं 25 वर्षो से टीवी चैनलों पर डिबेट में बहुत सी बातें इस संबंध में मार्क करते रहता हूं। मीडिया को माननीय उपराष्ट्रपति ने दिनांक 15 सितंबर 2023 को और फिर दिनांक 23 मार्च 2024 को भी आग्रह किया है कि मीडिया को पक्षपात पूर्ण राजनीति के लिए युद्ध का मैदान बनाने से रोकना होगा, क्योंकि जनता में मीडिया की विश्वसनीयता उसकी सबसे बड़ी पूंजी है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को एक स्वतंत्र और उद्देश्यपूर्ण दृष्टिकोण से जनता के प्रति अपने कर्तव्यों को रेखांकित करना होगा ताकि विश्वास बना रहे।

साथियों बात अगर हम दिनांक 23 मार्च 2024 को माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा एक कार्यक्रम में मीडिया के संबंध में विचारों की करें तो, उपराष्ट्रपति महोदय ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका और सामाजिक प्रवचन पर इसके प्रभाव को स्वीकार करते हुए, एक स्वतंत्र और उद्देश्यपूर्ण मीडिया की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, मीडिया को भारत को समझने के लिए सही दृष्टिकोण बताने वाला एजेंट बनना चाहिए, न कि हमारी छवि खराब करने वाले सुनियोजित आख्यानों का शिकार बनना चाहिए। उन्होने मीडिया की विश्वसनीयता और स्व-नियमन के मुद्दों पर बात करते हुए, इस बात पर बल दिया कि मीडिया की विश्वसनीयता वस्तुनिष्ठ होने और राजनीति में शामिल न होने से पूरी तरह से उसके नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, अगर मीडिया जगत अपनी अंतरात्मा का ख्याल रखेगा तो वह देश की अंतरात्मा का रक्षक बनकर उभरेगा उपराष्ट्रपति महोदय ने मीडिया के राजनीतिकरण के प्रति आगाह करते हुए कहा, मीडिया एक पंजीकृत मान्यता प्राप्त या गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल नहीं हो सकता है। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि मीडिया को सभी सावधानियां बरतनी चाहिए ताकि वह पक्षपातपूर्ण राजनीति के लिए युद्ध का मैदान न बन जाए। उन्होने गलत सूचना और फर्जी खबरों की चुनौतियों का जिक्र करते हुए,निगरानी रखने और ऐसी गलत सूचनाओं पर अंकुश लगाने के लिए मीडिया के दायित्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, जागरुक जनता लोकतंत्र की मज़बूत रीढ़ की हड्डी है। उपराष्ट्रपति महोदय ने अपने संबोधन में मीडिया उद्योग के सभी वर्गो से आर्थिक राष्ट्रवाद को अपनाने की अपील की। उन्होने दूसरी श्रेणी और तीसरी श्रेणी के शहरों में काम करने वाले युवा पत्रकारों द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा करते हुए उनका साथ देने का अह्वाहन किया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**गाजा पट्टी में हिंसक टकराव पर विराम लगाने के लिए सुरक्षा परिषद की कई बैठकें हो चुकी हैं, मगर फिलहाल यह सम्भव नहीं हो पाया है। नवम्बर 2023 में एक सप्ताह के लिए लड़ाई रोकी गई थी और गाजा से बंधकों और इस्राइल से फलस्तीनी बंदियों की अदला-बदली हुई थी। मगर, इसके बाद लड़ाई फिर भड़क उठी और इसमें तेजी आई है। गाजा में मृतक संख्या और भूख व कुपोषण से प्रभावित फलस्तीनियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके मद्देनजर लड़ाई को जल्द से जल्द रोके जाने और मानवीय पीड़ा पर मरहम लगाने की मांग भी प्रबल हो रही है।**

# ग़ाज़ा पट्टी में युद्ध विराम की जरूरत



ललित गर्ग

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को, ग़ाज़ा पट्टी में युद्ध और मानवीय पीड़ा पर विराम लगाने के लिए, तत्काल युद्धविराम लागू किए जाने और तमाम बन्धकों की तत्काल व बिना शर्त रिहाई की मांग करने वाला एक नया प्रस्ताव पारित कर दिया है। यह प्रस्ताव, 11 मार्च को शुरू हुए रमजान के महीने की करुण एवं मानवीय पुकार है, साथ ही, इसराइल पर हमलों के दौरान बन्धक बनाए लोगों में से शेष 130 लोगों को रिहा किए जाने की मांग है। हमास एवं इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध को विराम देकर, शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को दृढ़ता से शांति प्रयास एवं युद्ध विराम को लागू करना ही चाहिए। मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देनी चाहिए। इन दोनों देशों को अभय बनकर विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यह समय की नजाकत को देखते हुए जरूरी है और इस जरूरत को महसूस करते हुए दोनों देशों को अपनी-अपनी सेनाएं हटाने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। ग़ाज़ा में विशाल स्तर पर उपजी आवश्यकताओं और ज़रूरतमन्द आबादी तक मानवीय सहायता पहुँचाएं जाने की भी जरूरत है, क्योंकि वहां के लोग भुखमरी के कगार पर पहुँच चुके है।

छह महीने से जारी इस भयंकर जंग के दौरान यह पहला मौका है, जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का प्रस्ताव पारित किया है। यह इसलिए संभव हुआ कि अमेरिका ने इसे वीटो करने से परहेज किया। निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद का यह प्रस्ताव विश्व जनमत से उपजे दबाव की अभिव्यक्ति है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध विराम देने के प्रस्ताव को बल देना चाहिए और इसे लागू करने के प्रयास करने चाहिए। पिछले सात अक्टूबर को हमास की ओर से किए गए आतंकी हमले के खिलाफ जब इस्राइल ने कार्रवाई की बात कही तो अमेरिका और भारत समेत तमाम देशों की सहानुभूति उसके साथ थी। लेकिन इस्राइल ने जिस तरह से गाजा में हवाई हमले शुरू किए और वहां से आम लोगों के हताहत होने की खबरें आने लगीं, उसके बाद यह आवाज तेज होती गई कि इस्राइल को अपने अभियान का स्वरूप बदलना चाहिए। अब तक गाजा में करीब 32 हजार लोगों के मारे जाने की खबरें हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। भारत हमेशा युद्ध-विरोधी रहा है, युद्ध-विराम की उसकी कोशिशें निरन्तर चलती रही है। किसी भी देश में यह भ्रम पैदा नहीं होना चाहिए कि भारत हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा है। भारत ने उचित ही संयुक्त राष्ट्रसुरक्षा परिषद को यह भी बता दिया है कि वह सभी संबंधित पक्षों के संपर्क में है और उनसे बातचीत की मेज पर लौटने का आग्रह कर रहा है। निस्संदेह, भारत को मानवता के पक्ष में शांति, युद्ध-विराम और राहत के प्रयासों में जुटे रहना चाहिए। भारत के ऐसे प्रयासों का ही परिणाम है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का ऐसा प्रस्ताव पारित किया है।



गाजा पट्टी में हिंसक टकराव पर विराम लगाने के लिए सुरक्षा परिषद की कई बैठकें हो चुकी हैं, मगर फिलहाल यह सम्भव नहीं हो पाया है। नवम्बर 2023 में एक सप्ताह के लिए लड़ाई रोकी गई थी और गाजा से बंधकों और इस्राइल से फलस्तीनी बंदियों की अदला-बदली हुई थी। मगर, इसके बाद लड़ाई फिर भड़क उठी और इसमें तेजी आई है। गाजा में मृतक संख्या और भूख व कुपोषण से प्रभावित फलस्तीनियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके मद्देनजर लड़ाई को जल्द से जल्द रोके जाने और मानवीय पीड़ा पर मरहम लगाने की मांग भी प्रबल हो रही है। दुनिया के किसी भी हिस्से में मानवता का इस तरह पीड़ित एवं मर्माहत होना शर्म की बात है। इस शर्म को लगातार ढ़ोते रहना शक्तिसम्पन्न एवं निर्णायक राष्ट्रों के लिये शर्मनाक ही है। अब एक सार्थक पहल हुई है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए।

समूची दुनिया और उसके देश हमास एवं इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध को विराम देने की अपेक्षा महसूस करते हुए लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन अफसोस की बात थी कि अलग-अलग देशों में हो रहे प्रदर्शनों में व्यक्त होती जनभावना एवं मानवता की पुकार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के रूप में बाहर नहीं आ पा रही थी। खुद अमेरिका इससे पहले गाजा युद्ध विराम से जुड़े तीन प्रस्ताव को वीटो कर चुका था। सोमवार को मतदान से अलग रहते हुए भी उसने इस प्रस्ताव को पारित होने दिया, जो उसके अब तक के रुख में अहम बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी रुख में आए इस कथित बदलाव पर इस्राइल ने भले ही तीखी प्रतिक्रिया जताई। इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने इसी सप्ताह बातचीत के लिए अमेरिका जाने वाले एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के कार्यक्रम को रद्द करने की घोषणा कर दी। हालांकि अमेरिका ने अपने रुख में बदलाव से इनकार किया है, लेकिन फिर भी माना जा रहा है कि अमेरिका का ताजा कदम इस बात का स्पष्ट संकेत है कि इस्राइल उसके समर्थन को तय मानकर न चले। भले ही अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की नाकामी ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक क्षेत्र में एक रिक्तता पैदा करते हुए संकट को गहराया है लेकिन अब अमेरिका के बदले रूख से युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होने की संभावनाएं हैं। अमेरिका के रुख में यह बदलाव और सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव सकारात्मक संकेत हैं। लेकिन फिर भी इनके संभावित परिणामों को लेकर अभी धुंधलके ही छाये हैं, किसी निष्कर्ष एवं निर्णायक मोड में पहुंचने की बात अभी जल्दबाजी ही प्रतीत हो रही है। हालांकि अभी बात इस्राइल और फलस्तीन के बेहद लंबे और जटिल विवाद की नहीं, बस गाजा में चल रहे युद्ध को बंद करने और बंधकों को रिहा करने की संभावनाओं तक सीमित है। लेकिन यह सीमित लक्ष्य भी तमाम अनिश्चितताओं से घिरा है। ऐसे में फिलहाल सिर्फ यह उम्मीद और अपील की जा सकती है कि सभी संबंधित पक्ष इस मामले में सकारात्मक और लचीला रुख अपनाएं।

बात भले ही अभी गाजा में युद्ध-विराम की हो, लेकिन युद्ध कहीं भी हो, विनाश का ही कारण है, विकास को अवरूद्ध करने एवं शांति एवं अमन को बाधित करने का जरिया है। युद्ध तो लम्बे समय से रूस एवं यूक्रेन के बीच भी चल रहा है। हमाम और इस्राइल भी लम्बे समय से युद्धरत है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा। विश्वशांति एवं मानवता की रक्षा का ध्यान रखते हुए युद्धरत देशों को युद्ध विराम के लिये अग्रसर होना चाहिए। जब तक युद्धरत देशों के अहंकार का विसर्जन नहीं होता तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में तैरती रहेगी, इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे। मंगल कामना है कि अब मनुष्य यंत्र के बल पर नहीं, भावना, विकास और प्रेम के बल पर जीए और जीते।

# विपक्ष विहीन चुनावः एक दल एक नेता प्रणाली की ओर ले जाने की साज़िश

**वीर योद्धा महाराणा प्रताप का गुण गान करते समय संघी अक्सर बताते हैं की वह अपने पास दो तलवारें रखते थे और यदि दुश्मन के हाथ से तलवार गिर जाए या टूट जाये तो वह अपनी दूसरी तलवार दे कर उससे युद्ध करते थे अर्थात वह किसी निहत्थे पर वार नहीं करते थे यह बहादुरी की एक अलामत भी है और मानवीय श्रेष्ठता की भी पहचान है चलिए मध्य युग की इस सच्ची हो या कपोल कल्पित बात को छोड़ते हैं हमारे अपने लोकतंत्र में भी ऐसी मिसालें मौजूद हैं जब विपक्ष के नेता की उसके प्रतिद्वन्द्वी ने भर पूर मदद की।**



उबैद उल्लाह नासिर

एक तरफ तो यह दावा है की अबकी बार चार सौ पर दूसरी तरफ डर ऐसा है की प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के बैंक खाते जब्त करा के उसे पंगु कर देने की साज़िश की गयी है ताकि वह चुनाव ही न लड़ सके और यदि लड़े भी तो इतनी संसाधन विहीन हो की एक पोस्टर तक न छपवा सके, एक तरफ अपने खजाने में एलेकटोरल बांड और अन्य स्रोतों से प्राप्त किया खरबों रुपया है साथ में सरकारी साधनों द्वारा प्रचार और दौरों की सहूलत दूसरी ओर संसाधन विहीन विपक्ष। यह कैसा मुकाबला होगा यह कैसा चुनाव होगा समझा जा सकता है। चुनाव से पहले विपक्ष के नेताओं पर तरह तरह के इलज़ाम लगा के उन्हें जेल भेजा जा रहा है लेकिन जो उनके साथ हो जाता है उसके सात खून भी माफ़ कर दिए जाते हैं। साम दाम दंड भेद सभी हथकंडे अपना कर विपक्ष के नेताओं को तोड़ा जा रहा है। यह लोकतंत्र की खुले आम हत्या हो रही है जिसका जवाब जनता को ही देना होगा क्योंकि यदि हमारा लोकतंत्र न बचा तो देश को इसके मौजूदा स्वरुप में बचाए रखना भी दुष्कर हो जायेगा। जिन देशों में लोकतन्त्र नहीं था वहां की जनता ने बहत संघर्ष कर के लोकतन्त्र प्राप्त किया लेकिन हमें आज़ादी के बाद बिना संघर्ष के लोकतंत्र मिल गया तो हम उसे बचा नही पा रहे हैं।

मोदी जी लोकतंत्र की जड़ों में मट्ठा डाल कर वास्तव में आरएसएस की विचारधारा को ही लागू कर रहे हैं। सभी जानते हैं की आरएसएस न तो इस संविधान को चाहती थी न ही लोकतांत्रिक व्यवस्था को, अब तक वह मजबूरी में खामोश रही थी लेकिन अब जब उसे जनता ने ताक़त दे दी है तो वह अपनी विचारधारा लागू करवा रही है। विगत दस वर्षों में संविधान की आत्मा को मार दिया गया है इस चुनाव के बाद उसके शब्दों को भी समाप्त कर दिया जायेगा। बीजेपी आरएसएस के कई नेता कई बार अपना यह मंसूबा ज़ाहिर कर चुके है। वह देश में मनु स्मृति लागू कर के इसे हिंदू राष्ट्र बनाने के बहुत करीब पहुंच चुके हैं। मोदी जी भी रूस के पुतिन चीन के ज़ीशिंगपी ह.कोरिया के किम इल जोंग टर्की के तय्यब अर्दगान और बंगला देश की शेख हसीना वाजिद की तरह एक दल एक नेता की ओर भारत को ले जा रहा हैं मगर राहुल गांधी और कांग्रेस उनकी राह का सब से बड़ा रोड़ा बने हुए हैं जिसको हटाने के लिए वह तमाम अनैतिक हथकंडे अपना रहे हैं।

2024 का यह आम चुनाव देश की दिशा और दशा दोनों तय करेगा। लोकतंत्र और चुनाव केवल संख्या का खेल नहीं है बिना नैतिकता आदर्श उसूल और कानून की पाबंदी के यह खिलवाड़ बन के रह जाता है। बहुत से देशों में ऐसा ही लोकतंत्र पाया जाता है मगर भारत का लोकतंत्र बहुत जीवंत था जिसे अब घुन लग गया है। वीर योद्धा महाराणा प्रताप का गुण गान करते समय संघी अक्सर बताते हैं की वह अपने पास दो तलवारें रखते थे और यदि दुश्मन के हाथ से तलवार गिर जाए या टूट जाये तो वह अपनी दूसरी तलवार दे कर उससे युद्ध करते थे अर्थात वह किसी निहत्थे पर वार नहीं करते थे यह बहादुरी की एक अलामत भी है और मानवीय श्रेष्ठता की भी पहचान है चलिए मध्य युग की इस सच्ची हो या कपोल कल्पित बात को छोड़ते हैं हमारे अपने लोकतंत्र में भी ऐसी मिसालें मौजूद हैं जब विपक्ष के नेता की उसके प्रतिद्वन्द्वी ने भर पूर मदद की।




प्रधान मंत्री जवाहर लाल नेहरु के दामाद फ़िरोज़ गाँधी रायबरेली से चुनाव लड़ते थे लोहिया जी ने वहां से उनके खिलाफ एक पंडित जी को मैदान में उतारा नामाकन के अंतिम दिनों तक जब उनका नामांकन नहीं हुआ तो फ़िरोज़ गांधी ने अपने कार्यकर्ताओं से पूछा की नामांकन का कल अंतिम दिन है पंडित जी का नामांकन क्यों नही हुआ तो उनके कार्यकर्ताओं ने बताया की पंडित जी के पास आवश्यक फीस के पैसे नहीं हैं फ़िरोज़ गांधी ने तुरंत उनको पैसे भिजवाये और चुनाव प्रचार के लिए एक जीप भी भिजवा दी थी पंडित जी जब भी दिल्ली जाते थे तो फ़िरोज़ गाँधी के बंगले पर ही ठहरते थे और उनका पूरा खर्च फ़िरोज़ गांधी उठाते थे। यह हमारे लोकतंत्र की उस युग की सुनहरी यादें हैं जब लोकतंत्र बिलकुल नया नया था लेकिन उसूलों और आदर्शों पर पूरी तरह कायम था सियासी विरोध दुश्मनी नहीं समझा जाता था आम तौर से यह भी ध्यान रखा जाता था की बड़े नेताओं के मुकाबले कोई उनके ही टक्कर का बड़ा नेता न चुनाव लादे क्योंकि सदन में ऐसे नेताओं की आवश्यकता होती थी। तब विपक्ष ही नहीं खुद सत्ता पक्ष के सदस्य भी अपनी ही सरकार से सवाल पूछते थे उसकी बखिया उधेड़ते थे यहाँ तक की सरकार को जवाब देना मुश्किल हो जाता था इन्हीं फ़िरोज़ गांधी ने एक बीमा कम्पनी के मामले में अपने ससुर प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु की नाक में दम कर दिया था और उन्हें अपने वित्त मंत्री टी टी कृष्णमाचार्य से इस्तीफ़ा लेने पर मजबूर होना पडा था आक्सैचिन पर चीन के कब्जे के बाद जब पंडित नेहरु से सदन में कहा की वह ज़मीन का एक ऐसा टुकड़ा है जहाँ एक घास भी नहीं उगती तो उन्कि ही पार्टी के सदस्य और मंत्री रहे महाबीर त्यागी ने खड़े हो के अपने गंजे सर पर हाथ फेरते हुए कहा की पंडित जी मेरे सर पर भी एक बाल नहीं उगता तो क्या मैं अपना सर कटवा दूँ ? राजीव गांधी अब तक सब से अधिक सांसद ले कर प्रधान मंत्री बने थे जो चाहते सदन में वैसा कानून बनवा लेते लेकिन पोस्टल बिल वापस लेने पर मजबूर हो गए थे क्योंकि राष्ट्रपति ज्ञानी जेल सिंह ने उसे मंजूरी देने से इनकार कर दिया था ,बोफोर्स का मामला उठा तो उनके वित् मंत्री वी पी सिंह ने विरोध किया और मंत्री पद से इस्तीफ़ा दे दिया शाह बानो मामले में सरकार के फैसले से नाराज़ आरिफ मोहम्मद खां ने केबिनेट से इस्तीफ़ा दे दिया था यह हमारे जीवंत लोकतंत्र की मिसालें और ऐसी हज़ारों मिसालें भरी पड़ी हैं।मगर अब सत्ता पक्ष के सदस्यों के केवल दो काम है विपक्ष को गरियाना और मोदी जी के भाषण पर ताली बजाना। सोचिये 150 सांसदों को सस्पेंड कर के जब कानून बना लिया जाए और राष्ट्रपति उसे मंजूरी भी दे दें तो हमारा लोकतंत्र कहाँ जा रहा है? नोटबंदी के एलान के कुछ दिनों बाद ही मोदी जी जापान के दौरे पर गए थे वहां नोटबंदी से परेशान जनता का अपने विशेष अंदाज़ में मज़ाक़ उड़ाते हुए उन्होंने कहा था बिटिया की शादी है जेब में पैसे नहीं उनका यह बयान उनके Insensitive होने का सुबूत था आज प्रमुख विपक्ष के सामने उन्होंने वही हालात पैदा कर दिए हैं चुनाव का एलान हो चुका है और प्रमुख विपक्ष एक एक पैसे का मोहताज कर दिया गया है और विपक्ष के बड़े नेताओं को जेल भेजा जा रहा है।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को रोज़गारपरक शिक्षा बनाने की ज़रूरत

**कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण केवल घर के पुरुष सदस्य ही नहीं, बल्कि महिलाएं भी काम करती हैं। जो महिलाएं पुरुषों के साथ पलायन नहीं करती हैं वह आसपास के खेतों में दैनिक मजदूर के रूप में काम करती हैं ताकि घर की आमदनी को बढ़ाया जा सके। इस संबंध में गाँव की 34 वर्षीय महिला गंगा देवी कहती हैं कि रोजगार के मामले में महिलाओं की स्थिति बहुत दयनीय है। अधिकतर महिलाएं उच्च जाति के लोगों के घरों में साफ सफाई का काम करती हैं। कुछ महिलाएं उनके खेतों में मजदूर के रूप में भी काम करती हैं ताकि वह घर की जरूरतों को पूरा कर सकें।**



नीलम चौहान

हमारे देश में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए समय समय पर योजनाएं और नीतियां बनाई जाती रही हैं। नई शिक्षा नीति 2020 इसका प्रमुख उदाहरण है, इस शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य एक ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करना है जिससे सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त हो सके। जिसके माध्यम से देश में विकास और परिवर्तन को संभव बनाया जा सके। खास बात यह है कि इस शिक्षा नीति में राज्यों को यह अधिकार दिया गया है कि वह अपनी आवश्यकतानुसार इसमें परिवर्तन कर सकता है। यह शिक्षा नीति देश के शहरी क्षेत्रों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने में सहायक साबित होगी। इतना ही नहीं, यह नीति छात्रों में उच्च कौशल क्षमता को भी विकसित करेगा जिससे वह रोजगार से जुड़ सकें।

दरअसल हमारे देश में पिछले कई दशकों से शिक्षा की ऐसी नीति तो जरूर बनाई जाती रही है जिससे शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर हो सके। लेकिन यह नीति उन्हें रोजगार से नहीं जोड़ सकी, जिससे बड़ी संख्या में नौजवान शिक्षा पूरी करने के बाद बेरोजगार रह गए। उन्हें डिग्री के अनुसार उचित रोजगार नहीं मिल सका। जिससे बड़ी संख्या में नौजवान डिग्री प्राप्त करने के बाद बेरोजगार घूम रहे हैं, या फिर परिवार का पेट पालने के लिए मजदूरी करने पर मजबूर हो गए हैं। देश में शहरी क्षेत्रों की तुलना में बेरोजगार नौजवानों का आंकड़ा ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक नजर आता है। ऐसा ही एक ग्रामीण क्षेत्र है राजस्थान के उदयपुर स्थित लोयरा गाँव। जिला मुख्यालय से करीब 15 किमी दूर बड़गाँव पंचायत समिति अंतर्गत इस गाँव की आबादी लगभग ढाई हजार है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बहुल इस गाँव में न केवल शिक्षा बल्कि रोजगार के अवसर भी कम हैं। जिससे अधिकतर युवा रोजगार की तलाश में पलायन करने को मजबूर हैं।

लोयरा गाँव में मात्र दस प्रतिशत युवा ही कॉलेज तक पहुँच पाते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अधिकतर युवा 10वीं या बारहवीं के बाद पढ़ाई छोड़कर परिवार के साथ रोजगार की तलाश में पलायन करने लगते हैं। इस संबंध में 23 वर्षीय युवा कैलाश भील कहते हैं कि गाँव में रहकर रोजगार का मिलना कठिन है, इसीलिए अधिकतर युवा उदयपुर शहर या फिर पड़ोसी राज्य गुजरात के अहमदाबाद अथवा सूरत कूच कर जाते हैं। जहां दैनिक मजदूर अथवा लघु उद्योगों में काम करते हैं। वह कहते हैं कि गाँव में शिक्षा के प्रति लोगों में विशेष जागरूकता नहीं है। इसलिए वह अपने बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए चिंतित नहीं रहते हैं। इसके बजाए वह उन्हें रोजगार के लिए अपने साथ पलायन के लिए प्रोत्साहित करते हैं। 24 वर्षीय एक अन्य युवक कहता है कि लोयरा गाँव में सवर्ण जातियों की संख्या नाममात्र की है, लेकिन शिक्षा के प्रति उनमें काफी जागरूकता है। इसके विपरीत अवर्ण (निचली) जातियों की बहुलता के बावजूद उनमें उच्च शिक्षा के प्रति कोई विशेष उत्साह नहीं रहता है। घर की आर्थिक स्थिति को देखते हुए लड़के स्कूली जीवन में ही बाहर जाकर कमाने का दृढ़ निश्चय कर लेते हैं। ऐसे में उनमें उच्च शिक्षा के प्रति लगाव की उम्मीद करना बेमानी होता है।




कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण केवल घर के पुरुष सदस्य ही नहीं, बल्कि महिलाएं भी काम करती हैं। जो महिलाएं पुरुषों के साथ पलायन नहीं करती हैं वह आसपास के खेतों में दैनिक मजदूर के रूप में काम करती हैं ताकि घर की आमदनी को बढ़ाया जा सके। इस संबंध में गाँव की 34 वर्षीय महिला गंगा देवी कहती हैं कि रोजगार के मामले में महिलाओं की स्थिति बहुत दयनीय है। अधिकतर महिलाएं उच्च जाति के लोगों के घरों में साफ सफाई का काम करती हैं। कुछ महिलाएं उनके खेतों में मजदूर के रूप में भी काम करती हैं ताकि वह घर की जरूरतों को पूरा कर सकें। वह बताती हैं कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय की अधिकतर लड़कियां 12वीं तक अवश्य शिक्षा प्राप्त करती हैं। इस समुदाय की कुछ ही लड़कियां ऐसी हैं जिन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की होगी। दरअसल घर की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए इन लड़कियों में भी शिक्षा के प्रति या तो उत्साह खत्म हो जाता है या फिर वह चाह कर भी आगे की पढ़ाई नहीं कर पाती हैं।

गांव में अशिक्षा और कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण सामाजिक कुरीतियों ने भी अपने पांव पसार रखे हैं। जिसका भरपूर लाभ फाइनेंस कंपनियां उठा रही हैं। परिवार में शादी या मृत्यु जैसे सामाजिक कार्यो के लिए बड़े पैमाने पर भोज का आयोजन किये जाने की परंपरा है। जिसे पूरा करने के लिए परिवार को कर्ज लेने पर मजबूर होना पड़ता है। यह फाइनेंस कंपनियां ऋष्ण देने के नाम पर उनके साथ ठगी करते हुए दोगुना ब्याज वसूलती हैं। शिक्षा और जागरूकता की कमी के कारण यह लोग उस फाइनेंस कंपनियों के मकड़जाल में फंस कर रह जाते हैं और ब्याज चुकाने के नाम पर और भी अधिक कर्ज के बोझ तले दबते चले जाते हैं। जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति और भी अधिक कमजोर होती चली जाती है।

हालांकि सरकार की ओर से महिलाओं के लिए अनेक प्रकार की स्वरोजगार योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिससे जुड़कर लोयरा गांव की महिलाएं भी स्वयं को आर्थिक रूप से न केवल सशक्त बना सकती हैं बल्कि आत्मनिर्भर भी बन सकती हैं। इसके अतिरिक्त कई स्वयं सेवी संस्थाओं की ओर से भी महिलाओं को रोजगार से जोड़कर सशक्त बनाने के कार्यक्रम संचालित किये जाते रहते हैं। लेकिन जागरूकता के अभाव में इस गाँव की न केवल महिलाएं बल्कि युवा भी लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार और संबंधित विभाग की उदासीनता के कारण भी यह योजनाएं धरातल पर क्रियान्वित होने की जगह फ़ाइलों तक सिमित होकर रह जाती हैं। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि नई शिक्षा नीति से न केवल लोयरा बल्कि उसके जैसे अन्य गांवों के गरीब, पिछड़े और आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवार के युवाओं के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करना आसान हो जायेगा बल्कि वह उन्हें रोज़गारपरक के रूप में भी तैयार करेगा। (चरखा फीचर)

# टिकटों को लेकर सपा में चाचा भतीजे में जंग : केशव मौर्य

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को बिजनौर के नुमाईश ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज विपक्षी दलों के पास न कोई नेता है और न ही कोई नीति। उनकी नियति भी ठीक नहीं लगती। इन हालात में उत्तर प्रदेश में इन तीनों दलों का कोई खाता तक खुलने वाला नहीं है।

सभी 80 सीटों पर भाजपा गठबंधन जीत हांसिल करेगा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव पीडीए का नारा दे रहे हैं। इस नारे का असली फुल फार्म परिवार डवलपमेंट अथारिटी है। अखिलेश को अपने परिवार के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं देता है। यही कारण है कि टिकट वितरण को लेकर भी चाचा भतीजे में जंग छिड़ी है। रोजाना प्रत्याशी बदले जा रहे हैं। सपा को प्रदेश मे प्रत्याशी



नहीं मिल रहे हैं। उप मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन के हेलीपैड पर उतरा। यहां से उनका काफिला सीधे कलक्ट्रेट पहुंचा। वहां नगीना प्रत्याशी ओम कुमार का नामांकन उन्होंने अपनी उपस्थिति में दाखिल कराया। चंदन चौहान इससे पहले ही नामांकन पत्र दाखिल करा चुके थे। नामांकन के बाद उन्होंने नुमाइश ग्राउंड में आयोजित भाजपा और रालोद की संयुक्त जनसभा को संबोधित किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जो आज

**■ बिजनौर-नगीना सीट से प्रत्याशियों के नामांकन में पहुंचे डिप्टी सीएम**

विपक्ष में हैं उन्होंने सत्ता में रहते हुए जमकर घोटाले किए। उनके घोटालों की जांच हो ही है तो वे घबराए हुए हैं। घबराकर भाजपा के खिलाफ एकजुट हो गए। लेकिन यह एका कुछ दिन ही चला। फिर से वे बिखर गए हैं। जयन्त चौधरी को ये बात समझ मे आ गई और वे समय रहते भाजपा के साथ आ गए। उन्होंने कहा कि मोदी जो कहते हैं करते हैं। अयोध्या में 500 वर्ष के संघर्ष को मुकाम तक पहुंचाकर राम मंदिर का निर्माण पूरा कराया। यह राम मंदिर नहीं राष्ट्र मंदिर है। कश्मीर से धारा 370 हटाकर उसे भारत देश का अभिन्न अंग घोषित किया। जनसभा में नगीना प्रत्याशी ओम कुमार और बिजनौर प्रत्याशी

**डिप्टी सीएम ने बताया सपा के 'पीडीए' का नया फुल फॉर्म**

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव पीडीए का नारा दे रहे हैं। इस नारे का असली फुल फार्म परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है। अखिलेश को अपने परिवार के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं देता है। यही कारण है कि टिकट वितरण को लेकर भी चाचा भतीजे में जंग छिड़ी है। रोजाना प्रत्याशी बदले जा रहे हैं। सपा को प्रदेश में प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं।

चंदन चौहान ने भारी मतों से जिताने की अपील की। सभा को जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह उर्फ बाबी ने भी संबोधित किया।

## दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव प्रारंभ, सोने की पुण्य कोटि में विराजमान हुए भगवान रंगनाथ

**लखनऊ।** तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में उत्तर भारत के दक्षिण भारतीय शैली का विशालतम रंगनाथ मंदिर का दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव वैदिक मंत्रोचार और पूजा पाठ के साथ शुरू हुआ। ब्रह्मोत्सव के पहले दिन सुबह के समय भगवान रंगनाथ माता गोदा (लक्ष्मी जी) के साथ सोने से बनी पुण्य कोटि में विराजमान हुए। मंदिर से शुरू हुई सवारी गाजे बाजे के साथ बड़े बगीचा पहुंची जहां कुछ देर विश्राम करने के बाद सवारी वापस मंदिर आई।

ब्रह्मोत्सव की शुरुआत से पहले भगवान रंगनाथ के सेनापति विष्वक्सेन जी का आव्हान पूजन अर्चन किया गया। पूजन अर्चन के बाद उनको चांदी से बनी पालकी में विराजमान किया गया। इसके बाद परम्परागत वाद्य यंत्रों की ध्वनि के साथ शुरू की गयी सवारी। विष्वक्सेन जी ब्रह्मोत्सव के लिए की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लेने चांदी की पालकी में विराजमान होकर निकले।

# रामपुर में नदवी को उतारने से बढ़ेगी आजम खां और अखिलेश में रार

**लखनऊ।** सपा के रामपुर लोकसभा सीट से मोहिबुल्लाह नदवी को उतारने से पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच रार बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, सपा ने डैमेज कंट्रोल शुरू करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। सूत्र बताते हैं कि शीघ्र ही आजम खां को मनाने सपा महासचिव शिवपाल यादव सीतापुर जेल जाएंगे। वहीं, मुरादाबाद के प्रत्याशी को लेकर कन्फ्यूजन दूर हो गया है। इस सीट पर मंगलवार को मौजूदा सांसद एसटी हसन और बुधवार को पूर्व विधायक रुचि वीरा ने सपा के सिंबल के साथ नामांकन कराया था। हालांकि, बुधवार को एसटी हसन ने अपना पर्चा वापस लेने की बात कहकर रुचि वीरा का रास्ता साफ कर दिया।

पहले चरण के चुनाव में टिकट को लेकर सपा में घमासान हो गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के रामपुर से चुनाव न लड़ने से जेल में बंद आजम खां ने मंगलवार को बगावत कर दी है।





**■ मनाने के लिए शिवपाल जाएंगे सीतापुर जेल**

उन्होंने इस सीट पर चुनाव के बहिष्कार का एलान किया है। आजम खां चाहते हैं कि रामपुर से अखिलेश यादव और मुरादाबाद से मौजूदा सांसद एसटी हसन के बजाय रुचिवीरा लड़ें। यह आजम खां का दबाव ही है कि रुचिवीरा को मंगलवार को सपा का सिंबल दे दिया गया, जबकि उससे पहले एसटी हसन अपना पर्चा भर चुके थे। बुधवार को आजम के दबाव में ही सपा नेतृत्व ने एसटी हसन को अपना पर्चा वापस लेने के लिए मनाया।

सपा नेतृत्व ने रामपुर से दिल्ली की पार्लियामेंट स्ट्रीट जामा मस्जिद के इमाम मोहिबुल्लाह नदवी को मैदान में उतार दिया। जबकि, आजम खां के खासमखास माने जाने वाले आसिम रजा ने भी पर्चा खरीदकर बता दिया कि नदवी को उतारने के फैसले से आजम खां और उनके समर्थक खुश नहीं हैं। कुल मिलाकर पश्चिमी यूपी की इन दोनों सीटों पर जबरदस्त कन्फ्यूजन बना हुआ था। अब सबकी निगाहें शिवपाल यादव पर टिकी हुई हैं।

# सी-विजिल एप पर शिकायत के लिए मोबाइल नंबर की जरूरत नहीं

**लखनऊ।** कोई प्रत्याशी आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रहा है तो आम नागरिक भी इसकी शिकायत कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सिर्फ गूगल प्ले स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा। शिकायत के 100 मिनट के भीतर निर्वाचन आयोग कार्रवाई करेगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि कोई प्रत्याशी मतदाताओं को पैसा-शराब आदि बांट रहा है तो इस एप के माध्यम से आप शिकायत दर्ज कर सकते हैं। शिकायत से संबंधित फोटो वीडियो भी अपलोड कर सकते हैं। शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नंबर देने की कोई बाध्यता नहीं है, लेकिन अगर शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाइल नंबर देता है तो वह अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकता है। शिकायत दर्ज होने पर संबंधित रिटर्निंग अफसर अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम

**■ 100 मिनट के अंदर होगी कार्रवाई**




(एफएसटी) को मौके पर भेजता है। जांच-पड़ताल के बाद अधिकारी को पोर्टल पर शिकायत के निस्तारण संबंधी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। आमतौर पर सी-विजिल एप के जरिये पैसा, गिफ्ट कूपन, शराब बांटने आदि की शिकायतें दर्ज की जाती हैं। साथ ही बिना अनुमति के पोस्टर, बैनर लगाने या बैठक करने, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाने, धार्मिक और उन्मादी भाषण संबंधी परिवाद दर्ज किए जाते हैं।

# शाहजहां के जन्म से पहले बना था ताजमहल

## लोग इसे कहते थे तेजो महालय, कोर्ट में वकील ने ठोका दावा, इस दिन होगी सुनवाई

**आगरा।** योगेश्वर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ ट्रस्ट ने ताजमहल को तेजोलिंग महादेव का मंदिर बताते हुए आगरा सिविल जज जूनियर डिवीजन के यहां वाद दायर किया। वादी अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2023 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग से सूचना का अधिकार में पूछा था कि ताजमहल कब बनना शुरू हुआ, कब खत्म हुआ और ताजमहल के भवन की आयु क्या है? जिसका जबाब देते हुए एएसआई ने बताया कि ताजमहल एक रिसर्च का विषय है जिसके लिए आप ताजमहल की वेबसाइट और संबंधित पुस्तकों को पढ़ सकते हैं।

एएसआई के कहे अनुसार अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने ताजमहल के विषय में अनुसंधान करना शुरू किया, जिसमें उन्होंने बाबरनामा, हुमायूंनामा, रायल एशियाटिक सोसाइटी आफ बंगाल, एएसआई के बुलेटिन, एपिग्राफिका



इंडिका, विश्वकर्मा प्रकाश, पुराण इत्यादि पढ़े जिनमें यह सामने निकलकर आया कि शिव सहस्त्र नाम स्त्रोत के अनुसार तेजो नाम शिवजी का है। विश्वकर्मा प्रकाश में तेजोलिंग बेरनिर्माण का वर्णन है। संस्कृत में बेर का अर्थ मंदिर होता है।

एपिग्राफिका इंडिका में बटेश्वर शिलालेख के अनुसार राजा परमाल देव ने फिटकरी के समान सफेद रंग का शिवजी का मंदिर 1194 ई. में बनवाया था। ताज गार्डन जिसका मूल नाम चारबाग है, उसके निर्माण का वर्णन बाबर ने अपनी पुस्तक बाबरनामा में किया है। बाबर ने अपनी पुस्तक में ताजमहल के नीचे कुओं के निर्माण का भी वर्णन किया है, हुमायूंनामा में ताजमहल का उल्लेख है।

आगरा गजेटियर, एएसआई बुलेटिन और रायल एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल के जनरल के अनुसार ताजमहल का शिल्पकार विवादित है। वर्ष 1946 के एएसआई के बुलेटिन में एएसआई के महानिदेशक माधोस्वरूप वत्स के लेख रिपेयरिंग ऑफ ताजमहल में लिखा है कि ताजमहल का शिल्पकार एक विवादित तथ्य है। जब 1652 के औरंगजेब के एक पत्र के अनुसार ताजमहल के शिल्पकारों के पास ताजमहल में वर्षा ऋतु में जो रिसाव हुआ था उसकी मरम्मत के कोई सुझाव उपलब्ध नहीं थे, जब एएसआई ने ताजमहल के मुख्य गुम्बद की मरम्मत शुरू की तो एएसआई को अंदर से गुम्बद गोलाकार नहीं मिला। उसमें जगह-जगह चूना पत्थर भरे गए थे।

ईस्ट इंडिया कंपनी के कर्मचारी पीटर मुंडी ने वर्ष 1632 में ताजगंज के बाजार का उल्लेख किया है जबकि उस समय ताजमहल का निर्माण शुरू हुआ था। अलेक्जेंडर कनिंघम की रिपोर्ट में ताजमहल के भीतर उन्हें ब्लैक बेसाल्टिक पिलर मिला था, जिसपर कछुआ बना था जोकि जैन धर्म के तीर्थंकर मुनिश्वरनाथ का चिह्न है। शाहजहां की प्रेम कहानी का वर्णन कासिम अली अफरीदी ने किया है, जिसका जन्म वर्ष 1771 व मृत्यु 1827 में हुई जबकि ताजमहल का कथित निर्माण 1632 में हुआ । आगरा गजेटियर और बुरहानपुर गजेटियर में मुमताज महल की मृत्यु के वर्ष में अंतर है।

# वृंदावन में 20 किमी दायरे में शराब और मांस की बिक्री पर लगे रोक: धीरेन्द्र

**मथुरा।** तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में बुधवार को बाबा बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पहुंचे। उन्होंने बांकेबिहारी मंदिर में कन्हैया के दर्शन किए। आश्रम में जाकर संतों का आशीर्वाद लिया। धर्म अध्यात्म पर चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वृंदावन के 20 किलोमीटर दायरे में मांस और शराब की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए।

कहा कि आते वक्त हाईवे पर अंग्रेजी शराब की दुकान देखी तो उन्हें दुख हुआ। जिस प्रकार से अयोध्या में रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं, उसी प्रकार भगवान कृष्ण भी मथुरा में भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इसके लिए उनके सिरमौर बृजवासी और संतजन प्रयासरत हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि रामराज्य की स्थापना और सनातन धर्म की रक्षा के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग सभी देशवासी



करें। कहा कि वह जल्द ही वृंदावन में कथा करेंगे। बृज में दरबार की आवश्यकता नहीं है। यहां सबसे बड़ा दरबार बांकेबिहारी महाराज का है। जहां हनुमान जी भी भक्ति में रहते हैं। ऐसी ब्रज में उनके बालाजी महाराज की कृपा से कथा का अवसर यहां प्राप्त होगा। यहां वह गोरेलाल कुंज पहुंचे। वह महंत किशोरीदास महाराज से मिले। इसके बाद वह भागवत आचार्य श्रीकृष्ण शास्त्री ठाकुर जी महाराज के निवास पहुंचे। यहां भागवताचार्य इंद्रेश शास्त्री से मुलाकात की।

# चुनाव प्रक्रिया के दौरान विपक्ष का उत्पीड़न और छापेमारी बंद की जाये

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वामपंथी दलों की एक बैठक आज यहाँ भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कार्यालय पर संपन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डा गिरीश ने की। बैठक में माकपा के राज्य सचिव डा हीरालाल यादव, भाकपा के राज्य सचिव का अरविन्दराज स्वरूप, भाकपा माले की राज्य स्थाई समिति के सदस्य का रमेश सिंह सेंगर, फारवर्ड ब्लाक के प्रदेश महासचिव उदय नाथ सिंह, लोकतान्त्रिक जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जुबेर अहमद एवं माकपा राज्य सचिव मण्डल के सदस्य का प्रेमनाथ राय आदि ने विचार व्यक्त किए।

बैठक में भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा चुनाव प्रक्रिया के दौरान विपक्ष के नेताओं की गिरफ्तारी और उन पर छापेमारी की कड़े शब्दों में निंदा की गई। वामदलों ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों की निष्पक्षता के

**■ वामदलों ने की चुनावों के दौरान रामायण सीरियल का प्रसारण रोके जाने की मांग**

लिए आवश्यक है कि ईडी, सीबीआई, एवं आईटी की कार्यवाहियाँ तत्काल रोकी जायें। निर्वाचन आयोग से भी मामले में हस्तक्षेप की मांग की गयी।

आरोप लगाया कि इलैक्शन बांड में लिप्तता, महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती गरीबी एवं किसानों की बदहाली के चलते भाजपा सरकार पूरी तरह बेनकाब हो गयी है। उत्तर प्रदेश में भी जंगलराज की स्थिति बन चुकी है। तथाकथित रामराज्य में पहली होली के मौके पर महिलाओं से बदसलूकी,, दलितों-कमजोरों पर हमले और हत्याओं की सैकड़ों वारदातों ने स्पष्ट कर दिया है कि बुलडोजर केवल विरोधियों और कमजोरों का उत्पीड़न कर रहा है, दबंग और अपराधी बेखौफ बने हुये हैं। प्रदेश में फलों, सब्जियों और अन्य कई जरूरी जिंसों के दामों में अचानक हुयी व्रद्धि भी जनता की कठिनाइयों में इजाफा कर रही है।

वामदलों ने कहा कि इलैक्शन बांड के जरिये भाजपा ने सरकार की ताकत का दुरुपयोग करते हुये कंपनियों को धंधा और धमकी देकर करोड़ों का चन्दा लिया। इस बड़े गोलमाल में वामदलों को छोड़ कर अधिकतर दल शामिल हैं, यह रेखांकित किया जाना चाहिए। बैठक में नोट किया गया कि जनभावनाओं का दोहन करने के उद्देश्य से भाजपा ने रामायण सीरियल के नायक को मेरठ संसदीय सीट से प्रत्याशी बनाया है, जबकि डीडी- 1 पर यह सीरियल आज तक भी प्रसारित हो रहा है। निर्वाचन आयोग से मांग की गई कि इस सीरियल का प्रसारण लोकहित में तत्काल बंद कराया जाये। वामदलों ने संकल्प व्यक्त किया कि वे वाम एकता को कायम रखते हुये लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराने को संयुक्त रूप से काम करेंगे।

# हेलो प्रधान, इंस्पेक्टर बोल रहा हूं, अभी तक माल नहीं भेजा...

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में इंस्पेक्टर कुरावली होली पर बांटने के लिए ग्राम प्रधान रसेमर से फोन पर शराब की पेटी मांग रहे थे। बातचीत का ऑडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस महकमे में अफरातफरी मच गई। मामला संज्ञान में आने के बाद एसपी ने जांच एएसपी ग्रामीण को सौंपी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

सोशल मीडिया पर प्रभारी निरीक्षक थाना कुरावली मोहर सिंह का एक ऑडियो वायरल हुआ। इसमें इंस्पेक्टर ग्राम प्रधान रसेमर अमन से फोन पर पहले तो होली पर सतर्क रहने और भेजे गए पुलिसकर्मियों को ध्यान रखने की बात कह रहे हैं। इसके बाद इंस्पेक्टर प्रधान से कह रहे हैं कि तुमने अभी तक कहा हुआ माल नहीं दिया।

इस पर प्रधान कहता है कि वह तुरंत ही बताया गया माल पहुंचा देगा। बातचीत के दौरान इंस्पेक्टर प्रधान से

**■ बातचीत का ऑडियो वायरल: कहा, एक पेटी महंगी शराब भेजना**

एक मंहगी शराब की एक पेटी मांग रहे थे। इसका जिक्र किसी से न किए जाने की बात भी कई बार कह रहे थे। यह भी कह रहे थे कि विभाग में कई लोग ऐसे हैं। जिनको अभी तक शराब नहीं पहुंची है। विभाग के कई लोगों के नाम भी गिनाए। जिनको की शराब पहुंचानी है। इंस्पेक्टर यह भी कह रहे हैं कि सबको बांटने के बाद उनकी टीम तो रह जाएगी। उसकी भी व्यवस्था उन्हें करनी होगी। वायरल ऑडियो का संज्ञान लेते हुए एसपी ने मामले की जांच एएसपी ग्रामीण को सौंपी है। एसपी विनोद कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल हुए ऑडियो के संबंध में एएसपी ग्रामीण अनिल सिंह को जांच दी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नामांकन भरने का समय खत्म होते ही मेनका व वरूण की चर्चाएं समाप्त

**पीलीभीत।** नामांकन दाखिल करने का समय समाप्त होने के साथ ही मेनका-वरुण का पीलीभीत सीट से नाता टूट गया। 35 वर्ष पुराने रिश्ते में कभी मेनका तो कभी वरुण जिले के लोगों से जुड़े रहे। लोकसभा चुनाव से कुछ माह पहले से ही वरुण गांधी का टिकट कटने की चर्चाएं होनी लगी थीं। कयास भी यह भी लगाया जा रहा था कि वरुण पीलीभीत से निर्दल चुनाव लड़ सकते हैं। नामांकन के अंतिम समय तक वरुण की दावेदारी की चर्चाएं होती रहीं। समय समाप्त होते ही कयास और चर्चाएं भी समाप्त हो गई।

वरुण गांधी के परिवार का पीलीभीत से रिश्ता 35 साल पुराना है। वर्ष 1989 में जनता दल से मेनका गांधी ने राजनीति की शुरुआत की थी और तराई के लोगों ने मेनका को सिर-आंखों पर बैठाया और तोहफे में जीत दी। हालांकि दो साल बाद 1991 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के



परशुराम गंगवार से मेनका हार गई थीं। वर्ष 1996 में मेनका ने फिर जनता दल से चुनाव लड़कर अपनी हार का बदला लिया था। फिर वर्ष 1998 व 1999 में वह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीतती रहीं। वर्ष 2004 में मेनका ने भाजपा का दामन थामा और फिर जीत हासिल की। वर्ष 2009 में उन्होंने अपनी राजनीतिक विरासत बेटे वरुण गांधी के हवाले कर दी और खुद सुल्तानपुर चली गईं। वोटरों ने भी वरुण को हाथोंहाथ लिया और वह रिकॉर्ड मतों से जीते।

राजनीति में वरुण युवाओं की पहली पसंद बन गए। वर्ष 2014 में मेनका फिर पीलीभीत से लड़कर जीतीं और वरुण सुल्तानपुर से जीते। बाद में 2019 में फिर पीलीभीत से सांसद बने। मेनका यहां से छह बार व वरुण दो बार सांसद रहे। 1996 से अब तक इनका परिवार ही लगातार काबिज हैं। बुधवार को नामांकन दाखिल करने का समय समाप्त होने के साथ ही मां-बेटे का पीलीभीत से नाता भी टूट गया।

# आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं होली मिलन समारोह : बसंत

**रायबरेली।** उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के तत्वाधान में घंटाघर चौराहे पर होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बसंत सिंह बग्गा व संचालन राजेश शर्मा ने किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्री बग्गा ने कहा कि होली मिलन से भाई चारे को बढ़ावा मिलता है। आपसी एकता मजबूत होती है।

प्रांतीय संगठन मुकेश रस्तोगी ने कहा कि व्यापार मण्डल द्वारा विगत 55 वर्षों से होली मिलन समारोह इसी स्थान पर सम्पन्न होता चला आ रहा है। 1993 से बसंत सिंह बग्गा निरंतर इसे गति दे रहे हैं। होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। सिमरन, गुन्जन, सादाब अली ने अपनी-अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। साजिद भाई का संचालन बहुत जोरदार रहा। समारोह में विद्युत विभाग के अवर अभियंता हेमंत मिश्रा, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन

**■ व्यापार मण्डल का होली मिलन व सम्मान समारोह सम्पन्न**




के पूर्व अध्यक्ष ओ0पी0 यादव, पूर्व महामंत्री हरिश्चन्द्र शर्मा, चिकित्सक डा0 मनीष त्रिवेदी, कर्मचारी तनूजा दीक्षित, कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, व्यापारी नेता मो0 हमजा खान, सरोज सोनकर, कैलाश लोहिया, नत्था सिंह चावला, पपिन्दर सिंह सलूजा, रामू दादा, वारिस इण्डस्ट्री के प्रोपराइटर इमरान भाई, अनुराग दरियाबादी, लक्ष्मी सोनकर दरियाबादी प्रमुख थे।

# टीएमयू चांसलर ने किया कम्प्यूटर लैब्स का अनावरण

## उम्र कभी भी सीखने और विकास में बाधा नहीं बननी चाहिए : कुलाधिपति

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंग साइंसेज़ एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी- सीसीएसआईटी में उन्नत तकनीक के संग 240 कंप्यूटरों की नई चार लैब्स का कुलाधिपति श्री सुरेश जैन के करकमलों से अनावरण हुआ। इस मौके पर जीवीसी श्री मनीष जैन, कार्यवाहक वीसी प्रो. हरबंश दीक्षित, रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन के संग-संग सीसीएसआईटी के प्राचार्य प्रो. आरके द्विवेदी की गरिमामयी मौजूदगी रही। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन बोले, छात्रों के समग्र विकास के लिए फैकल्टी को भी खुद को अपडेट करना होगा, क्योंकि छात्रों और संपूर्ण संस्थान के विकास को आकार देने में फैकल्टी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने स्वयं और छात्रों की बेहतरी के लिए उच्च लक्ष्य निर्धारित करने



और नवोन्मेषी तरीके से सोचने के महत्व पर जोर देते हुए बताया, उम्र कभी भी सीखने और विकास में बाधा नहीं बननी चाहिए। उन्होंने जीवन में आलोचना के महत्व को रेखांकित किया और व्यक्तियों को आत्म-सुधार के साधन के रूप में इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने समाज की बेहतरी के लिए निरंतर मूल्यांकन, नवाचार और व्यक्तिगत विकास की यात्रा शुरू करने के लिए प्रेरित किया। जीवीसी श्री मनीष जैन बोले, अब टीएमयू सीएस के स्टुडेंट्स तकनीक में और अपडेट होंगे।

कार्यवाहक कुलपति प्रो. हरबंश दीक्षित ने कहा, लैब्स छात्रों, संस्थानों और बड़े पैमाने पर समाज के विकास के लिए रीढ़ की हड्डी होती हैं। उन्होंने बताया, आधुनिक युग में प्रयोगशालाएं केवल एक सुविधा नहीं हैं, बल्कि छात्रों को व्यावहारिक, व्यावहारिक शिक्षण अनुभव प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण है। प्रो. द्विवेदी ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए संस्थान की अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए कहा, आधुनिक टेक्नोलॉजी के प्रयोग हेतु

**■ टीएमयू सीएस के स्टुडेंट्स तकनीक में होंगे और अपडेट : जीवीसी मनीष जैन**

इन लैब्स में इंटेल कोर आई-7 प्रोसेसर के साथ 16जीबी रैम और 512जीबी एसएसडी के सिस्टमों का इस्तेमाल किया गया है। इससे छात्रों को अधिक से अधिक सीखने का माहौल मिलेगा । प्रो. द्विवेदी ने टीएमयू प्रशासन के समर्पण और प्रतिबद्धता का भी जिक्र किया। उल्लेखनीय है, ये लैब्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई, मशीन लर्निंग- एमएल, डीप लर्निंग- डीएल, साइबर सिक्योरिटी, ब्लॉकचौन टेक्नोलॉजी, डेटा साइंस, क्लाउड टेक्नोलॉजी, एंड्राइड प्रोग्रामिंग, आईओएस जैसी उन्नत टेक्नोलॉजी पर आधारित हैं। ये लैब्स स्टुडेंट्स के एनालिटिकल, प्रोग्रामिंग, डेटा हैंडलिंग, डेटा एनालिसिस, एंड्राइड एवं आईओएस डवलपमेंट जैसी स्किल्स को बढ़ावा देंगी।

# कॉन्वेंट को टक्कर देंगे सरकारी स्कूल

**वाराणसी।** सरकारी परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई के मामले में अब कॉन्वेंट को टक्कर देने की तैयारी पर काम शुरू हो गया है। यहां पढ़ाई के लिए कक्षाओं में प्रवेश देने से पूर्व बच्चों को स्कूल के लिए तैयार किया जाएगा। इसके लिए नौनिहालों को 12 सप्ताह की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस दौरान बच्चों में अक्षर ज्ञान, संख्या ज्ञान के साथ खेलकूद, कहानी, कविता आदि के जरिये स्कूल के प्रति रुचि विकसित की जाएगी। इसे स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम नाम दिया गया है।

परिषदीय विद्यालयों में एक अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होगा। इसमें बाल वाटिका या कक्षा एक में प्रवेश लेने वाले बच्चों को पढ़ाई शुरू कराने से पहले उन्हें स्कूल के लिए तैयार किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने स्कूलों को इसका कैलेंडर और मैनुअल भेज दिया है। नई शिक्षा नीति के तहत परिषदीय विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत 84 से 90 दिन का अतिरिक्त कार्यक्रम तैयार किया गया है, जिसमें पांच साल के बच्चे बाल वाटिका में गतिविधियों पर आधारित अंक दक्षता और भाषा के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। इसे 15 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। शिक्षक इस बारे में अभिभावकों को बताने के साथ ही बच्चों से विद्यालय में सीखी गई गतिविधियों की जानकारी लेंगे। अगस्त में अभिभावकों के साथ बैठक कर उन्हें बच्चों की प्रगति के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस बैठक में बच्चे स्कूल में सीखी गई गतिविधियों का अभिभावकों के सामने प्रदर्शन भी करेंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किया है कि विद्यालय में लैब एरिया चिह्नित कर वहां बच्चों की गतिविधियां कराई जाएं।

**■ 12 सप्ताह तक बच्चों में पढ़ाई के लिए जगाई जाएगी रुचि, फिर भेजेंगे स्कूल**

# व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने मनाया होली मिलन समारोह




**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला/फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का होली मिलन समारोह विद्या संबंर्धिनी धर्मशाला में मनाया गया। जिसमें व्यापारियों की समस्याओं को सुन उनका निराकरण कराए जाने का आश्वासन दिया गया। व्यापारियों से एकजुट होने की अपील करने के साथ ही गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई। मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अनिल मैनेजर ने कहा कि इस संगठन का मूल उद्देश्य व्यापारियों के सुख दुख में हमेशा साथ खड़े रहना है। व्यापारियों के अधिकारों के लिए हम सदैव काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारी यदि एकजुट होकर रहेगा तो कोई भी उन्हें परेशान नहीं कर सकेगा। नगर अध्यक्ष दीपक चौधरी ने कहा कि सैंपल और चेकिंग के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। वह व्यापारियों की समस्याओं के निदान के लिए हमेशा साथ रहेंगे। व्यापारियों की मांगों को वह मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का काम करेंगे। व्यापारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को संगठन के सामने रखा। जिनके निराकरण का पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया। व्यापारियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली के त्योहार की बधाई दी। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष भंवर सिंह, संरक्षक विनोद गुप्ता, मुन्नालाल अग्रवाल, सुनील जैन, रोहित कटियार, नरेंद्र शर्मा, मनोज बंसल, राजू लवानियां, प्रशांत गुप्ता, मनीष गुप्ता, उस्मान अली, सलीम खान, आदित्य जैन, ईश्वरानंद सारस्वत, नवीन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, पंकज बंसल, हरीश चंदानी, आशुतोष गर्ग, आजाद जैन आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## कामायनी एक्सप्रेस में बम की सूचना से यात्रियों में फैली दहशत

**प्रयागराज।** बलिया छत्रपति शिवाजी टर्मिनल कामायनी एक्सप्रेस में मंगलवार को ट्रेन की बोगी में बम मिलने की सूचना से यात्रियों में दहशत मच गई। तत्काल सूचना जौनपुर के रामनगर थाने को दिया गया। सूचना पर जीआरपी जौनपुर सहित प्रयागराज पुलिस भी सतर्क हो गई। ट्रेन की अच्छे तरह से तलाशी के बाद उसे आगे रवाना किया गया। मंगलवार को 11072 कामायनी एक्सप्रेस के एसी कोच में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना तत्काल जीआरपी को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची जीआरपी ने ट्रेन की बोगी में सघन चेकिंग की। ट्रेन को वाराणसी-प्रयागराज रूट पर जंघई स्टेशन पर रोक कर एक एक कोच चेक किया गया। 11072 कामायनी एक्सप्रेस में बैग के अंदर विस्फोटक होने की सूचना आरपीएफ कन्ट्रोल रूम को मिली थी। सूचना मिली कि किसी बोगी मे बैग के अंदर विस्फोटक रखा गया है।

# भूतपूर्व सैनिक संगठन ने मनाया होली मिलन समारोह

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** भूतपूर्व सैनिक संगठन ने मनाया होली मिलन समारोह। सभी पूर्व सैनिकों ने कैप्टन शैलेंद्र सिंह भदौरिया के आवास महेरा चुंगी पर बड़े हर्षोल्लास से होली मिलन समारोह मनाया। जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह भदौरिया के साथ कैप्टन शैलेन्द्र सिंह ने सभी आगंतुक पूर्व सैनिकों को अबीर गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह पर स्वागत सत्कार किया। सभी पूर्व सैनिक काफी खुश और रंगोत्सव पर्व में सराबोर दिखे। इस अवसर पर सभी ने देश में चल रहे घटना क्रम पर अपनी-अपनी राय रखी। आगामी चुनाव पर भी चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह भदौरिया ने होली मिलन में उपस्थिति सभी पूर्व सैनिकों को होली मिलन पर बधाई देते हुए कहा कि हमे लोकतांत्रिक मजबूत और अच्छी सरकार चुननी है। कैप्टन सुरेश सिंह साहब ने होली से संबंधित चुटकुले प्रस्तुत किए। जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह भदौरिया ने होली का महत्व बुराई पर अच्छाई की जीत की सत्य कहानी बतायी। इस अवसर पर भगवानदास प्रशांत ने होली पर काव्य पाठ किया। कैप्टन अनिल अवस्थी, कैप्टन इंद्रजीत सिंह, कैप्टन शैलेन्द्र सिंह, नारायण सिंह ने भी अपने अपने प्रस्ताव पेश किए। पूर्व सैनिकों के होली मिलन समारोह में जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह भदौरिया के अलावा कैप्टन सुरेश सिंह, कैप्टन अनिल अवस्थी, कैप्टन इंद्रजीत सिंह, कैप्टन अवधेश सिंह, कैप्टन शैलेन्द्र सिंह, राकेश सिंह, हर पाल सिंह, उपेंद्र सिंह, भगवानदास प्रशांत उदय प्रताप सिंह, नारायण सिंह, सोहन लाल, विश्राम सिंह, सर्वेश सिंह, शैलेंद्र सिंह तथा इंडियन वेटरनल ऑर्गेनाइजेशन के जिलाध्यक्ष के के त्रिपाठी के साथ काफी तादाद में उनके संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। कमांडर नर सिंह भदौरिया ने फोन से सभी को होली मिलन की शुभकामनाएं दी।

## बैरहना में मकान के रंजिश को लेकर युवक की पिटाई

**प्रयागराज।** शहर के कीडगंज थाना क्षेत्र के बैरहना में मकान की रंजिश को लेकर एक युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। घायल युवक ने कीडगंज पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मारपीट में युवक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस तहरीर लेकर छानबीन में जुटी हुई है। बता दें कि शहर के कीडगंज थाना क्षेत्र के बैरहना 432 इन्द्र पुरी कालोनी के रहने वाले मुन्नू शर्मा पुत्र छोटेलाल शर्मा ने कीडगंज थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मंगलवार को रात करीब दस बजे वह अपने घर में था कि तभी मकान की रंजिश को लेकर पड़ोस की मंशा शर्मा पत्नी बड़े लाल शर्मा, प्रिंस शर्मा पुत्र बड़े लाल शर्मा व मृदुला शर्मा पुत्री बड़े लाल शर्मा ने योजनाबद्ध तरीके से उसके घर में घुसकर उसे मारा-पीटा और उसकी गाड़ी में तोड़फोड़ कर दिया। मारने-पीटने से उसके सिर में गंभीर चोट आई है। पीड़ित ने कीडगंज पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चालू किया गया सीविजिल ऐप

**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सह उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के संदर्भ में आदर्श आचार संहिता के सुसंगत उपबन्ध 16 मार्च से सम्पूर्ण जनपद में लागू हो गये हैं। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोटिंग हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सीविजिल ऐप चालू किया गया है, जो नागरिकों को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी और फील्ड यूनिट फ्लाइंग स्क्वाएड/ स्थैतिक निगरानी दलों के साथ जोड़ता है, जिससे एक तीव्र और सटीक रिपोटिंग, कार्रवाई एवं निगरानी होती है। शिकायत दर्ज होने पर शिकायत की त्वरित जॉच करायी जाती है और घटना सही पायी जाती है, तो सूचना भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय पोर्टल पर अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजा जाता है और जागरूक नागरिक को 100 मिनट के भीतर स्थिति के बारे में सूचित किया जाता है।

# होली मिलन में खाटू श्यामजी मंदिर पर पुष्प वर्षा में थिरके सेवाश्रम कार्यकर्ता

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा, इकदिल।** सेवाश्रम ने श्री खाटू श्यामजी मंदिर पर होली मिलन का आयोजन किया जिसमें सैकड़ों की तादात में महिलाओं, बुजुर्गो, नौजवानों और बच्चों ने भाग लिया अबीर गुलाल और फूलों के साथ होली गीतों पर जमकर नृत्य हुआ तथा सभी ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं।होली मिलन में सेवाश्रम महामंत्री राकेश यादव, जिलाध्यक्ष सेवाश्रम शिवभूषण सिंह चौहान, सेवाश्रम चिकित्सिक संघ जिलाध्यक्ष डॉक्टर विकास बर्मा, हरि गोपाल उर्फ चच्चू शुक्ला, मेजर पाण्डेय परशुपुरा मेला मालिक, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष संतोष चौहान, डॉक्टर नीतू द्विवेदी, सेवाश्रम मंत्री मोनिका अग्निहोत्री, सेवाश्रम कोषाध्यक्ष प्राची सक्सेना, रामदास बाथम, दिनेश चंद्र अग्निहोत्री, जय प्रकाश उपाध्याय, सुनीत चौहान, अरुण दीक्षित, साहब सिंह शंखवार, मनोज तिवारी, राजनरायण दुबे, हीरालाल बाथम, पंकज पाण्डेय, अनुपम अवस्थी, वकील सिंह पाल, सुनीता कुशवाह, अंजू बर्मा, शशिबाला, कृष्ण मुरारी सविता, टीटू दिवाकर सहित सैकड़ों लोगों ने खाटू श्यामजी पर पुष्प वर्षा कर होली का शुभारंभ किया सेवाश्रम प्रमुख ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी से मिल जुलकर एक दूसरे के सुख दुख में सहभागिता करने का अनुरोध किया कार्यक्रम के समापन अवसर पर मिष्ठान वितरण किया गया।

## सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को बढ़ावा के लिए होगा प्रयाग होली महोत्सव का आयोजन

**प्रयागराज।** ठाकुर हर नारायण सिंह ग्रुप आफ कॉलेज के द्वारा प्रयाग होली महोत्सव का दो दिवसीय भव्य आयोजन 28 एवं 29 मार्च को केपी कॉलेज की ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। ठाकुर हर नारायण सिंह ग्रुप आफ कॉलेज के निदेशक और कार्यक्रम के मुख्य आयोजक डॉक्टर उदय प्रताप सिंह ने कहा कि भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, एवं राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने के लिए प्रयाग होली महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है जो हास्य, काव्य, नृत्य और सुरों के साथ ब्रज की फूलों वाली होली का अनूठा संगम होगा। कहा कि यह आयोजन हमारे आने वाली पीढ़ी को सनातन धर्म और सांस्कृतिक, साहित्यिक भारत की एकता और संप्रभुता के लिए प्रेरित करेगी। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी एवं व्यवस्थापक अभिषेक ठाकुर ने बताया कि 28 मार्च को प्रख्यात भजन गायक कन्हैया मित्तल और मुंबई के हास्य कलाकार रोहित सिंह एवं गोल्डन गर्ल टीम के द्वारा बृज की होली का भव्य आयोजन किया जाएगा।

# भ्रष्टाचार की जननी भाजपा को हर हाल में हरा देगा इंडिया गठबंधन: शिवपाल यादव

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा,सैफई।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा है कि देश के लिए भ्रष्टाचार की जननी बन चुकी भारतीय जनता पार्टी को इंडिया गठबंधन हर हाल में हरा देगा।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव होली के अवसर पर इटावा स्थित अपने चौगुर्जी आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह ने होली पर आम जन को शुभकामनाएं देने के साथ ही कार्यकर्ताओं प्रत्याशियों को चुनावी मंत्र का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि सपा से जो प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं और जो हो जाएंगे अब कोई बदलाव नहीं होगा।

यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को इस बार हराना है और नेताजी मुलायम सिंह यादव के संदेशों को लेकर कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ना है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के वादे झूठ है सभी वादे खोखले निकले है । जनता सपा को हर हाल में जिताएगी ऐसा विश्वास बना हुआ है। जब सपा उत्तर प्रदेश से जीत कर निकलेगी तो देश से भाजपा हटेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी जो घोषित हो चुके हैं वो सभी समाजवादियों की नीतियों को,नेताजी मुलायम सिंह यादव के विचारों को लेकर के जनता के बीच जाएं, जनता समाजवादी विचारों को और हमारे जो समाजवादी नेता रहे हैं। नेताजी से लेकर के लोहिया जी से लेकर के उनके विचारों पर चलकर के जनता पूरी तरह से समाजवादी पार्टी को वोट करेगी। खुद के बदायूं से चुनाव लड़ने के सवाल पर यादव ने कहा कि अभी तक तो हम ही चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन आगे देखेंगे जो पार्टी का और राष्ट्रीय नेतृत्व का निर्देश होगा उसको मानेंगे। हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा से फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के चुनाव मैदान में उतरने के सवाल पर यादव ने कहा कि भाजपा के लोग किसको किस सीट से चुनाव मैदान में उतार रहे है यह हम सभी देख रहे है लेकिन इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को जितना उनकी पार्टी और उनका पहला प्रयास है।

# वसूली सरकार बन गई है मोदी सरकार: अखिलेश यादव

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा,सैफई।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने केंद्र की मोदी सरकार पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि अपने कारनामों के कारण मोदी सरकार अब वसूली सरकार बन गई है,सारी दुनिया में मोदी सरकार की वसूली सरकार के रूप में विख्यति हो चुकी है।

अपने पैतृक गांव सैफई में होली के अवसर पर आम जनमानस को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जिस तरह से हजारों करोड़ों रुपए के इलेक्ट्रोरल बॉन्ड का घोटाला सामने आया है उससे केंद्र की मोदी सरकार ओर भाजपा कही ना कही कटघरे में खड़ी हो गई है। केंद्र की मोदी सरकार की दुनिया भर में इस मामले को लेकर के किरकिरी हो रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि चंदा किसी से भी स्वेच्छा से दिया जाता है लेकिन मोदी सरकार के दबाव में ईडी सीबीआई के जरिए लोगों से जबरिया वसूली की जा रही है।

कितनी अजीब बात है बताओ एक ही व्यक्ति एक को पैसा दे तो वह कह रहे हैं काला धन है और वही कंपनी बीजेपी को दे तो वह चंदा है। बीजेपी यह सब छुपाने के लिए कार्रवाई कर रही है। बीजेपी से सावधान रहना यह कुछ भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर चंदे के नाम पर ईडी सीबीआई के जरिए जबरिया वसूली की जाती है तो उसको चंदा नही बल्कि गुंडई कहा जाता है,यह गुंडई देशवासी खुले आम अब देख भी रहे है। उन्होंने लोगो को याद दिलाते हुए कहा हैं कि हम सबको मिलकर के लगातार अन्याय के खिलाफ लड़ते रहना है। मुझे उम्मीद है आने वाले लोकसभा चुनाव होने जा रहा है। यह केवल 2024 का चुनाव नहीं है बल्कि यह हमारे देश की भविष्य का चुनाव है। देश के भविष्य के साथ-



साथ आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव होने जा रहा है। इसीलिए मैंने कई मौकों पर कहा जिस तरीके से समुद्र मंथन हुआ था इस तरीके से इस बार संविधान मंथन होने जा रहा है। इस संविधान मंथन में ऐसे वह लोग हैं जो संविधान को बचाना चाहते हैं और दूसरी तरफ वह लोग हैं जो संविधान को खत्म करना चाहते हैं। श्री यादव ने कहा है कि यह चुनाव जहां भविष्य का है वही संविधान बचाने का भी चुनाव है संविधान बचेगा तभी लोकतंत्र बचेगा 2024 का चुनाव लोकसभा का नहीं है हमारे आपके भविष्य का भी चुनाव है।

उन्होंने लखीमपुर खीरी में किसानों के ऊपर आंदोलन के दौरान हुए हमले का उदाहरणदेते हुए कहा कि जिन के बेटे ने किसानों पर गाड़ी चढ़ाने का काम किया था। जिनका किसानों की हत्या करने का आरोप था उन्हीं को फिर से टिकट दिया गया। उन्होंने कहा है कि 2022 के चुनाव से पहले दिल्ली में किसानों का आंदोलन चल रहा था उसे समय आंदोलन के दौरान 1000 किसानों की जान गई थी। सरकार अभी तक एमएफ़सी स्वीकार नहीं कर रही। यह केवल एमएफसी नहीं है। एनएफसी कोई कीमत नहीं है। यह किसानों के मान सम्मान दिलाने का काम एमएफसी है। उन्होंने कहा कि आज जहां हम लोग होली का त्यौहार मना रहे हैं।

यह बहुरँगी रंगों का त्यौहार,कई लोगों को रंग नहीं पसंद में उन्हें सिर्फ एक रंग पसंद है। हमारा लोकतंत्र तब मजबूत होगा जो बहुरंगी होगा। इसलिए यह चुनाव हमारी और आपके लिए परीक्षा का चुनाव है लेकिन भविष्य का भी चुनाव। इसलिए जी जरूरी है नेताजी ने जिस विचारधारा को हमें और आपको दिया है। जिस ऊंचाई तक नेताजी इस विचारधारा को लेकर गए हैं। उन्होंने कहा है कि हमारे सभी समाजवादियों की जिम्मेदारी बनती है। इस विचारधारा को और ऊंचाई तक लेकर जाए। लोग यहां 36 प्रतिशत वोट पाने पर पहुंच गए हैं। आपकी मेहनत और चाहिए जिससे हम लोग बीजेपी से मुकाबला करने की। बीजेपी जिस तरह से तैयारी कर रही है वह 51 फीसदी से अधिक वोट चाह रही है। इसलिए हमारे कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ को बचाएं। बूथ परसेंट बढ़ाये 51 फीसदी से आगे ले जाए। वोट डालने से लेकर वोट पड़वाने तक हमें पूरी तरह सावधान रहना है अगर सावधान नहीं रहे तो इस बार लोकतंत्र नहीं बचेगा हमें आपको जो अधिकार मिले वह सब छीन लिए जाएंगे यह धीरे-धीरे पता चलेगा कि अधिकतर कैसे झीने गए। यादव ने कहा है कि बीजेपी के हाथ में ना रोजगार में नौकरी है सरकार ने सभी भर्ती परीक्षा लिखी गई है। सरकार जानबूझकर परीक्षा लीक करा रही है। क्योंकि नौकरी ना देना पड़े अगर नौकरी देंगे तो आरक्षण देना पड़ेगा। हमने लोगों को गणित बताया जो नौजवान नाराज हैं। रोजगार न मिलने से पेपर लीक होने।

## रोज़ा इफ्तार पार्टी सभी धर्म के लोग हुए शामिल



**प्रयागराज।** रमज़ान उल मुबारक में बक्शी बाजार रोशनबाग ने स्तिथ संपादक कशिश मीडिया के पत्रकार ज़िया सिद्दीकी की जानिब से रोजा इफ्तार रखा गया। जिसमे सभी जाति धर्म के लोगो ने शिरकत की। बाद नमाज मगरिब मौलाना आरिफ़ वारसी ने दुआ की हमारे मुल्क मादरे वतन में भाई चारा बना रहे। सभी लोगो के अंदर प्रेम सहभाव बरकाकार रहे। जिया सिद्दीकी ने बताया की ये इफ्तार पार्टी कई वर्षो से कराई जा रही है। उन्होंने कहा की अल्लाह की रजा के लिए इस माहे रमजान उल मुबारक के दिनो मे एक मोहब्बत बनी रहे। इफ्तार में ब संख्या में पत्रकार,समाज सेवी, पार्षद शामिल रहे। कार्यक्रम मे संपादक जिया सिद्दीकी, हाजी हामिद कुरैशी, असद कुरैशी, कुंदन श्रीवास्तव, मो राजिक, मो इरफान, एजाज अहमद, मो लाईक, रहीम, इसरार अंसारी, मौलाना आरिफ़ वारसी, इरशाद उल्ला, मो हसीन, रमीज अहमद, सौरभ आदर्श, आलोक मालवीय, श्रीकांत शास्त्री शामिल रहे।

## इंजीनियरिंग और आरएसओ को मिली जीत



**प्रयागराज।** इंजीनियरिंग विभाग और रोलिंग स्टॉक ऑपरेशन (आरएसओ) विभाग ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर डीआरएम कप अंतर विभागीय क्रिकेट लीग चैंपियनशिप में पूरे अंक प्राप्त किये। डीएसए मैदान पर बुधवार को खेले गए पहले मैच में इंजीनियरिंग विभाग ने 20 ओवर में चार विकेट पर 299 रन (आसिफ अली 85, विक्की राय 74 नाबाद, बलराम यादव 59, रवींद्र आनंद 31, बृजेश मीणा 2/61) बनाकर एकाउंट्स विभाग को 16.4 ओवर में 126 रन (मोहम्मद समीर 44, अंकित 23, रवींद्र आनंद 3/32, जीत लाल 2/17, विक्की राय 1/13) पर समेट दिया। विक्की राय को रेलवे के क्रिकेटर विनीत सिंह ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया। दूसरे मैच में आरएसओ ने 20 ओवर में 182 रन (केशव तिवारी 44, अमित सिंह 34, बिपिन कुमार 25, हैरी बदन 20, राम शाक्य 3/33, रवि शंकर 2/37 कमलेश मीणा 2/40) बनाकर इलेक्ट्रिकल विभाग को 20 ओवर में 9 विकेट पर 112 रन (प्रकाश पाल 24 नाबाद, मसूद अहमद 21 नाबाद, अंजनी कुमार 2/18, बिपिन कुमार 2/21, पंकज 2/22) पर सीमित किया। केशव तिवारी को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।

## दो बाईकों की सीधी टक्कर, एक गंभीर

**मौदहा हमीरपुर।** होली की हुडदंग और शराब के चलते दो बाईकों की सीधी टक्कर हो गई जिसमें प्रशांत(23)पुत्र बाबूराम और सुनील(22)पुत्र अज्ञात निवासी न्यूरिया गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से प्रशांत को गंभीर चोंटो के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

## दम्पत्ति ने लगाया सेल्समैन और उसके पुत्र पर पेट्रोल डालने का आरोप

**मौदहा हमीरपुर।** बीती शाम शराब ठेका के सेल्समैन से हुई मारपीट के मामले में दम्पत्ति ने पिता पुत्र पर पेट्रोल डालकर जलाने के प्रयास का आरोप लगाया है। बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम मसगवां निवासी जनक दुलारी पत्नी पप्पू कुशवाहा और पप्पू कुशवाहा ने बताया कि शराब ठेका के सेल्समैन और उसके पुत्र ने उनके साथ मारपीट की और आग लगाने के उद्देश्य से दोनों के ऊपर पेट्रोल डाल दिया। मारपीट में दोनों को गंभीर चोंटे आई हैं। फिलहाल बिंवार पुलिस ने ऐसे किसी मामले की जानकारी से इनकार किया है।

# साथ-साथ जीने की जिद पर अड़े प्रेमी युगल

**अवधानामा संवाददाता**

■ रिश्ते की बुआ को भतीजे से हुआ प्यार

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र से पांच दिन पहले एक भतीजा अपनी बुआ को लेकर लापता हो गया था। लड़की के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी कि उनकी बेटी को डरा धमकाकर उसका अपहरण किया गया है, जिसकी हत्या की आशंका है।

पुलिस के सक्रिय होने पर लड़के का पिता दोनों को सूरत से लेकर आया है और कोतवाली पुलिस को सौंप दिया है, जहां दोनों एक साथ रहने की बात कह रहे हैं। मौदहा कोतवाली क्षेत्र से बीते चार दिन पहले एक 16 वर्षीय लड़की अचानक लापता हो गई थी। लड़की के पिता ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया था कि गांव का ही अजय निषाद अपने तीन साथियों के साथ पहुंचा और उनकी गैर मौजूदगी में डरा धमका कर बेटी का अपहरण कर ले गया। पिता ने यह भी बताया था की वह जब लड़के के घर उलाहना देने गया तो उसे जान माल की धमकी दी गई है। पिता ने तहरीर में अपनी बेटी की जान को खतरा बताया था। 21 मार्च से लापता हुई लड़की के पिता की तहरीर पर जब पुलिस सक्रिय हुई तो लड़के का पिता सूरत (गुजरात) पहुंच गया, क्यूंकि उसे पता था की अजय निषाद सूरत में काम करता है और वह वहां पहुंचेगा। अजय जैसे ही काम पर पहुंचा पिता ने उसे वहीं दबोच लिया और लड़की भी बरामद हो गई है। फिलहाल पिता ने लड़की सहित लड़के को मौदहा कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया है। बताया यह जा रहा है की लड़की (बुआ) लड़के (भतीजे) के साथ ही रहने की ज़िद पर अड़ी है। फिलहाल इस मामले में पुलिस की तरफ से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

# क्षेत्र में जमकर खेली गई खून की होली, बढ़ीं मारपीट की घटनाएं

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** गुजरे चौबीस मार्च की रात होलिका दहन के बाद पच्चीस और छब्बीस मार्च दो दिन शांतिपूर्वक लोगों ने होली के रंगों में सराबोर होकर होली खेली लेकिन जैसे ही दिन ढलने लगा शराब की दूकानों में भीड़ बढी और कई जगह इस रंगीन त्योहार को बदरंग करना शुरू कर दिया किसी ने पुरानी रंजिश निभाई तो किसी ने शराब के नशे में जमकर लाठी डंडे बरसाए,इतना ही नहीं कही कहीं छेड़खानी की घटनाएं भी सामने आई हैं।सबसे बड़ा विवाद खण्डेह गांव में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर हुआ जहां सात लोग घायल हुए इनमें चार लोगों को अधिक चोंटो के कारण प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भेजा गया है।इनमें एक पक्ष के भूपत यादव व जीतेंद्र यादव तथा संतोष आदि पर आरोप था कि अपने दरवाजे पर बैठे दूसरे पक्ष के भूपेंद्र तिवारी व उसका भाई आदर्श आदि पर लाठी डंडे व फरसे से हमला कर दिया।जिससे इनके चोटें आई हैं इनमें से भूपेन्द्र और इसके भाई आदर्श को सघन इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।वहीं प्रथम पक्ष के भूपत यादव व जीतेंद्र यादव को भी चोंटे आई हैं इनका आरोप है कि भूपेन्द्र आदि ने उनपर हमला कर मारपीट की।पुलिस ने यह मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।उधर इचौली निवासी अजय कुमार ने पुलिस में सूचना दर्ज कराई है कि शाम चार बजे जब वह परिवार के साथ होली खेल रहा था तभी नशे में धुत्त गांव के ही अजय, अंकुश, सुरेश और मंगल गाली गलौज करते हुए वहां आ धमके, मना करने पर मारपीट शुरू कर दी जिससे उसके चोंटे आई, बचाने आई उसकी मां कुसमा और भाई मोहित को भी आरोपियों ने जमकर पीटा उधर बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम करगांव में शराब के नशे में धुत्त होकर गांव निवासी शिवकुमार, मलखान,उर्मिला पर ठाकुर ब्रादरी के अभिलाष,अरविंद, धर्मू,मालिक, अजय, मुन्ना और शिवलाल ने जमकर मारपीट की जिससे उर्मिला,बच्चू और बचाने आए शिवकुमार को गंभीर चोंटें आई हैं।वहीं क्षेत्र के भैंसता गांव निवासी रावेन्द्र ने पुलिस को सूचना दी है कि जिस समय वह अपनी पत्नी संजना को लेकर मौदहा आ रहा था तभी उसके घर के सामने ही गांव निवासी आकाश, मनका,विशम्भर ने नशे की हालत में उसके और उसकी पत्नी के साथ मारपीट की दोनों को चोटें आई हैं।

## रेलवे गोदाम के पास पड़ा मिला मिस्त्री का शव

**ललितपुर।** रेलवे गोदाम के पास एक मिस्त्री का शव पड़ा मिला। सदर कोतवाली अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास स्थित रेलवे माल गोदाम के पास से निकली हुई पटरियों पर लहु-लूहान अवस्था में एक व्यक्ति के पड़े होने की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लहूलुहान पटरी पर पड़े हुए व्यक्ति को उठाकर उपचार हेतु लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षणोपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उसकी जेब से निकले आधार कार्ड से सदर कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम लक्ष्मनपुरा निवासी कृपाल 40 वर्ष पुत्र हलकाई कुशवाहा के रूप में हुई। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने बताया कि वह मकान बनाने का कार्य करता था वह अपने साढ़ूभाई के साथ ग्राम विरधा गया हुआ था और वहां से लौटकर वापिस घर आ गया था व घर से बिना बताये कहीं चला गया था व पुलिस से सूचना प्राप्त हुई कि उसका शव रेल पटरीयों पर मिला है परिजनों ने उसकी मौत के संबंध में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजकर जांच प्रारम्भ कर दी।

## सर्पदंश से महिला की मौत

**ललितपुर।** सर्पदंश से महिला की मौत हो गई। थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिनैका टोरन निवासी कुंवर देवी 26 वर्ष पत्नी मुलायम अपने खेत पर गेहूं की फसल की कटाई कर रही थी, चूंकि कटाई करते समय धूप अत्यधिक होने के कारण वह खेत के पास स्थित नाले के पास पेड़ की छांव में जाकर बैठ गई, इसी दौरान वहां उसे सर्प ने डस लिया, जब सर्प ने उसे डसा, तो उसे एहसास हुआ और उसने वहां से सर्प को जाते हुए देखा, तब वह जोर से चिल्लाई व मौके पर ही बेहोश हो गई। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर खेत में काम कर रहे परिजन घटनास्थल पर आये और उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए उसे वहां से उठाकर उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखौरा लेकर गये, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अमित शाह बोले- जम्मू-कश्मीर से एएफएसपीए हटाने पर विचार करेंगे

## वहां मौजूद जवानों को भी वापस बुलाया जा सकता है

**प्रक्रिया**

**शाह की अपील- युवा पाकिस्तानी साजिश से दूर रहें**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर से आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर्स एक्ट हटाने पर विचार करेंगे। वहां मौजूद जवानों को वापस बुलाने का भी प्लान बनाया जा रहा है। इसके अलावा अमित शाह ने राज्य में सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव कराने की भी बात कही है।

अमित शाह ने एक मीडिया ग्रुप को दिए इंटरव्यू में कहा कि सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लॉ एंड ऑर्डर की जिम्मेदारी अब सिर्फ पुलिस को सौंपने की तैयारी की है। पहले वहां की पुलिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता था, लेकिन अब पुलिस बड़े ऑपरेशन लीड कर रही है।

अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के ओबीसी को मोदी सरकार ने रिजर्वेशन दिया। महिलाओं को भी हमारी सरकार ने एक तिहाई आरक्षण दिया है। पंचायत और शहरी स्थानीय निकायों में ओबीसी रिजर्वेशन की व्यवस्था भी की गई। हमने ही स्ट और स्त्र के लिए रिजर्वेशन की जगह बनाई है।

हमने गुज्जर और बकरवाल समुदाय की हिस्सेदारी कम किए बिना पहाड़ियों को 10 प्रतिशत रिजर्वेशन दिया। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से विस्थापित लोगों को यहां बसाने के लिए हमने विशेष प्रावधान किए हैं। हमारी सरकार इन सुविधाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का प्रण लिया है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने कई बार इस आरक्षण व्यवस्था को खत्म करने की कोशिश की, लेकिन अब जनता उनके इरादे जान गई है। मैं पूछना चाहता हूं कि 75 साल से इन लोगों को नेशनल कॉन्फ्रेंस ने रिजर्वेशन क्यों नहीं दिया।

अमित शाह ने कहा कि जब यहां आतंकवाद का दौर था, तब अब्दुल्ला इंग्लैंड के दौरे पर चले जाते थे। दोनों (अब्दुल्ला और महबूबा) को जम्मू कश्मीर के मुद्दों पर राय देने का कोई हक नहीं है। इन दोनों के कार्यकाल में बहुत फेक एनकाउंटर हुए थे। पिछले 5 साल में यहां एक भी फेक एनकाउंटर नहीं हुआ, बल्कि फेक एनकाउंटर में शामिल लोगों के खिलाफ एफआईआर ही दर्ज हुई है।

अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने 12 संगठनों को बैन किया है, जिनके तार आतंकवाद से जुड़े थे। हमारी सरकार में टेरर फंडिंग से जुड़े 22 केस दर्ज किए गए हैं। 150 करोड़ की संपत्ति भी सीज की है। साथ ही 134 बैंक अकाउंट भी फ्रीज किए हैं।

अमित शाह ने कहा- 2010 में जम्मू कश्मीर में पत्थरबाजी के 2564 घटनाएं हुई थीं, जो अब शून्य हो गई है। 2004 से 2014 तक आतंकवाद की 7217 घटनाएं हुई थीं। अब इसमें 70 प्रतिशत की कमी आई है। 2014 से 2023 तक ये घटनाएं घटकर 2227 हो गई हैं।

अमित शाह ने दावा किया 2004 से 2014 तक मौतों की कुल संख्या 2829 थीं। 2014-2023 के दौरान इनमें 68 प्रतिशत कमी आई।

# दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत पर चुनाव आयोग सख्त

**सुनवाई**

**टिप्पणियों को लेकर नोटिस जारी कर मांगा जवाब**

एजेंसी




**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार कंगना रनौत के खिलाफ टिप्पणी को लेकर चुनाव आयोग ने बड़ा कदम उठाया है। इस बाबत आयोग ने भाजपा सांसद दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही आयोग ने दोनों नेताओं से इस नोटिस पर 29 मार्च 2024 शाम 5 बजे तक जवाब देने को भी कहा है।

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना की एक तस्वीर के साथ एक आपत्तिजनक पोस्ट साझा की थी। जब उनके पोस्ट को लेकर बवाल मचा तो कांग्रेस प्रवक्ता ने पोस्ट हटा ली और दावा किया कि उनके इंस्टा के अकाउंट पर कई लोगों का एक्सेस है। इसमें से किसी व्यक्ति ने घृणित और आपत्तिजनक पोस्ट किया था। हालांकि भाजपा नेताओं ने उनके पोस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर कर टीएमसी पर हमला बोला था।

वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद दिलीप घोष के एक वीडियो क्लिप में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मजाक उड़ाते हुए विवादित टिप्पणी की थी। इसे लेकर टीएसमी कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता को आड़े हाथों लिया था। इस बीच, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने घोष को नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा है।

### नहीं रहे रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्मरणानंदजी महाराज

**नई दिल्ली।** रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष श्री स्मरणानंदजी महाराज का मंगलवार को देर शाम कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे और आयु संबंधी रोगों से पीड़ित थे। रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन बेलूर मठ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स' पर यह जानकारी देते हुये कहा, गहरे दुख के साथ हम रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंदजी के मंगलवार, 26 मार्च 2024 को रात 8.14 बजे रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान अस्पताल, कोलकाता में निधन की घोषणा करते हैं। वह 94 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामी स्मरणानंदजी के निधन पर अपनी संवेदनायें प्रकट करते हुये कहा कि उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन अध्यात्मिकताऔर लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया।

### इसरो ने हासिल की बड़ी कामयाबी, पीएसएलवी ने पूरा किया शून्य मलबा मिशन

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने उस समय एक और मील का पत्थर हासिल किया है, जब पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल-3 ने पृथ्वी के वायुमंडल में पुन- प्रवेश करके शून्य कक्षीय मलबा मिशन को पूरा किया। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया है कि पीएसएलवी-सी 58 /एक्सपीओसैट मिशन ने व्यावहारिक रूप से कक्षा में शून्य मलबा छोड़ा है। उल्लेखनीय है कि पीएसएलवी-सी 58 मिशन को सभी उपग्रहों को उनकी वांछित कक्षाओं में स्थापित करने के प्राथमिक मिशन को पूरा करने के बाद 01 जनवरी, 2024 को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया था। पीएसएलवी के पीएसएलवी के टर्मिनल चरण को 3-अक्ष स्थिर मंच, पीओईएम-3 में बदल दिया गया है। इसे 650 किलोमीटर की ऊंचाई से 350 किमी तक डी-ऑर्बिट किया गया था, जिससे इसके शीघ्र पुन- प्रवेश की सुविधा मिली, और किसी भी आकस्मिक ब्रेक-अप जोखिम को कम करने के लिए अवशिष्ट प्रणोदकों को हटाने के लिए निष्क्रिय किया गया था।

## ईडी की बड़ी कार्रवाई, दिल्ली में आप नेता दीपक सिंघला के घर पर छापेमारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी चल रही है। ईडी ने आम आदमी पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी दीपक सिंघला के घर रेड डाली है। सिंघला विश्वास नगर से आम आदमी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद सिंघला दूसरे आप नेता हैं जिनके घर पर छापेमारी हुई है।इससे पहले मटियाला से आम आदमी पार्टी के विधायक गुलाब सिंह यादव के घर पर भी 23 मार्च को छापेमारी की गई थी।

दिल्ली में सिंघला स्वीट के नाम से मशहूर मिठाई की दुकानें हैं। वह एमसीडी के आम आदमी पार्टी के सह प्रभारी होने के साथ महाराष्ट्र और गोवा में पार्टी के प्रभारी भी हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सिंघला पर ईडी ने छापेमारी किस मामले में की है। गोवा से कनेक्शन होने की वजह से माना जा रहा है कि छापेमारी कथित शराब घोटाले से जुड़े मामले की वजह से हो सकती है। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच एजेंसी का दावा है कि आम आदमी पार्टी ने शराब घोटाले से मिली रिश्वत का इस्तेमाल गोवा विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए किया था।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिमांड मांगते हुए ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में दावा किया था कि 45 करोड़ रुपए हवाला के जरिए गोवा भेजे गए थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घोटाले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें कोर्ट ने 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेजा है। केजरीवाल से ईडी पूछताछ कर रही है। इस मामले में केजरीवाल के अलावा पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सांसद संजय सिंह और संचार प्रभारी विजय नायर को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## बिजनौर में अनियंत्रित कार गड्ढे में गिरी, चार की मौत

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के नजीबाबाद थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, गांव गुनियापुर के नजदीक एनएच- 74 पर बुधवार सुबह सड़क के किनारे बड़े गड्ढे में एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों में पिता और दो बेटे शामिल बताए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान अमरोहा के सिकहेराड़ा गांव निवासी मेहर सिंह के बेटे प्रवेंद्र और रतन तथा उनके साले देवेन्द्र के रूप में हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेजा गया है। बताया जाता है कि ये सभी लोग अमरोहा से ऋषिकेश जा रहे थे। आगे घटना की जांच जारी है।

## अलवर में सत्ता का संग्राम, भाजपा नेता ने कहा- मोदी जी के आगे कांग्रेस के सभी नेता फेल

एजेंसी



**अलवर।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जाति-पाति की राजनीति में विश्वास नहीं करती। हमारा तो कहना है कि न जाति पर न पात पर, मोहर लगेगी हाथ पर। जाति की बात करें तो जब भी यहां पर यादव के खिलाफ कांग्रेस या बीजेपी दोनों आपस में लड़ी हैं तो यहां से कांग्रेस का प्रत्याशी जीता है। हमारे पास जनता का मेंडेट है। जितेंद्र सिंह जी ने जो विकास कार्य कराए वो हैं और अशोक गहलोत जी की जन कल्याणकारी योजनाएं हैं। और भारतीय जनता पार्टी के जो जुमले हैं उनके खिलाफ हम चुनाव लड़ रहे हैं।

मुद्दों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार ने देश से वादे किए कि दो करोड़ रोजगार दूंगा। वो गारंटी दी थी उन्होंने, वो उनकी गारंटी फेल हो गई है। रुपये को डॉलर के बराबर करने की गारंटी दी थी, अब डॉलर 90 रुपये का बिक रहा है। मोदी जी ने कहा कि 15 लाख रुपये हर व्यक्ति के खाते में डालूंगा, वो गारंटी भी फेल हो गई। देश में बेरोजगारी बढ़ रही है, अराजकता का माहौल है, लॉ एंड ऑर्डर ठीक नहीं है। तो मोदी जी की सारी गारंटियां फेल हो रही हैं।

भाजपा के जिला प्रवक्ता जितेंद्र शर्मा ने कांग्रेस पर पलटवार कर कहा कि पूरी पार्टी अपने एक प्रोडक्ट को वर्षों से लांच करने में लगी हुई है, लेकिन अब तक लांच नहीं कर पाई है। देखिए भूपेंद्र यादव जी इस धरती से जुड़े हुए लोग हैं और हमारा उनका आज से नहीं चालीस वर्ष से जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने विकास नहीं किया, कांग्रेस विकास करती तो आज उसकी यह हालत नहीं होती। इनको विपक्ष का पद भी नहीं मिल पाया। कांग्रेसी नेता मोदी जी की गारंटी के आगे फेल हो चुके हैं।

भाजपा नेता जितेंद्र शर्मा ने अलवर के मुद्दों को लेकर कहा कि कांग्रेस की सरकार ने पांच साल में अलवर के लिए एक काम नहीं किया।

## आईपीएल में पति हार गया डेढ़ करोड़ का सट्टा, पत्नी ने की आत्महत्या

**बेंगलुरू।** कर्नाटक से बहुत ही दुखद मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति जो आईपीएल सट्टेबाजी में डेढ़ करोड़ हार गया था, उसकी पत्नी ने खुदकुशी कर ली। इंजीनियर दर्शन बाबू की 23 साल की पत्नी रंजीता का शव 18 मार्च को उनके घर पर छत से लटका मिला। चित्रदुर्ग निवासी दर्शन बाबू होसदुर्गा में लघु सिंचाई विभाग में सहायक अभियंता के रूप में काम करते हैं। वह क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगाने के शौकीन हैं और 2021 से इंडियन प्रीमियर लीग के मैचों पर दांव लगा रहे थे। रंजीता के पति दर्शन ने आईपीएल में सट्टा लगाने के लिए 13 लोगों से 1.5 करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। वे लोग पैसा मांगने के लिए उनके घर आकर धमकी देते थे। इससे परेशान होकर रंजीता ने सुसाइड किया। रंजीता ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें उसने उधार देने वाले लोगों की धमकियों के बारे में विस्तार से बताया है।


# पूर्णिया से चुनाव लड़ेंगी बीमा भारती, राजद ने सिंबल दिया

## पप्पू यादव के बारे में ये बातें कहीं

**प्रयोग**

**पप्पू यादव मेरे गार्जियन हैं, वह मेरा साथ देंगे**

एजेंसी



**पटना।** पूर्णिया महागठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। चार दिन पहले ही सीएम नीतीश कुमार की पार्टी छोड़ कर राष्ट्रीय जनता दल का दामन थामने वाली विधायक बीमा भारती ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा है कि वह राजद के टिकट पर पूर्णिया से लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। पार्टी ने उन्हें सिंबल दे दिया है। तीन अप्रैल को वह नामांकन करेंगी। बुधवार को पूर्णिया के राजद कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करके उन्होंने खुले मंच से इस बात की घोषणा कर दी कि वह पूर्णिया से चुनाव लड़ने जा रही हैं। राजद सुप्रीमो लालू यादव, राबड़ी देवी ने उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया और उन्हें पूर्णिया से महागठबंधन का लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। पूर्णिया की जनता भगवान है। बीमा ने लालू प्रसाद से सिंबल लेते हुए तस्वीर भी शेयर की।

जदयू के टिकट पर 2020 के चुनाव विधानसभा पहुंचीं बीमा भारती ने कहा कि कांग्रेस, राजद, वामदल सभी उनके साथ हैं। पूर्णिया की जनता ने मुझे चुनाव लड़ने का आशीष दिया है। राष्ट्रीय जनता दल ने उन्हें पूर्णिया से लोकसभा चुनाव लड़ने का सिंबल दिया है। मैं सभी लोगों को सिंबल भी दिखा दूंगी। जल्द ही राजद की ओर से घोषणा भी कर दिया जाएगा। मैं तीन अप्रैल को चुनाव अपना नामांकन पर्चा दाखिल करुंगी। हमारे नेता से मेरी बात हो गई है।

पप्पू यादव के पूर्णिया से चुनाव लड़ने के सवाल पर बीमा भारती ने कहा कि पप्पू यादव का मैं काफी सम्मान करती हूं। वह मेरे अभिभावक हैं। उनसे मैं अपील करती हूं कि मेरा साथ देकर मुझे चुनाव जीताने का काम करें। मैं उनको अपना गार्जियन मानती हूं। उनसे बात हुई है। वह पूर्णिया से चुनाव नहीं लड़ेंगे। वह मेरा साथ देंगे।

पूर्णिया के रूपौली विधायक से बीमा भारती ने जदयू के टिकट पर चुनाव जीता था। पांच बार विधायक और दो बार मंत्री रह चुकीं बीमा भारती चार दिन पहले ही राजद में शामिल हुई हैं। राजद ज्वाइन करने के बाद कहा था कि कि मैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की अस्थिर राजनीति से तंग आकर जनता दल यू से अपना नाता तोड़ रही हूं।

# पीएम मोदी ने संदेशखाली पीड़ित भाजपा प्रत्याशी से बात की, शक्ति स्वरूपा बताया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के बशीरहाट से भाजपा उम्मीदवार और संदेशखाली की पीड़िता रेखा पात्रा से फोन पर बातचीत की। इस दौरान पीएम ने रेखा पात्रा से चुनाव अभियान की तैयारियों समेत कई मुद्दों पर बात की।



प्रधानमंत्री ने उन्हें शक्ति स्वरूपा कहकर संबोधित किया। रेखा पात्रा ने उन्हें संदेशखाली में महिलाओं की कठिनाइयों के बारे में जानकारी दी। बातचीत में पीएम रेखा पात्रा से कह रहे हैं कि वह एक बड़ा दायित्व निभाने जा रही हैं, उन्हें कैसा लग रहा है। इस पर भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। पीएम का हाथ उनके और संदेशखाली की महिलाओं के सिर पर है, ऐसे में वह उन लोगों के लिए भगवान के समान हैं। उन्होंने कहा, ऐसा लग रहा है कि राम जी हमारे साथ हैं और राम जी का हाथ हमारे सिर पर है। इस पर पीएम ने कहा कि बल्कि इन माताओं-बहनों का हाथ मेरे सिर पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हे जानकारी है कि वह पश्चिम बंगाल में विपरीत राजनीतिक परिस्थितियों में भी प्रचार कर रही हैं। रेखा पात्रा ने पीएम मोदी को बताया कि उनके साथ जो घटना घटी थी, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण थी। केवल संदेशखाली ही नहीं, पूरे बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र की मां-बहनें इसका शिकार हुई हैं। भाजपा उम्मीदवार ने बताया कि वह 2011 से वोट नहीं दे पाई हैं। वह चाहती हैं कि पूरी सुरक्षा में इस चुनाव में मतदान कर पाएं। पीएम ने कहा कि आपकी बात चुनाव आयोग तक जरूर पहुंचेगी और चुनाव आयोग पूरा प्रबंध करेगा कि सभी मतदाता सुरक्षित मतदान कर सकें।

रेखा पात्रा ने बताया कि जब उनका नाम भाजपा उम्मीदवार के तौर पर घोषित हुआ तो तृणमूल कांग्रेस समर्थक कुछ मां-बहनों ने उनका विरोध किया। लेकिन, अब उन्होंने भी बात को समझा है। वह अब माफी मांग रही हैं। ऐसे में वह सबके लिए लड़ेंगी।

पीएम ने कहा कि यह सब सुनकर उन्हें लगता है कि भाजपा ने उनको उम्मीदवार बनाकर बहुत बड़ा काम किया है क्योंकि राजनीति में ऐसे कम लोग होते हैं जो यह कहते हैं कि जिन्होंने उसका विरोध किया है उसका भी भला हो। जब जानेगा तो सारा देश उन पर गर्व करेगा।

# लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के चुनाव में हेट कैंपेन के शिकार हुए सत्यम

## कहा- अपने देश की वकालत करता रहूंगा

एजेंसी

**लंदन।** लंदन स्कूल आफ इकोनामिक्स में छात्र संघ के चुनाव के दौरान चलाए गए हेट कैंपन को लेकर भारतीय छात्र सत्यम सुराणा ने अपनी पीड़ा व्यक्त की है। सत्यम ने कहा कि जिन लोगों ने उन्हें निशाना बनाया, वे उस समूह का हिस्सा हैं जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सफलता को पचा नहीं पा रहे।



गत वर्ष भारतीय उच्चायोग के बाहर खालिस्तान समर्थकों के प्रदर्शन के दौरान नीचे पड़े तिरंगे को अपमान से बचाने के लिए बिना भय के प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंच जाने के बाद सत्यम सुर्खियों में आए थे। उन्होंने कहा कि उन्हें इसलिए निशाना बनाया गया, क्योंकि उन्होंने अपने पोस्ट में खालिस्तानी को आतंकी बताया था। भारत मेरा देश है। मैं हमेशा अपने देश की वकालत करता रहूंगा। सत्यम ने छात्र संघ चुनाव के संबंध में बताया कि महासचिव पद के लिए नामांकन दाखिल किया था। 15 मार्च को मेरा पोस्टर फाड़ दिया गया। इसे लेकर अधिकारियों को सूचित किया गया। हमने नए पोस्टर लगाए तो पोस्टर पर लगी मेरी तस्वीर पर क्रास के निशान बना दिए गए।

अगले दिन कई मैसेज ग्रुप में मेरे खिलाफ संदेश भेजे गए। मुझे भाजपा समर्थक और फासीवादी बताया गया। यह पूछने पर कि यह अभियान भारतीय ने शुरू किया या किसी विदेशी ने तो सत्यम ने कहा कि पहला संदेश एक भारतीय का मिला था। इस अभियान में शामिल अधिकांश लोग भारतीय ही थे।

# एक टक्कर से ढहा 47 साल का इतिहास

## बाल्टीमोर ब्रिज की क्या है खासियत, यहां जानें सारे सवालों का जवाब

एजेंसी

**बाल्टीमोर।** मंगलवार यानि 26 मार्च का दिन अमेरिका के इतिहास में अब एक ऐसतिहासिक दिन बन चुका है। मंगलवार को जब एक मालवाहक जहाज बाल्टीमोर के फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से जोरदार टक्कर हो गई। जैसे ही जहाज ब्रिज से टकराई पुरा चद्द4 ब्रिज ताश के पत्ते की तरह ढह गया।



इसके साथ ही अमेरिकी इतिहास का एक प्रतीक ध्वस्त हो गया। मंगलवार को जब बाल्टीमोर ब्रिज से एक मालवाहक जहाज टकराया और उसके बाद पूरा पुल ढह गया। इस पुल का ढहना मात्र किसी संरचना का ढहना नहीं है। यह पुल अमेरिका के 47 सालों का इतिहास समेटे हुए था जो अब खत्म हो पानी में समाहित हो चुका है। आइए जानते हैं अबतक इस हादसे में क्या क्या हुआ और आखिर क्या है इस पुल का इतिहास।

कैसे घटित हुआ यह घटना- यह घटना तब घटित हुई जब जब डाली नाम का एक कार्गो शिप बाल्टीमोर के फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज के खंभों से टकरा गया जिसके बाद पुल की पूरी संरचना पानी में गिर गई। मिली जानकारी के अनुसार जहाज की लाइट बंद हो गई थी और पुल से टकराने से पहले शिप रास्ता भटक गया था। मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर ने कहा कि जहाज पर चालक दल पुल से टकराने से पहले शिप के बारे में जानकारी दे चुके थे, जिससे अधिकारियों को आने वाले यातायात को पुल पर जाने से रोकने की अनुमति मिल चुकी थी।

इस हादसे के कितने लोग हुए शिकार- न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, जब पुल गिरा तो आठ लोग पुल पर मौजूद थे। अग्निशमन अधिकारी और चिकित्सा केंद्र ने जानकारी दी कि कम से कम दो लोगों को बचाया गया है जिसमें से एक को अस्पताल ले जाया गया और बाद में उसको छुट्टी दे दी गई।

कैसा चल रहा है बचाव कार्य- मैरीलैंड राज्य पुलिस सचिव कर्नल रोलैंड एल. बटलर जूनियर के अनुसार, खोज और बचाव कार्यों में सहायता के लिए विभिन्न राज्य और स्थानीय एजेंसियों की गोताखोर टीमों को लाया गया है। यह खोज मिशन 50 बचाव कर्मियों के साथ शुरू हुआ था।

हादसे का कारण पता लगाने में जुटी टीम- जांच अधिकारी अभी भी यह पता करने के लिए काम कर रहे हैं कि दुर्घटना कैसे हुई।

### जल संकट से जूझ रहे मालदीव को मिला ड्रैगन से मदद, चीन ने भेजा तिब्बत ग्लेशियर से एकत्रित 15 सौ टन पानी

**माले।** चीन ने मालदीव को 1500 टन पीने का पानी भेजा है। मालदीव सरकार ने मंगलवार को कहा कि पानी की भारी कमी के बीच तिब्बत में ग्लेशियरों से एकत्र पानी माले पहुंच गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मालदीव को पीने का पानी उपलब्ध कराने का निर्णय चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के अध्यक्ष यान जिनहाई की मालदीव की यात्रा के दौरान किया गया था। उन्होंने पिछले वर्ष नवंबर में राष्ट्रपति डा मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात की थी। उस दौरान कहा गया था कि हिमनद क्षेत्रों से एकत्र पानी उन्हें दिया जाए। यह अत्यधिक स्वच्छ और खनिजों से भरपूर होता है। मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद से ही मालदीव का झुकाव चीन की ओर रहा है। इससे पहले की सरकार भारत समर्थित थी। भारत ने जरूरत के वक्त मालदीव की आगे बढ़कर मदद की थी। दिसंबर 2014 के दौरान जब पानी की भारी किल्लत हो गई थी, तो भारत ने तुरंत एयरक्राफ्ट के माध्यम से मालदीव को पानी पहुंचाया था। बाद में और भी मदद भेजी गई थी।

# मां की चित्कार से दहल गया कलेजा

**15 मार्च को हर्षित ने धूमधाम से मनाया था अपना जन्मदिन**

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** मेरे कलेजे का टुकड़ा मेरी बात मान लेता तो शायद आज उसकी जान बच जाती यही कह कर हर्षित की मां दहाड़ मारकर रोने लगती है। मां की दहाड़ मारकर रोने से घर में मौजूद महिलाएं भी सिसक सिसक कर रोने लगती।15 मार्च को ही हर्षित ने अपना जन्म दिन परिजनों के साथ धूमधाम से मनाया था।23 मार्च को हर्षित केशरी (25) पुत्र राजकुमार केशरी निवासी आदर्श कालोनी स्टेशन रोड अपने तीन दोस्तों शिवम् सोनी,शिवम् उमरवैश्य व शेबू उमरवैश्य के साथ मथुरा ,वृंदावन दर्शन पूजन करने के बाद 25 मार्च की रात खाटू श्याम जयपुर राजस्थान के लिए कार से निकले और जयपुर में हादसे का शिकार हो गए। हादसे में हर्षित की मौत हो गई। रात एक बजे जब यह सूचना घर वालों को मिली तो परिजनों में हाहाकार मच गया। इकलौते जवान बेटे को मौत ने मां नीलम केशरी को झकझोर कर रख दिया।वह बदहवास इधर उधर भागती रही अपने लाल के सही सलामत होने दुआ मांगती रही। लेकिन एक बेबस मां की दुआ काम न आई क्यों कि नियति मां की कोख को सूना कर चुका था। हर्षित की छोटी बहन अक्षिता केशरी ने केवल दहाड़ मारकर रोती रही बल्कि बार बार भैय्या को आवाज देकर बेहोश हो जा रही थी। बुधवार की सुबह जब हर्षित की लाश घर पहुंचा तो एक बार चीख पुकार मच गई मां और बहन की चित्कार सुनकर हर कोई रो पड़ा।पिता राजकुमार केशरी के आंखों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहा था।मां नीलम केशरी सिर्फ एक बात बार बार कहती रही हर्षित तू मेरी बात मान लेता तो आज मेरी आंखों के सामने होता।मेरे कलेजे का टुकड़ा आखिर तू क्यों चला गया। क्यों मां की बात नहीं मानी।सुबह हजारों लोगों की मौजूदगी में शव उठा तो हर कोई रोने लगा। हर्षित का अंतिम संस्कार रसूलाबाद प्रयागराज में किया गया।

# तहसील परिसर में गंदगी देख एसडीएम व तहसीलदार पर जिलाधिकारी नाराज

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के द्वारा तहसील मड़ियाहूँ का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न पटलों का गहनता से निरीक्षण किया।

उन्होंने खतौनी कक्ष के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि खतौनी निकलवाने वाले व्यक्तियों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। तहसील मे गंदगी पाए जाने पर उपजिलाधिकारी और तहसीलदार के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। आपूर्ति कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने फाइलो को सुनियोजित तरीके से रखने और नियमित रुप से अद्यतन करने के भी निर्देश दिये। रजिस्ट्री कार्यालय में जाकर फाइलो को देखा और तहसील परिसर में पुराने भवन को निष्प्रयोज्य करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने वहा मौजूद शिकायतकर्ता की शिकायते भी सुनी तथा निस्तारण के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि तहसील में आने वाले वादकारियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए ससमय निस्तारित किया जाए।

## उमेश पाल के घर के कूड़े में लगी आग

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के सुलेम सराय मोहल्ले में उमेश पाल के घर बीती रात लॉन के कूड़े में आग लग गई। धुआं उठा तो कुछ लोग वहां पहुंच गए?। हालांकि कोई धमाका नहीं हुआ लेकिन कुछ लोगों ने सनसनी फैलाने के लिए बम फटने का शोर मचा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जहां शुरू कर दी। पूछताछ के दौरान केवल कूड़े में आग लगने का मामला सामने आया।

उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने भी स्पष्ट किया कि देसी बम नहीं फेंका गया है। हालांकि उन्होंने थाने में धूमनगंज थाने में दी गई तहरीर में यह अवश्य लिखा है कि किसी ज्वलनशील पदार्थ की वजह से आग लगी है। पुलिस ने सीसीटीवी खंगाला तो बम जैसी कोई बात सामने नहीं आई। ना ही परिवार के लोगों ने कोई आवाज सुनी।

## शिकायत नियत्रंण कक्ष एवं कॉलसेन्टर का किया गया गठन

**प्रयागराज।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान निर्वाचन व्यय संबंधी भ्रष्ट आचरण की शिकायतों के लिए शिकायत नियत्रंण कक्ष एवं कॉलसेन्टर का गठन किया गया है। शिकायत नियंत्रण कक्ष व कॉलसेन्टर को कोषागार कलेक्ट्रेट प्रयागराज के कार्यालय परिसर में सक्रिय कर दिया गया है, जिसमें स्थापित टोलफ्री दूरभाष संख्या-0532-2990390, 0532-2990391 एवं 0532-2990392 पर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के विपरीत किसी भी दल/प्रत्याशी द्वारा किये जा रहे निर्वाचन व्यय की शिकायत की जा सकती है।

## बदलापुर थाने के सामने आत्मदाह के प्रयास से हड़कंप

**जौनपुर।** जनपद के थाना बदलापुर के गेट पर आज बुधवार को दिन में खुटहन क्षेत्र स्थित ग्राम मेढ़ा निवासी युवक ने अपने उपर मिट्टी का तेल छिड़क कर आत्महत्या का प्रयास किया लेकिन घटनास्थल पर मौजूद आम जनमानस और पुलिस ने संयुक्त रूप से आत्महत्या के प्रयास को असफल कर युवक को गिरफ्तार कर हिरासत में लेलिया है। आत्महत्या करने का कारण क्या है इसका खुलासा पुलिस अथवा खुद आत्महत्या करने वाला सीधे तौर पर तो नहीं किया है। लेकिन अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह ने जारी एक बयान में बताया कि युवक का घनश्यामपुर चौकी क्षेत्र के पूराबजार के किसी व्यक्ति से पैसे का लेनदेन का मामला था। युवक उसी को लेकर पुलिस पर दबाव बनाने के लिए आत्महत्या का नाटक किया था। हलांकि पुलिस अब पूरे घटनाक्रम की छानबीन कर रही है। जांचोपरांत विधिक कार्यवाईयां सम्भावित है।

# डीएम ने स्वास्थ्य केन्द्र मडियाहूँ का किया निरीक्षण

**सीएचसी के बगल में प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेन्टर पर अप्रशिक्षित कर्मचारी कार्य कर रहे हैं सील का डीएम ने दिया आदेश**

**अवधनामा संवाददाता**




**जौनपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मडियाहूँ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भवन की भौतिक स्थिति संतोषजनक नही पायी, जिस पर सीएमओ की जिम्मेदारी तय किये जाने हेतु कहा गया। जिलाधिकारी ने भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने ओपीडी रुम में जाकर पूछा कि कुल कितने मरीज देखे गये और इस दौरान किस तरह के मरीज अधिक आ रहे है। जिलाधिकारी ने दवाओं की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि सभी प्रकार की आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहे। टी0बी0 डाट्स केन्द्र पर जाकर जानकारी प्राप्त की कि कितने मरीजों का इलाज किया जा रहा है जिस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी के द्वारा बताया गया कि लगभग 142 मरीजों का इलाज किया जा रहा है। लैब में जाकर लैब टेक्निशियन मान सिंह से स्वास्थ्य जांच के सम्बन्ध में जानकारी ली जिस पर एलटी के द्वारा बताया गया कि लगभग 60-70 जॉचें की जाती है। आज कुल 16 लोगो का एक्सरे हुआ पाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अपनी आखों की जांच भी करवायी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के बगल में स्थित डायग्नोस्टिक सेन्टर पर अप्रशिक्षित कर्मचारी कार्य करते पाये गये, जिस पर तत्काल रूप से डायग्नोस्टिक सेन्टर को सील करने और उपजिलाधिकारी एवं नोडल एसीएमओ को सम्बन्धित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 एम.एस. यादव को निर्देश दिया कि सभी चिकित्सक समय से स्वास्थ्य केन्द्र पर उपस्थित रहकर मरीजों का इलाज करें।

स्वास्थ्य केन्द्र पर साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाए। नियमित साफ-सफाई की जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कुणाल गौरव, डा0 अरूण कुमार भारती, डा0 शाहिद अख्तर, डा0 दीवा, डा0 अरुण कुमार यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# चकबंदी कार्यालय में होली मिलन का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** चकबंदी कार्यालय नेहरू हॉल में मुख्य लिपिक प्रदीप कुमार सिंह द्वारा होली मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अधीनस्थ कर्मचारी और जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मंत्री व अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी प्रजापति ममगई ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उप संचालक चकबंदी मेघ बरन जी थे। उपस्थित सभी अधीनस्थ जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मंत्री ने भाग लिया और एक दूसरे को अबीर गुलाल एवं मिठाई खिलाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम में चकबंदी अधिकारी सोमेश नाथ पांडे ,राकेश बहादुर सिंह, वसुदेव जी, जितेंद्र सिंह, सहायक चकबंदी अधिकारी वसीम अहमद, के अतिरिक्त प्रदीप दुबे बाबू ,संजय चौहान, सुनील कुमार,सत्येंद्र चौबे, राहुल पाल, वसीम खान,खुर्शीद अहमद, इकबाल अहमद अभिषेक दयाराम आदि लोग उपस्थित थे।

# जिला अस्पताल में दलाल का कब्जा

**डॉक्टर व दलाल के बीच भिड़ंत, मरीजों में हड़कंप**

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जिला अस्पताल में बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब आर्थो वार्ड में एक डॉक्टर व दलाल के बीच भिड़ंत हो गई। विवाद के बाद दोनों ने एक दूसरे पर हमला किया। मारपीट में दलाल के कपड़े फट गए। वहीं डॉक्टर के चेहरे पर चोट आई। एक मरीज से पैसों के लेनदेन को लेकर डॉक्टर व दलाल के बीच विवाद हुआ था। घंटे भर तक मामले को लेकर अस्पताल में हंगामा मचा रहा। सूचना पर पुलिस पहुंची और एसआईसी कक्ष में सीएमओ की मौजूदगी में घंटों मामले को लेकर बातचीत हुई। डॉक्टर व दलाल के बीच मारपीट चर्चा का विषय बन गया। जिला अस्पताल में दलालों का वर्चस्व तोड़ने में अस्पताल प्रशासन सफल नहीं हो सका है। जिसके चलते आए दिन दलालों की आपस में मारपीट की बात सामने आती रहती है। वहीं अब डॉक्टर व दलाल के बीच मारपीट का मामला भी सामने आने लगा है। बुधवार की सुबह आर्थो वार्ड में दलाल गौरव तिवारी मौजूद था और मरीजों से कुछ पैसों के लेनदेन की बात कर रहा था। इसी दौरान डॉ. वीके श्रीवास्तव वार्ड में राउंड पर पहुंच गए। जहां डॉक्टर व दलाल के बीच विवाद हो गया। दोनों के बीच जमकर हाथापाई हुई, जिसमें दलाल गौरव के कपड़े फट गए। वहीं डॉ. वीके श्रीवास्तव के चेहरे पर दलाल द्वारा कई थप्पड़ जड़ने से सूजन आ गया। हाथापाई के बाद दलाल मौके से फरार हो गया। घटना से अस्पताल परिसर में घंटो हंगामे की स्थिति रही। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और डॉक्टर वीके श्रीवास्तव का मेडिकल मुआयना आदि कराया। प्रकरण को लेकर जिला अस्पताल के डॉक्टर आक्रोशित हैं। इसे लेकर एसआईसी कक्ष में बैठक कर मामले को सुलझाने पर बातचीत होती रही। जिसमें एसआईसी डॉ. आमोद के अलावा सीएमओ डॉ. आईएन तिवारी भी मौजूद रहे।

# अंबिका सेवा संस्थान के सहयोग से मिली ट्राई साइकिल

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** मोहम्मदपुर विकासखंड के कलंदरपुर गांव का रहने वाला भानु बनवासी जो दोनों पैरों से विकलांग है जो जमीन पर खिसक कर भीख मांगने का काम करता है सरकारी सुविधाओं से वंचित भानु जब भीख मांगते बिंद्रा बाजार अंबिका सेवा संस्थान कार्यालय से गुजर रहा था तो संस्था के सदस्यों की निगाह पड़ी जब भानू ने अपनी आपबीती बताई तो सदस्यों ने इसे ट्राई साइकिल देने और संपूर्ण रूप से मदद करने का आश्वासन दिया जिस पर संस्था के प्रभारी अभिषेक उपाध्याय ने इस संदर्भ में उच्च अधिकारियों से वार्ता करने के बाद लोगों ने चुनाव बाद साइकिल देने का आश्वासन दिया लेकिन इसकी हालत देखते हुए इसे तत्काल संस्था ने स्वयं के सहयोग से आजमगढ़ जनपद से ट्राई साइकिल मंगवा कर बुधवार को 4:30 बजे अपने कार्यालय से इसे ट्राई साइकिल प्रदान किया। विकलांग भानु जब ट्राई साइकिल पाया तो उसके चेहरे पर अलग खुशी दिखी उसने बताया कि ईतनी उम्र बीतने के बाद भी आज तक कोई हमारा ध्यान नहीं दिया लेकिन संस्था के लोगों ने ट्राई साइकिल देकर मुझे जमीन से खिसक कर भीख मांगने से निजात दिला दिया अब मैं आसानी से कहीं आ जा सकता हूं। इस मौके पर अली शेख पवन अस्थाना वीरेंद्र मौर्य सुनील पांडे शिवम टटेरा मुकेश सेठ प्रिंस कुमार लकी श्रीवास्तव राजेंद्र कुमार अजय श्रीवास्तव देवेश उपाध्याय शशांक तिवारी बड़े सेठ अनिल शर्मा अजय उपाध्याय दिनेश गुप्ता समेत दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में 9 वे कॉन्वोकेशन सेरेमनी का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में 9 वे कॉन्वोकेशन सेरेमनी में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि न्यायाधीश संजय कुमार गौंड मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय सीनियर डिवीजन बलिया व वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने अभिभावकों के साथ माँ सरस्वती का पूजन व उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरुआत किया। उसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताते हुवे कहाकि इतने कम समय मे विद्यालय के बच्चों ने कीर्तिमान स्थापित किया जिसमें आईआईटी में चयन, जेईई में चयन, जिले के टॉपर में स्थान, एएमयू में चयन, सीचस में चयन, आजमगढ़ महोत्सव में विजेता, हिंदुस्तान ओलम्पियाड में टॉपर आदि उलेखनीय हैं, इसके साथ ही नये सत्र में बच्चों को उपलब्ध होने वाली सुविधाओं को विस्तार से बताते हुवे कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वागीण विकास के लिये कटिबद्ध हैं जो वी आर द बेस्ट, बेटर दैन द नेक्स्ट के स्लोगन के साथ कार्य कर रही है। ततपश्चात सभी कक्षा के विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को सर्टिफिकेट, मैडल, ट्रॉफी और उपहार प्रदान किया गया। बच्चों में विभिन्न प्रकार के प्रतिभाओ को ध्यान में रखते हुवे बेस्ट स्किल, बेस्ट यूनिफॉर्म, बेस्ट स्पीकर, बेस्ट सिंगर, बेस्ट डिसिप्लिन, बेस्ट डॉयट, बेस्ट डांसर, सौ प्रतिशत उपस्थिति, बेस्ट आर्टिस्ट, स्किल्ड पैरेंट्स मिस वेदांता प्राइमरी, जूनियर और सीनियर स्तर, गो ऐज यू लाइक, बेस्ट एक्टिविटी अवार्ड, बेस्ट एंकर के साथ ही टीचर्स को बेस्ट टीचर अवार्ड, जेम्स ऑफ वेदांता अवार्ड, रिटेनन्सन अवार्ड , सांत्वना अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मान से अभिभूत बहुत से अभिभावकों ने एक स्वर में विद्यालय की तारीफ किया। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि न्यायाधीश संजय कुमार गोंड ने अपने सम्बोधन में बच्चों को कड़ी मेहनत व मोबाईल से दूर रहने की सलाह दिया। शिव गोविंद सिंह प्रबंध निदेशक ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुवे उनके साथ ही सभी का आभार ब्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन दामिनी सिंह व सुनील तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभाकर सिंह, ए के शुक्ला, एजाज अहमद, नीलम चौहान, अनीता सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# होली के दिन दो पक्षों में मारपीट, 10 -12 लोग घायलः पुलिस

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** बिलरियागंज थाना अंतर्गत श्रीनगर सियरहां के झूसियां हरिजन बस्ती में होली के दिन लगभग 2रू30 बजे के आसपास एक पक्ष के संजय पुत्र मिट्ठू को बुलाकर दूसरे पक्ष के लोग मारने पीटने लगे जिसकी जानकारी होने पर संजय के पक्ष के लोग आमने-सामने हो गये और ईंट, पत्थर ,डंडा से एक दूसरे को मारने लगे जिसमें दोनों पक्ष के लगभग 10 से 12 लोग महिला और पुरुष घायल हो गए जिनको ग्रामीणों द्वारा बीच बचाव करते हुए दोनों पक्ष को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां मामूली रूप से चोटिल व्यक्तियों का इलाज करके छोड़ दिया गया है जिनको ज्यादा छोटे आई हैं उनको भर्ती किया गया है। सूचना मिलते ही मौके पर बिलरियागंज थाने के एसआई अनुज पांडे मय हमराह पहुंचकर मामले की छानबीन करने लगे। दोनों पक्षों के द्वारा थाने पर तहरीर दे दी गई है और दोनों पक्षों पर मुकदमा कायम हो गया है एक पक्ष से संजय पुत्र मिट्ठू उम्र लगभग 40 वर्ष ,बृजेश पुत्र जोगिंदर उम्र 17 वर्ष ,निशा पत्नी जोगिंदर उम्र 40 वर्ष ,सरोज पुत्री जोगिंदर उम्र 18 वर्ष ,दीपक पुत्र मखनचू उम्र 25 वर्ष, रोहित पुत्र सूरत तथा दूसरे पक्ष से चंदन पुत्र धुपई उम्र 25 वर्ष,चंदू पुत्र धुपई उम्र 22 वर्ष, तूफानी पुत्र नरेश उम्र 55 वर्ष, सुखारी पुत्र नरेश 52 वर्ष, लपई पुत्र नरेश 50 वर्ष ,शुभम पुत्र मुकेश उम्र 16 वर्ष ,रवि पुत्र पलकु राम उम्र 24 वर्ष, सजीवन पुत्र पलकू उम्र 27 वर्ष, मुकेश पुत्र तूफानी उम्र 35 वर्ष, चंपा पत्नी मुकेश उम्र 35 वर्ष तथा बबली उम्र 30 वर्ष आदि लोग रहे। जिसमें लपई तथा संजय को ज्यादा चोटें आई है बाकी लोगों का भी इलाज चल रहा है।

# तीसरे दिन ठठेरी बाजार में खेली गई ऐतिहासिक होली

**नैनी बाजार में भी तीसरे दिन खेली गई कपड़ाफाड़ होली**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** चौक स्थित ठठेरी बाजार की ऐतिहासिक होली बुधवार को खेली गई। पुरानी परंपरा के अनुसार केवल ठठेरी गली में यह होली खेली जाती है। उधर नैनी बाजार में बुधवार को होली के तीसरे दिन परंपरानुसार कपड़ाफाड़ होली खेली गई। इस दौरान बच्चे, बूढ़े और जवान सभी एकजुट होकर रंग से सराबोर होकर फिल्मी गाने पर झूमते और थिरकते रहे। तीसरे दिन होली की परंपरा यहां कई दशक से चली आ रही है। दरअसल एक बार दूसरी होली के दिन प्रशासन ने होली खेलने से मना कर दिया था। कारण दूसरे दिन शुक्रवार होने से नैनी बाजार के बगल ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के लोगों को नमाज अदा करने के लिए जाना था। किसी के ऊपर रंग गिरने से माहौल बिगड़ने का खतरा था। लेकिन हिंदू समाज के लोगों ने रंग खेलने की बात कही। इस पर बीच का रास्ता निकाला गया कि होली दूसरे के बजाय तीसरे दिन खेल ली जाय। इस पर हिंदू समुदाय मान गया और तभी से तीसरे दिन होली खेलने की परंपरा शुरु हो गई। तब से नैनी बाजार में तीसरे दिन भी होली खेली जाती है। एक दूसरे को लोग खूब रंग लगाते हैं। इस होली को लेकर प्रशासन भी अलर्ट रहता है। बाजार जाने वाले दोनों मार्गो को बंद कर दिया जाता है। विवाद ना हो इसके लिए लोगों को बाजार जाने से भी रोका जाता है।

# लोकसभा चुनाव व रमजान त्योहार को लेकर पुलिस बल सीआईएसएफ बल का पैदल मार्च

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** फूलपुर में लोकसभा चुनाव मे निष्पक्ष एवम् शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराने के दृष्टि से सी आई एस एफ जवानों का रूट मार्च फूलपुर कोतवाल शशि चन्द चौधरी के नेतृत्व में स्थनीय पुलिस बल के साथ निकाला गया।

रूट मार्च कोतवाली परिसर से निकलकर रेलवे स्टेशन, क्षेत्र पंचायत कार्यालय, उदपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , हॉस्पिटल तिराहा,से शबाना आजमी मार्ग, मां भवानी तिराहा, शनिचर बाजार, चूना चौक, मगंल बाजार, होते हुए बस स्टॉप पहुंची। जलपान के बाद अंबारी बाजार रूट मार्च किया।

# शाही मस्जिद बड़ा दायरा में मुकम्मल हुई कुरआन

**हाफिज मुकर्रब अली मियां ने सुनाई**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद की शाही मस्जिद में आज कुरान मुकम्मल हुई कुरान मुकम्मल होने के बाद मस्जिद में मुल्क में शांति और अमन की विशेष दुआएं की गई। कुरान मुक्कमल कराने वाले शाही मस्जिद के पेश इमाम और हज़रत शाह मुहिबुल्ला के सज्जादा नशीं अली मियां ने फातेहा पढ़ी। इस मौके पर मस्जिद में मौजूद नमाज़ियों ने उनको फूलों की माला पहना कर उनका खैरमकदम किया। इस मौके पर अली मियां ने दुनिया के मुसलमानों की हिफाज़त करने की दुई की। मस्जिद में उसैद फारूकी, पूर्व पार्षद मोहम्मद सादिक, मोहम्मद अली सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

बहादुर गंज के दायरे में स्थित इस शाही मस्जिद को मुगल बादशाह दारा शिकोह ने तामील करवाई थी और पूरे बहादुर गंज के दायरे को बसाया था। दारा शिकोह हज़रत शाह मुहिबुल्ला इलाहाबादी (दादा मियां) को अपना गुरु मानता था?। 1648 ईसवी में जब दादा मियां का निधन हुआ था तब दारा शिकोह ने इसी बहादुर गंज दायरा में उनका मकबरा बनाने का हुक्म दिया था, लेकिन दादा मियां ने बादशाह के ख्वाब में आकर मकबरा न बनवाने को कहा था। उसके बाद जिन पत्थरो से मकबरा बनना था उसी पत्थरो से ये शाही मस्जिद तामील कराई गई। इस मस्जिद में आज भी मुगल कालीन कलाओं का हुनर देखने को मिलता है। शाही मस्जिद के अंदर कई जगहों पर कुरान की आयतें भी पत्थरो पर उकेरी गई है। आज भी ये शाही मस्जिद अपना इतिहास समेटे हुए है। इस मस्जिद के पेश इमाम अली मिया दादा मियां की तेरहवीं पीढ़ी से है और दादा मिया के सज्जादा नशीं है। अली मिया बताते है कि दादा मियां की गद्दी मिलना उनके लिए एक सौभग्य की बात है और उनके नक्से कदम पर चलना है ही मेरी ज़िंदगी का मकसद बन चुका है।

इस दौरान हाफिज अली मियां, शाह मुबारिज मियां, मो फारूकी, पप्पू, अब्दुल करीम, पूर्व सभासद मो सादिक, असद कुरैशी, मो इमरान लाईक सामिल रहे।

## एशियन ग्रेनिटो इंडिया लिमिटेड ने ब्रांड एंबेसडर के रूप में सुप्रसिद्ध बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर को साईन किया

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी टाइल्स, इंजीनियर्ड मार्बल, क्वार्ट्ज और बाथवेयर ब्रांड्स में से एक एशियन ग्रेनिटो इंडिया लिमिटेड (एजीएल) बॉलीवुड हार्टथ्रोब रणबीर कपूर को अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में साइन करने की गर्व से घोषणा करता है। अपने आकर्षण, बहुमुखी प्रतिभा और युवापन के लिए पहचाने जाने वाले रणबीर कपूर पूरी तरह से इनोवेटिव, डायनेमिक और लगातार विकसित होने वाली एशियन ग्रेनिटो की भावना का प्रतीक हैं। वर्षों की उत्कृष्टता के आधार पर बनाई गई एक मजबूत और अटल प्रतिष्ठा के साथ, एशियन ग्रेनिटो इंडिया लिमिटेड सीमाओं को पार करके और उद्योग में नए स्टान्डर्ड्स स्थापित करना जारी रखती है। रणबीर कपूर के साथ पार्टनरशिप उत्कृष्टता और नवीनता के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है, जो एक रोमांचक भविष्य का वादा करती है। एक युवा और सबसे तेजी से बढ़ती ब्रांड के रूप में एशियन ग्रेनिटो इंडिया लिमिटेड अपनी प्रोडक्ट्स के इनोवेटिव और रिच कलेक्शन के साथ सीमाओं से आगे बढ रही है और सबसे आगे रहने के लिए प्रतिबद्ध है। रणबीर कपूर के साथ ब्रांड का लक्ष्य बाजार में अपनी उपस्थिति को और बढ़ाना और व्यापक दर्शकों, विशेषकर युवा वर्ग से जुड़ना है।




इस सहयोग पर टिप्पणी करते हुए, एशियन ग्रेनिटो इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री कमलेश पटेल ने बताया कि, ÷हमें एशियन ग्रेनिटो परिवार में रणबीर कपूर का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। उनका करिश्मा और अपील हमारे ब्रांड मूल्यों के साथ गहराई से मेल खाते है और हम इस यात्रा को एक साथ शुरू करने के लिए उत्साहित है। रणबीर को हमारे ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त करने के बाद हमें विश्वास है कि हम नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे और अपने ग्राहकों के लिए यादगार अनुभव बनाएंगे।

## अगले 5 सालों में विकास दर में होगी वृद्धि

**नई दिल्ली।** 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने बुधवार को कहा कि भारत अगले पांच वर्षों में कुछ और सुधारों को लागू करके वास्तविक रूप से अपनी आर्थिक वृद्धि को मौजूदा 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत के करीब



पहुंचा सकता है। पनगढ़िया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को व्यवसायों के लिए अनुकूल स्थान बनाने के लिए पिछले 10 वर्षों में कड़ी मेहनत की है, इसलिए निवेश आ रहा है। उन्होंने कहा कि आज, अर्थव्यवस्था खुली है। अगले 2-3 दशकों में, हम बहुत तेजी से विकास कर सकते हैं। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी जो पिछले डेढ़ साल में सबसे तेज है। भारत वर्तमान में वास्तविक रुपये में लगभग 7 प्रतिशत या प्रति वर्ष की दर से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से अगले पांच वर्षों में कुछ और सुधारों के साथ, हम वास्तविक रूप से इसे 9 प्रतिशत के करीब पहुंचा सकते हैं, निश्चित रूप से 8-9 प्रतिशत पर और इसे कुछ दशकों तक आसानी से बरकरार रखा जा सकता है। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यम के यह कहने पर कि भारत के नवीनतम जीडीपी आंकड़े %बिल्कुल रहस्यमय हैं और उन्हें समझना मुश्किल है। पनगढ़िया ने कहा कि मोदी सरकार के दौरान जीडीपी की गणना के लिए पद्धतिगत बदलाव की सिफारिश पिछले प्रशासन (यूपीए सरकार) द्वारा नियुक्त निकायों द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा कि किसी ने भी.उन लोगों की ईमानदारी पर सवाल नहीं उठाया है, जो वास्तव में ये (जीडीपी) आंकड़े करते हैं। यह एक नई तरह की घटना है, जिसे मैं नहीं समझता।

## थम्स अप ने लॉन्च किया तूफान - क्रिकेट प्रशंसक एक खास चार्टर्ड विमान से कर सकेंगे आईसीसी टी20 मेंस वर्ल्ड कप का तूफानी दौरा

**लखनऊ।** कोका-कोला कंपनी का भारत का घरेलू बेवरेज ब्रांड, थम्स अप आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपने नए कैम्पेन, वर्ल्ड कप का तूफानी टूर के अंतर्गत थम्स अप ब्रांडेड विशेष चार्टर्ड विमान तूफ़ान लॉन्च करने के लिए उत्साहित है। आईसीसी टी20 विश्व कप के आधिकारिक बेवरेज पार्टनर के रूप में, थम्स अप ने प्रशंसकों से अपने लगाव को फिर से परिभाषित किया है और स्पोर्ट की दुनिया में प्रशंसकों के लिए नए मानक स्थापित किए हैं।

इस साल, थम्स अप क्रिकेट प्रेमियों को एक विशेष थम्स अप प्लेन पर एक जीवनकालिक रोमांच में वेस्ट इंडीज लेकर जा रहा है। यह अभियान क्रिकेट प्रेमियों को शानदार अनुभव प्रदान करेगा। इस अभियान में भारत की पसंदीदा क्रिकेट-जोड़ी- युवराज सिंह और वीरेंद्र सहवाग शामिल हैं, जो उपभोक्ताओं को थम्स अप पैक को स्कैन करने और तूफान पर सीट जीतने का मौका पाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। 01 मार्च से 30 अप्रैल तक, उपभोक्ता https://tu-iccwy.cokewhome.com/ पर पंजीकरण करके वेस्टइंडीज में लंबे समय से चले आ रहे जुड़ाव को और आगे बढ़ाने के लिए, यह टूर क्रिकेट की भावना को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड के समर्पण का प्रतिनिधित्व करता है। तूफ़ानी दौरे के




आइसीसी टी20 वर्ल्ड कप की यात्रा जीतने का मौका पा सकते हैं। चुनिंदा थम्स अप पैक के पीछे उपलब्ध माइल्स जीतने वाले उपभोक्ता 2 महीने लंबे डेली लकी ड्रा में दांव लगाने का मौका जीत सकते हैं, जिसमें हर दिन एक सीट दी जाएगी। ओलंपिक, पैरालिंपिक, आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप जैसे खेल आयोजनों के साथ अपने साथ-साथ, थम्स अप हर घंटे भारतीय जर्सी और अन्य रोमांचक पुरस्कार देकर प्रशंसकों को घर पर टीम इंडिया का उत्साह बढ़ाने में मदद करेगा। इस कैंपेन को 500 एमएल और उससे बड़े साइज़ के सभी पैक्स पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा जो लाइव क्रिकेट ऐक्शन से परे एक खास अनुभव प्रदान करेगा।

## जैक्सन सोलर और पॉवरएनसन के बीच सौर उत्पाद विक्री विस्तार के लिए साझेदारी

**लखनऊ।** पूरे भारत में मजबूत कारोबार करने वाली अग्रणी ऊर्जा और इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी जैक्सन ग्रुप ने दुबई स्थित पॉवरएनसन कंपनी के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है सौर उत्पाद की विक्री में पॉवरएनसन एक माहिर कंपनी के रुप में जानी जाती है यह साझेदारी के अंतर्गत जैक्सन ग्रुप को लखनऊ, यूपी और महाराष्ट्र में सौर उत्पाद पोर्टफोलियो के लिए विशेष वितरकशिप के अधिकार प्राप्त हुए है यह उत्पादों का निर्माण जैक्सन समूह द्वारा नोएडा में उनकी सुविधा में किया जाएगा इस सहयोग का उद्देश्य जैक्सन के वितरण नेटवर्क को महत्वपूर्ण रूप



से मजबूत करना है। इस सहयोगसे विभिन्न क्षेत्रों और अन्य घटकों के लिए एक स्थायी ऊर्जा भविष्य को आगे ले जाने मे मद्द मिलेगी। जैक्सन सोलर मॉड्युल्स एण्ड प्रॉडक्टस बिजनेस के सीईओ श्रीमान अनुराग गर्ग ने इस साझेदारी पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा पॉवरएनसन के साथ हमारी साझेदारी भारत को आत्मनिर्भर ऊर्जा भविष्य की ओर ले जाने के हमारे चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल केवल बाजार में हमारी उपस्थिति बढ़ाने के बारे में नहीं हैय यह पर्यावरण और समाज पर सार्थक प्रभाव डालने के बारे में है। अपना दृष्टीकोन स्पष्ट करते हुए उन्हाने कहा 1.2गीगावॉट की हमारी बढ़ी हुई विनिर्माण क्षमता के साथ और अयोध्या हवाई अड्डे पर सोलर रूफटॉप योजना और उसके बाद राज्य में 40 मेगावाट बिजली संयंत्र जैसी प्रमुख परियोजनाओं को विकसित करके हम सतत विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहे हैं। हमने इन महत्वपूर्ण सौर ऊर्जा परियोजनाओं में अपनी नोएडा सुविधा में उत्पादित 100,000 से अधिक सौर मॉड्यूल वितरित किए हैं, जो स्वच्छ ऊर्जा की बढ़ती मांग को संबोधित करने के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## अगर जीतना है दिल और फेम, यू मस्ट अप योर गेम!

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े डेटिंग रियलिटी टेलीविजन शो का नया सीज़न प्यार, बेहतरीन केमिस्ट्री और कभी न खत्म होने वाले ड्रामा के साथ वापस आ गया है! MTV Splitsvilla Xz: ExSqueeze Me Please में सबसे हॉट लड़कियां और लड़के 'दिल और फेम' जीतने के लिए आगे बढ़ रहे हैं! देश में सबसे ज़्यादा उत्सुकता पैदा करने वाले इस ओरिजनल गैंगस्टर डेटिंग रियलिटी टेलीविजन शो की होस्टिंग सबके दिलों पर राज करने वाली सनी लियोन कर रही हैं, और उनके को-होस्ट हैं, सबके दिलों के राजा तनुज वीरवानी। MTV Splitsvilla Xz: ExSqueeze Me Please, co-powered by NEWME, Fixderma Shadow Sun Protection, and Wild Stone Deos and Perfumes में 21 हॉट सिंगल्स दिल और फेम जीतने की टक्कर में हिस्सा लेंगे। इस शो का प्रीमियर 30 मार्च को एमटीवी और जियोसिनेमा पर एक साथ होगा, जिसके बाद यह हर शनिवार और रविवार को शाम 7 बजे प्रसारित होगा। किसी भी रियलिटी शो के लिए टेलीविजन और डिजिटल प्रसारण पहली बार एक साथ हो रहा है। MTV Splitsvilla का यह सीज़न पहली बार जियो सिनेमा पर तमिल डब में भी लॉन्च हो रहा है! MTV Splitsvilla Xz: ExSqueeze Me Please अपनी नई थीम के साथ फैन्स को मनोरंजन का एक नया अभूतपूर्व सीज़न पेश करेगा। इसमें स्प्लिट्सविलेन्स अप्रत्याशित रूप से प्यार का खेल खेलेंगे, और उनका 'एक्स' फैक्टर एक नया ड्रामा पेश करेगा। 11 लड़कियाँ और 10 लड़के अपने लिए आइडियल मैच तलाशने के लिए सब कुछ दाँव पर लगा देंगे! भावनाओं और रणनीति के इस आकर्षक मिश्रण में मिसचीफ़ मेकर, उर्फ़ी जावेद सबके बीच 'मिसचीफ़' पैदा करने के लिए वापसी कर रही हैं, और एक्सों के समानांतर विला, एक्स-आइल पर शासन करने वाली हैं। जब प्रतियोगियों का सामना अपने एक्स से होगा, तब एक दूसरे से टकराव, ईर्ष्या, खुलासे, ताँक-झाँक, पुराने हिसाब, काले इतिहास के उजागर होने के साथ माहौल में गर्मी बढ़ेगी!

## नया सिट्रोएन बैसाल्ट विज़नः एसयूवी कूपे, बोल्ड डिज़ाईन और स्पेस के साथ

**पॉयसी/चेन्नई।** आज सिट्रोएन ने सिट्रोएन बैसाल्ट विज़न की पहली झलक पेश की। यह नया एसयूवी कॉन्सेप्ट भारत और दक्षिण अमेरिका में 2024 की दूसरी छमाही में ब्रांड की श्रृंखला का हिस्सा बन जाएगा। यह शक्तिशाली और स्टाईलिश नया मॉडल अनेक ऑटोमोटिव कोड्स के मिश्रण द्वारा ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करेगा। इसमें कूपे की फ्लुडिटी और डायनामिज़्म के साथ ऊँची एसयूवी की मजबूती है, जो 5-डोर सलून के बेहतरीन संतुलन और स्पेस के साथ दी गई है। हर क्षेत्र के मुख्यालय में काम करने वाली टीमों को शामिल करके विकसित की गई और स्थानीय अनुभव की मदद से बनाई गई बैसाल्ट अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य बाजारों में सी3 और सी3 एयरक्रॉस के साथ सिट्रोएन की वृद्धि में मदद करेगी। ये तीनों मॉडल अपने मजबूत कैरेक्टर और विशिष्ट ऑनबोर्ड कम्फर्ट वाले मॉडलों को बाजार में उतारने के कार्यक्रम का हिस्सा हैं। बैसाल्ट ऐसे ही विश्वसनीय मॉडल को प्रतिबिंबित करता है, जो ग्राहकों को 2024 की दूसरी छमाही में पेश किया जाएगा। सिट्रोएन के सीईओ, थिएरी कोस्कस ने कहा, ''हमें सिट्रोएन की अंतर्राष्ट्रीय वृद्धि के लिए डिज़ाईन किए गए इस कार्यक्रम के तीसरे मॉडल का अनावरण करने की खुशी है। आने वाले महीनों में स्थानीय टीमें एसयूवी कूपे का यह




इनोवेटिव कॉन्सेप्ट पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो बोल्ड डिज़ाईन, स्पेस और अद्वितीय कम्फर्ट प्रदान करेगा। स्वदेशी रूप से निर्मित व विकसित बैसाल्ट के साथ हमें विश्वास है कि यह ग्राहकों को बहुत आकर्षित करेगा, जिससे बड़े बाजारों में हमारी स्थिति मजबूत होगी। हम साल के मध्य में आपको इसके बारे में और ज्यादा जानकारी देंगे।'' इस सेगमेंट में नया सिल्हुएट कॉन्सेप्ट, सिट्रोएन बैसाल्ट विज़न एसयूवी कूपे का एक साहसी कॉन्सेप्ट है, जो ग्राहकों की अनेक अपेक्षाओं को साथ लाता है। यह इस क्षेत्र में पहला मॉडल होगा, जो विभिन्न ऑटोमोटिव कोड्स के गुणों से युक्त है। इसका एसयूवी कैरेक्टर, एस्पायरेबिलिटी, आधुनिकता, मजबूती और भरोसे को प्रदर्शित करता है। यह अपने ऊँचे ग्राउंड क्लियरेंस, ऊँचे बोनेट, अपराईट फ्रंट एंड, चौड़े विंग्स, और प्रोटेक्टेड व्हील आर्च तथा विशिष्ट ज्योमेट्रिक आकारों के साथ शक्तिशाली और मस्कुलर है तथा सड़क पर आत्मविश्वास के साथ ठोस अहसास प्रदान करता है। वहीं कूपे के गुणों में इसमें रियर ट्रेलिंग एज़ इसे फ्लुडिटी और डायनामिज़्म प्रदान करती है, जिससे ऊर्जा और टेंशन की अभिव्यक्ति होती है। यह स्लीक सिल्हुएट और संतुलित अनुपातों के साथ फुर्तीली और सुंदर है, जिससे एयरोडायनामिक एफिशियंसी प्रदर्शित होती है।'

## एसबीआई लाइफ और लखनऊ सुपर जायंट्स ने एकाना क्रिकेट स्टेडियम में शानदार विशाल हेलमेट इंस्टॉलेशन का किया अनावरण




**लखनऊ।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, देश के सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के साथ, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में शानदार विशाल (लार्जर-दैन-लाइफ) हेलमेट इंस्टॉलेशन का उद्घाटन किया। यह स्टेडियम, लखनऊ में टीम का घरेलू मैदान है। इस हेलमेट इंस्टॉलेशन की ऊंचाई 27 फुट और चौड़ाई 34 फुट है और इसे स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार पर प्रमुखता से रखा गया है, जो यहां आने वाले क्रिकेट प्रेमियों और शहर की बड़ी आबादी के लिए खूबसूरत नज़ारे जैसा है। ऐसे भव्य पैमाने पर हेलमेट का ढांचे तैयार करने का उद्देश्य है, मैदान के भीतर और बाहर सुरक्षा के महत्व के बारे में प्रगतिशील संवाद को बढ़ावा देकर जीवन बीमा की ज़रूरत और महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना। क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान आकर्षित करते हुए, इस अनूठी संरचना का उद्देश्य लखनऊ शहर के निवासियों को यह बताना है कि लाइफ की प्रोटेक्शन से बड़ा कुछ नहीं। इसके ज़रिये अनिश्चितता से आवश्यक सुरक्षा के साथ जीवन की रक्षा करने पर ज़ोर दिया गया है। इस विशाल हेलमेट के अनावरण के अवसर पर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांड, कॉरपोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर प्रमुख, रवींद्र शर्मा, डीसीपी ट्रैफिक, लखनऊसलमानताज जफर ताज पाटिल; कमलेश कुमार दीक्षित, डीसीपी महिला अपराध सुरक्षा, लखनऊ; राहुल राही, क्षेत्रीय निदेशक-लखनऊ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और केशव महाराज, एलएसजी के खिलाड़ी तथा अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। लखनऊ सुपर जायंट्स के आधिकारिक लीड हेलमेट पार्टनर होने के नाते, एसबीआई लाइफ का लक्ष्य है, क्रिकेट के मैदान पर हेलमेट के सुरक्षात्मक कार्य और मैदान से परे लोगों तथा उनके प्रियजनों के वित्तीय भविष्य की सुरक्षा में बीमा की महत्वपूर्ण भूमिका के बीच समानता को रेखांकित करना है। हेलमेट, खिलाड़ी को मैदान पर किसी भी संभावित असफलता से बचाता है ताकि वे जोखिम की चिंता किए बिना आत्मविश्वास से खेल सकें और अपनी टीम के लक्ष्य को हासिल कर सकें। इसी तरह, जीवन बीमा मददगार की भूमिका निभाता है।

### पी एन गाडगिल ज्वैलर्स लिमिटेड ने सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

पी एन गाडगिल ज्वैलर्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) में अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। पी एन गाडगिल ज्वैलर्स लिमिटेड भारत में बीआईएस-पंजीकृत आउटलेट्स के सबसे बड़े बाजार महाराष्ट्र में जनवरी, 2024 तक स्टोरों की संख्या के मामले में दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है। पी एन गाडगिल ज्वैलर्स लिमिटेड के इनीशियल पब्लिक ऑफर में 10 रुपए के फैस वैल्यू के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू शामिल है, जो कुल मिलाकर 8,500 मिलियन रुपए तक है और 10 रुपए के फैस वैल्यू के इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव है, जो कुल मिलाकर 2,500 मिलियन रुपए है। कुल ऑफर आकार में 10 रुपए के फैस वैल्यू के इक्विटी शेयर शामिल हैं, जो कुल मिलाकर 11,000 मिलियन रुपए तक हैं।

## आयुष मंत्रालय के वैज्ञानिक सलाहकार मंडल के सदस्य डॉ एके द्विवेदी से विशेष चर्चा



देश के प्रतिष्ठित होम्योपैथिक चिकित्स्कों में सुमार डॉ एके द्विवेदी अल्प प्रवास पर लखनऊ पधारे हुए थे उल्लेखनीय है कि डॉ एके द्विवेदी देश के ऐसे होम्योपैथी चिकित्सक हैं जो अप्लास्टिक एनेमिया, सिकल सेल सहित बोन मैरो की समस्या जैसी कई अन्य असाध्य बिमारियों के इलाज के लिए जाने जाते हैं डॉ द्विवेदी सम्पूर्ण देश में एनीमिया के लिए लोगों को जागरूक करने का वीणा उठाए हुए हैं उनका मानना है कि एनीमिया सभी बिमारियों की जननी है जब शरीर में रक्त की कमी होगी तब टिशू लेवल तक ऑक्सीजन नहीं पहुँचता है जिससे शरीर में कमजोरी थकान चिड़चिड़ापन लगता है कभी कभी स्वांस की परेशानी दम भरने जैसा भी भी लग सकता है रोगप्रतिरोधक क्षमता कम होने लगती है जिसके कारण बार बार व्यक्ति बीमार होने लगता है इन सभी समस्यायों का समाधान घर में उपलब्द्ध खाद्दय पदार्थों जैसे गुड़ चना से रक्त बढ़ाया जा सकता है होम्योपैथी चिकित्सा शरीर में रक्त बढ़ाने एवं ब्लीडिंग रक्तश्राव रोकने में काफी कारगर है डॉ द्विवेदी ने बताया कि देश में प्रत्येक वर्ष विश्व होम्योपैथी दिवस का आयोजन नई दिल्ली में वृहद स्तर पर 10 अप्रैल को होता है इस वर्ष भी विश्व होम्योपैथी दिवस 2024 का आयोजन का आयोजन 10 और 11 अप्रैल 2024 को यशोभूमि इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, द्वारका, नई दिल्ली में इंदौर के सुप्रशिद्ध होम्योपैथी चिकित्सक एवं सीसीआरएच, आयुष मंत्रालय के वैज्ञानिक सलाहकार मंडल के सदस्य डॉ एके द्विवेदी विशेष रूप से इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### कांग्रेस, नेशनल कांग्रेस और पीडीपी ने जम्मू-कश्मीर में हमेशा लोकतंत्र के प्रसार में बाधा डालने का काम किया हैः अमित शाह



**लखनऊ।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने मंगलवार को गुलिस्तान न्यूज पर साक्षात्कार के दौरान जम्मू-कश्मीर से जुड़े मुद्दों और राजनीति पर विस्तार से बात की। शाह ने स्पष्ट किया कि, 'कांग्रेस, नेशनल कांग्रेस और पीडीपी जैसी वंशवादी पार्टियों ने जम्मू-कश्मीर में हमेशा लोकतंत्र के प्रसार में बाधा डालने का काम किया है।' यह जगजाहिर है कि आजादी के बाद दशकों तक जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस, नेशनल कांग्रेस और पीडीपी जैसी वंशवादी पार्टियों का शासन रहा है। तीनों परिवारों ने मिलकर जम्मू-कश्मीर को अलगाववादियों और आतंकवादियों का गढ़ बना दिया था। हजारों युवाओं के हाथों में पत्थर और बंदूकें थमाकर उन्हें मौत के मुँह में धकेलने का काम लगातार जारी रहा। धारा 370 को दशकों तक पालकर कश्मीर को भारत से अलग करने की पूरी कोशिश की गई। धारा 370 को लेकर यह भ्रम फैलाया जाता था कि धारा 370 हटने के बाद कश्मीरियत की संस्कृति, भाषा और अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। आज धारा 370 को हटे पाँच साल हो गए हैं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ है। आज कश्मीरी भाषा और खान-पान की संस्कृति का महत्त्व बढ़ गया है तथा कश्मीर की वादियों में पर्यटकों की सैलाब।

### कोटक ने किंग जॉर्ज्स मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) को 24*7 लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंसेस प्रदान करने के लिये सीएसआर सहयोग दिया

**लखनऊ** कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के लिये अपनी प्रतिबद्धता के तहत कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड (केएमबीएल/बैंक) ने इम्पैक्ट गुरु फाउंडेशन के साथ भागीदारी में लखनऊ की किंग जॉर्ज्स मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) को सहयोग दिया है। यह भागीदारी जीवन-सहयोगी एम्बुलेंसेस प्रदान करने के लिये हुई है। उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने इस पहल को शुरू किया। यह पहल खासतौर से अर्द्धशहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्यरक्षा तक पहुँच को बढ़ाने के लिये कोटक की प्रतिबद्धता दिखाती है। इन इलाकों में चिकित्सकीय मध्यस्थता एवं सहयोग आसानी से उपलब्ध नहीं होता है। यह अत्याधुनिक कार्डियक एम्बुलेंसेस विशेषीकृत उपकरणों, प्रशिक्षित कर्मियों और एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) क्षमताओं से लैस है। यह ट्रॉमेटिक इमरजेंसी पर तेजी से प्रतिक्रिया देकर मरीजों को ट्रॉमा सेंटर या अस्पताल लाने के लिये डिजाइन की गई हैं। अगले कुछ हफ्तों में यह पहल चैरिटेबल अस्पतालों तक भी पहुँचेगी। इनमें एम. वाय. हॉस्पिटल, इंदौर; कर्नाटक लिंगायत एज्युकेशन सोसायटी (केएलईएस), बेलगावी; जीवनज्योत ट्रस्ट हॉस्पिटल, सूरत और जीवन रेखा क्रिटिकल केयर एण्ड ट्रॉमा हॉस्पिटल, जयपुर शामिल हैं। कोटक महिन्द्रा बैंक लि. के सीनियर ईवीपी और सीएसआर हेड हिमांशु निवसारकर ने कहा, ''सीएसआर के लिये अपनी प्रतिबद्धता के तहत हम स्वास्थ्यरक्षा तक पहुँच में सुधार का प्रयास कर रहे हैं। हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर व्यक्ति को सबसे ज्यादा जरूरत के समय अच्छी गुणवत्ता की स्वास्थ्यरक्षा मिल सके।

इस पहल के माध्यम से हमारा लक्ष्य है मेडिकल और ट्रॉमा से संबद्ध आपात स्थितियों में 24*7 सेवा प्रदान करना। हम मरीज और स्वास्थ्यरक्षा सुविधा के बीच जीवन को बचाने वाला एक सेतु बनना चाहते हैं।'' इम्पैक्ट गुरु फाउंडेशन के सीईओ संदीप तलवार ने कहा, ''किंग जॉर्ज्स मेडिकल यूनिवर्सिटी को एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंसेस प्रदान करने के लिये कोटक महिन्द्रा बैंक के साथ हमारी भागीदारी हुई है। यह वैश्विक स्वास्थ्यरक्षा के लिये हमारा सपना साकार करने में हुई उल्लेखनीय प्रगति दिखाती है। इस भागीदारी के तहत हमारा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा अस्पतालों को ऐसी एम्बुलेंसेस से सहयोग देना और साथ मिलकर अधिक से अधिक जानें बचाना है।''केजीएमयू, लखनऊ की वाइस चांसलर एवं प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद ने एम्बुलेंसेस को हरी झंडी दिखाते हुए अपना आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ''सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं सेहत के लिये शुरू हो रहीं यह एम्बुलेंसेस मौतों को कम करेंगी। यह मरीजों को बिना देरी अस्पताल लाने का टर्न-अराउंड टाइम भी कम करेंगी।''

## आसान यूपीआई भुगतानों के लिए कैसे करें मोबिक्विक पॉकेट यूपीआई का इस्तेमाल

**लखनऊ।** फिनटेक सेक्टर ने टेक?नोलॉजी का लाभ उठाकर तेजी से विकास किया है। इसके अत्याधुनिक समाधानों से यूजर्स को अधिक प्रभावी और सुरक्षित ढंग से अपने वित्त का प्रबंधन करने की सुविधा मिलती है। लेकिन, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के हाल के की शक्ति का लाभ उठा रहा है। यह अपने यूजर्स को पॉकेट यूपीआई के द्वारा सुरक्षित लेन-देन करने की क्षमता प्रदान करता है। यह एक शक्तिशाली साधन है जो अपने डिजिटल वॉलेट की फंक?शनैलिटी को बढ़ाती है। पॉकेट यूपीआई से यूजर्स को सभी ऑपरेटर्स के क्यूआर और यूपीआई




आँकड़ों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही में बैंक से सम्बंधित 14,000 से अधिक घोटाले हुए। ये घोटाले ज्यादा जटिल होते हैं, इसलिए फिनटेक कंपनियाँ अपने यूजर्स की सुरक्षा और भरोसे को मजबूत करने के लिये आगे आकर समाधान लागू कर रही हैं। फिनटेक कंपनी, मोबिक्विक यूपीआई आईडी में बिना रुकावट के भुगतान करने में अपने मोबिक्विक वॉलेट का लाभ उठाने में आसानी होती है। इस प्रक्रिया में सीधे बैंक खाते से लिंक करने की ज़रूरत भी नहीं होती है। पॉकेट यूपीआई अपनी विशेषता की बदौलत यूपीआई भुगतान करते वक्त बैंक खाते के बार-बार एक्सपोज़र में कमी लाता है।

## इवास इलेक्ट्रिकल्स ने पेश किया एनर्जी-एफिशिएंट मैग्नस बीएलडीसी फैन कलेक्शन

**लखनऊ।** भारत की लीडिंग कंस्ट्रक्शन मैटेरियल कंपनी इंफ्रा.मार्केट द्वारा संचालित इवास इलेक्ट्रिकल्स ने अपना लेटेस्ट इनोवेशन - मैग्नस बीएलडीसी फैन रेंज लॉन्च किया है। यह अत्याधुनिक सीरीज भारत में पहली बार फोटॉन ऑर्ब सीव (पीओएस) तकनीक पेश करती है, जो सीलिंग पंखों में एक नया मानक स्थापित करती है। बेहतरीन एयर-डिलिवरी की क्षमता और एनर्जी की बचत करने वाली 32W ब्रशलेस डायरेक्ट करंट मोटर डिजाइन के साथ, मैग्नस आपके घर के अनुभव को बदल देता है। मैग्नस बीएलडीसी फैन कलेक्शन (पंखों का कलेक्शन) घरेलू उपकरणों के क्षेत्र में इनोवेशन और स्थिरता के प्रति इवास इलेक्ट्रिकल्स की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। फर्स्ट-इन-इंडिया पीओएस टेक्नोलॉजी प्रशंसकों के लिए दिखने में बेहतर और एक चौंकाने वाला प्रोडक्ट पेश करती है, जबकि बीएलडीसी टेक नोलॉजी ऊर्जा दक्षता को प्राथमिकता देती है और हवा के प्रवाह को बढ़ाती है। दिखने




में खूबसूरत लगे, इस बात को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया, मैग्नस बीएलडीसी फैन कलेक्शन किसी भी कमरे में स्मार्ट टच देता है, जिससे एक संपूर्ण अनुभव बनता है। इस अवसर पर इवास इलेक्ट्रिकल्स के प्रेसिडेंट, रोहित माथुर ने कहा कि यह इनोवेशन के प्रति हमारे समर्पण का एक सच्चा उदाहरण है। हम मैग्नस सीरीज पेश करते हुए रोमांचित हैं। पीओएस टेक्नोलॉजी का एकीकरण सिर्फ एक सुविधा नहीं है, बल्कि यह हमारे ग्राहकों को कूलिंग समाधान से भी कुछ अधिक प्रदान करने की हमारी सोच का प्रमाण है। अपनी तकनीकी क्षमता, शानदार डिजाइन और कॉस्ट-एफिशिएंट (लागत-कुशल) सुविधाओं के साथ, यह रेंज पर्यावरण के लिहाज से भी टिकाऊ है, जो हमारे ग्राहकों के लिए बेहतर अनुभव प्रदान करती है। उन्होंने आगे कहा कि इवास में, हमने पूरे भारत में घरों में कंफर्ट यानी सहजता या आराम के मानकों को फिर से परिभाषित करने के लिए लगातार प्रयास किया है। इनोवेशन की हमारी निरंतर खोज ने हमारे समझदार ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए आधुनिक समाधान पेश करने की हमारी क्षमता को बढ़ावा दिया है। आशीष इलेक्ट्रिकल्स के मालिक आशीष सैनी ने कहा कि मैग्नस निश्चित रूप से हाई क्वालिटी, एनर्जी की कम खपत और एयर फ्लो से प्रभावित करता है; वहीं हाई टेक बीएलडीसी मोटर के साथ नई पीओएस टेक्नोलॉजी का समावेश इसकी प्रीमियम अपील को बढ़ाता है। लगातार अपेक्षाओं को पार करते हुए, हमें यकीन है कि इवास इलेक्ट्रिकल्स इंडस्ट्री के भविष्य को आकार देगा। हैदराबाद में पंखों के लिए अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट इवास इलेक्ट्रिकल्स की गुणवत्ता और इनोवेशन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। परीक्षण की कठोर प्रक्रियाएं उत्पादन के हर चरण पर सावधानीपूर्वक निगरानी सुनिश्चित करती हैं, पूरे प्रोडक्ट लाइफ साइकिल (उत्पाद जीवनचक्र) में सबसे ऊंचे मानकों की गारंटी देती हैं।

# होलिका भस्म की पूजा कर सीएम योगी ने मनाई होली

अवधनामा संवाददाता



**गोवंश को लगाया तिलक, गुड़ खिलाकर की गोसेवा**
होली के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला पहुंचे और गोवंश को भस्म व गुलाल लगाकर उनके लिए भी मंगलकामना की। उन्होंने गोवंश को गुड़ और दूध रोटी खिलाकर उनकी सेवा की। गोशाला में सीएम योगी की आवाज सुनकर गोवंश उनके पास दौड़ते हुए चले आए। मुख्यमंत्री ने माथा व गर्दन सहलाकर सभी गोवंश को खूब दुलार भी किया।

- गोरक्षपीठाधीश्वर-संतों ने एक दूसरे को लगाया भस्म का तिलक
- गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने लिया फाग का आनंद

**गोरखपुर।** होली के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने होलिका भस्म की पूजा कर होली मनाने का शुभारंभ किया। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में फाग गीतों का आनंद लिया और गोवंश को भस्म, गुलाल लगाकर गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने भीम सरोवर के पास बतखों को भी दाना खिलाया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के होलिकोत्सव की शुरुआत मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर होलिका भस्म की पूजा से हुई। मंदिर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास जाकर योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका भस्म (सम्मत की राख) की पूजा की और आरती उतारी। इस अनुष्ठान के बाद मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ समेत अन्य साधु संतों व श्रद्धालुओं ने इसी भस्म से गोरक्षपीठाधीश्वर का तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने भी उन्हें तिलक लगाकर होली की मंगलकामना की। होलिकादहन स्थल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुरु गोरखनाथ जी के मंदिर पहुंचे और श्रीनाथ जी को होलिका भस्म अर्पित किया। इसके बाद मंदिर के द्वार पर फाग गीतों का आयोजन हुआ।

सीएम योगी ने भी कुछ देर वहां रुककर फाग का आनंद उठाया और सबको होली की बधाई व शुभकामनाएं दीं।

**बतखों को दाना भी खिलाया सीएम ने:** मंगलवार सुबह अपनी दिनचर्या के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर परिसर के भीम सरोवर के पास पहुंचे। यहां उन्होंने सरोवर किनारे टहल रहे बतखों को दाना खिलाया।

# शोक-संताप में नहीं, उत्साह और उमंग में विश्वास करता है सनातन धर्म : सीएम

अवधनामा संवाददाता



- घंटाघर से निकलने वाली भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म शोक-संताप में नहीं बल्कि उमंग और उत्साह में विश्वास करता है। होली का पर्व इसी का संदेश देता है।

इस पर्व में समरस समाज की स्थापना का भाव निहित है तो साथ ही यह संदेश भी है कि सनातन धर्म सह अस्तित्व में, वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे संतु निरामया में विश्वास करता है। सीएम योगी मंगलवार को होली के पवित्र पर्व पर घंटाघर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व श्री होलिकोत्सव समिति की ओर से निकलने वाली भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। सभी नागरिकों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का पर्व उत्साह और उमंग का है। उत्साह और उमंग सुरक्षित, सुखी और समृद्ध समाज में होता है। हमारा समाज सुरक्षित और समृद्ध है, इसीलिए हम सभी उत्साह और उमंग से होली की हजारों वर्षों पुरानी परम्परा को मनाने के साथ अपनी इस विरासत के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म पर जब भी कोई संकट आया, समाज में दुष्प्रवृत्तियां बढ़ीं तो कोई ना कोई ईश्वरीय अवतार भी हुआ है और दुष्प्रवृत्तियों को दूर कर समाज आगे बढ़ता रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का त्यौहार समतामूलक और समरस समाज की स्थापना का भी संदेश है। आपसी वैरभाव को समाप्त कर, सत्य-न्याय के मार्ग पर चलकर ही हम समाज को शक्तिशाली बना सकते हैं। जहां विभाजन होगा वहां समाज शक्तिशाली नहीं हो सकता। सीएम योगी ने कहा कि इस बार की होली पर उत्साह और उमंग एक नई ऊंचाई पर है। अयोध्या में 495 वर्ष बाद रामलला ने भी होली खेली और आशीर्वाद व कृपा लोगों पर बरसाई। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि बीमार व्यक्तियों को और जो मना करे, उसे रंग न लगाएं। साथ ही नब्बे वर्ष से अधिक समय से निकलने वाली भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तारीफ की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान नरसिंह की विधि विधान से आरती उतारी। उन्हें नारियल, गुझिया के साथ फूल, रंग, अबीर, गुलाल अर्पित किया। भगवान नरसिंह की पूजा करने के बाद योगी पूरी तरह होलीयाना मूड में आ गए। उन्होंने लोगों के ऊपर जमकर फूल की पंखुड़ियां, अबीर, गुलाल पंखुड़ियां उड़ाई। देखते ही देखते योगी समेत समूचा जनमानस रंगों में सराबोर हो गया। इस दौरान जय श्रीराम के नारों के बीच उत्सवी उल्लास आसमान पर था। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डॉ महेंद्र अग्रवाल, प्रांत प्रचारक रमेश जी, सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ओम जालान, सुरजीत, आत्मा जी, श्री होलिकोत्सव समिति के अध्यक्ष मनोज जालान, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि भी मौजूद रहे।

## कांग्रेस प्रत्याशी की ओर लगी अमेठीवासियों की निगाहें

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** संसदीय क्षेत्र अमेठी के मतदाताओं की निगाहें इन दिनों कांग्रेस प्रत्याशी की ओर लगी हैं। राहुल गांधी चुनाव लड़ेंगे या नहीं यह प्रश्न हर जुबान पर कायम है। चाहे वह आम मतदाता हो या फिर राजनीतिक लोग एक बार जेहन में यह सवाल जरूर उठता है कि राहुल गांधी अमेठी से प्रत्याशी हो सकते हैं या फिर नहीं। कारण यह कि पिछले दिनों कांग्रेस द्वारा जारी प्रत्याशियों की सूची में राहुल गांधी वायनाड से प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं। वर्ष 2019 का चुनाव वायनाड और अमेठी से उन्होंने एक साथ लड़ा था। यहां के चुनाव में उन्हें भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने शिकस्त दी थी। वायनाड से वह अच्छे मतों से चुनाव जीते थे। इस बार अभी तक यह चर्चा कायम है कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। किंतु पिछले दिनों कांग्रेस की सूची जारी होने के बाद लोग उहापोह की स्थिति में हैं। इधर कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी को लेकर जो बयान बाजी की थी जिसमें कहा गया था कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। कहा तो यह भी जा रहा था कि वह केवल अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। लेकिन बायनाड से प्रत्याशी घोषित होने के बाद अब स्थिति पर सवालों की बौछार लगी है।आम जनता भी यह मानने को तैयार नहीं है कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव नहीं लड़ेंगे। लेकिन उहापोह की स्थिति में वह भी नजर आ रही है। हर तरफ यह चर्चा है की क्या राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। इसका सटीक जवाब किसी के पास में अभी तक नहीं है। कयास लगाया जा रहा था कि 2019 की शिकस्त के बाद राहुल गांधी पूरी ताकत के साथ अमेठी से चुनाव लड़ेंगे किंतु वायनाड से उनके प्रत्याशी घोषित होने के बाद आशंकाओं के बादल मंडराने लगे हैं।

## इलेक्टोरल बांड योजना भारत का सबसे बड़ा चुनावी चंदा घोटाला : रामजी गिरि

अवधनामा संवाददाता




**देवरिया।** भाजपा द्वारा 2 जनवरी 2018 से अधिसूचित इलेक्टोरल बांड योजना आजाद भारत का सबसे बड़ी भ्रष्ट योजना बन गई है। भाजपा द्वारा सफेद तरीके से काला धन एकत्र करने की एक अपारदर्शी योजना बनाई गई। उक्त बातें नगर के टाउन हॉल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस वार्ता करते हुए जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा। उन्होंने कहा कि यह योजना सरकारी शक्ति के दुरूपयोग का एक नायाब तरीका बन गया है। कांग्रेस पार्टी शुरू से ही इस योजना का विरोध कर रही है।भाजपा चोर दरवाजे से चंदा दो धंधा लो का काम कर रही है। जैसे मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा ने अप्रैल 2023 में 140 करोड़ रुपये भाजपा को डोनेट किया और इसके ठीक 1 महीने बाद उन्हें 14400 करोड़ रुपये का ठाणे-बोरीबली ट्विन टनल प्रोजेक्ट मिल गया। रामजी गिरि ने बताया कि फर्जी कम्पनियों के खिलाफ अभियान छेड़ने का दावा करने वाली भाजपा सरकार ने फर्जी कम्पनियों से भी चंदा लेने का काम किया। सुप्रीम कोर्ट के रोक लगाने के बाद कांग्रेस पार्टी की बात सही साबित हुई है कि यह चुनावी बांड योजना केवल अपने लाभ के लिए भाजपा लाई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश जारी करने के बाद भी एसबीआई इस योजना के लाभ उठाने वाले दलों का नाम 30 जून तक करनी की बात कह रही थी तब तक आम चुनाव सम्पन्न हो जाता। लेकिन कांग्रेस के विरोध व सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मजबूर होकर इस योजना का खुलासा एसबीआई को करना पड़ा। अब देश की आम जनता भाजपा के इस भ्र्ष्टाचार को पूरी तरह से जान चुकी है। प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह राकेश ,आनंददेव गिरि, चुन्नु, आलोक त्रिपाठी राजन, बृजेश सिंह राजा आदि मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में महिला अधिवक्ता की मौत

**अमेठी।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अमेठी गौरीगंज मार्ग पर ताला मोड़ के पास स्कूटी सवार ननद भोजाई को एक ट्रक ने टक्कर मार दी घटना में महिला अधिवक्ता की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के कालू का पुरवा सोमपुर मनकंठ निवासी आरती तिवारी पुत्री राम प्रकाश अपनी भोजी दीक्षा तिवारी उम्र 28 वर्ष पत्नी संदीप तिवारी को स्कूटी से लेकर अमेठी जा रही थी जैसे ही वह ताला मोड़ के पास अमेठी गौरीगंज मार्ग पर पहुंची पीछे से आ रही ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।घटना में महिला अधिवक्ता दीक्षा तिवारी ट्रक के नीचे आ गई ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। स्थानीय लोगों की मदद से पहुंचे एंबुलेंस कर्मियों ने घायल ननंद भोजाई को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां दीक्षा तिवारी की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही दीक्षा तिवारी की मौत हो गई।

## होली पर हुड़दंग करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पिपराइच कस्बे में मंगलवार को होली जुलूस के दौरान एक धार्मिक स्थल के पास उन्माद फैलाने के दौरान दुकान में तोड़फोड़ की घटना को लेकर पुलिस ने दो दर्जन से अधिक लोगों पर धारा 147,148, 295ए, 504, 427 के तहत केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। उपनिरीक्षक रीतेश यादव थाना पिपराइच ने पुलिस को दिये तहरीर में बताया कि होली जुलूस के दौरान कस्बे के एक धार्मिक स्थल सामने पहुंचकर कुछ अराजक तत्व हंगामा करने लगे। जुलूस में शामिल दो दर्जन से अधिक अराजक तत्वों ने धार्मिक भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से अनाप शनाप बकते हुए जूता चप्पल और कपड़े उछाले तथा दुकान में लगे बोर्ड को तोड़ डाला। भीड़ को काबू करने के लिए भारी संख्या में पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। पुलिस ने दो दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। आपको बता दें मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के नाते आला अधिकारियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर हर घटनाक्रम पर नजर बनाए रखा। फिलहाल नगर पंचायत पिपराइच में पूरी तरह से शांति व्यवस्था कायम है।

## तंबाकू धूम्रपान जानलेवा है इसे आज ही छोड़े : सीएमओ

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अंशुमान सिंह ने बताया कि तम्बाकू सेवन जनस्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आया है। उन्होंने कहा कि तम्बाकू का सेवन किसी भी रूप में किया जाये यह स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त ही हानिकारक है। तम्बाकू सेवन से अनेक बीमारिया होती है जिसमें नपुंसकता बांझपन एवं कैंसर प्रमुख रूप से है। एनएफएचएस-5 के अनुसार उत्तर प्रदेश में धुआरहित एवं धुंआसहित अनेक रूपों में तम्बाकू उपभोग 44.1 प्रतिशत है जो कि अत्यन्त भयावह स्थिति है जिससे भविष्य में अनेक असंचारी रोगों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के समस्त जनपदों में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) का सफल संचालन एवं सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य उत्पाद प्रदाय और वितरण व विनियमन) अधिनियम का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत समस्त सार्वजनिक स्थान यथा-सभागृह शासकीय एवं अशासकीय कार्यालय अस्पताल रेलवे स्टेशन प्रतिक्षालय मनोरंजन केन्द्र न्यायालय परिसर शिक्षण संस्थान लोक परिवहन पुस्तकालय आदि स्थानों पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाले प्रत्येक मेला प्रदर्शनी सार्वजनिक कार्यक्रमों अथवा ऐसे किसी भी कार्यक्रम जिसमें बड़ी संख्या में व्यक्तियों के एकत्रित होने की सम्भावना हो के मुख्य द्वार पर एवं मध्य में कम कम से 02 बैनर होर्डिंग्स लगायी जायेंगी।

## डीएम व एसपी ने अधिनस्थों के साथ खेली होली, रंग गुलाल लगाकर दी बधाई





अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** होली का त्योहार सकुशल संपन्न कराने के बाद बुधवार को पुलिस लाइन में होली उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस के जवानों ने जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के साथ होली खेली। डीएम व एसपी ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई दी। बता दें कि होली उत्सव के मौके पर पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें डीएम व एसपी ने शामिल होकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। इसके साथ ही समारोह में इस मौके पर समस्त थानाध्यक्ष, क्षेत्राधिकारी व पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, अभिनव त्यागी, सीओ कसया कुंदन सिंह, थानाध्यक्ष कप्तानगंज राजकुमार बरवार व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण ने एक-दूसरे पर फूलों की बारिश कर एवं अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस दौरान लोकगीत गायकों द्वारा फागुन गीत की प्रस्तुति दी गई।

## होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित तहसील परिसर में बुधवार को अमेठी बार एसोसिएशन की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन अधिवक्ता भवन के हाल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमेठी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव मूर्ति तिवारी ने और संचालन गिरिजाशंकर शुक्ल ने किया। कार्यक्रम के संयोजक बार के सचिव उपेन्द्र शुक्ल ने अधिवक्ताओं को अबीर गुलाल लगाए गए और अधिवक्ताओं पर पुष्प वर्षा भी की। इस अवसर पर संगमलाल शुक्ल धर्मेंद्र नाथ शुक्ल चंद्रकेतु श्रीवास्तव आदि ने अपने गीतों चुटकुलों और संक्षिप्त भाषणों के मांध्यम से लोगों को गुदगुदाया और सभ्य समाज के लिए संदेश दिया।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पुलिस उपाधीक्षक लल्लन सिंह तहसील के जे ई उपस्थित रहे। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता ओम प्रकाश मिश्र दयाशंकर शुक्ल चंद्रमोहन मिश्र सदाशिव पाण्डेय त्रियुगी नारायण मिश्र राजेंद्र सिंह जगदम्बा शुक्ल बृजेश पांडेय अंजनी पांडे दिनेश सिंह कुद्दूष खान अनूप श्रीवास्तव शिव प्रसाद मिश्र राकेश पांडेय अजय तिवारी देव प्रकाश पांडेय राम शिरीमणि संजय सिंह महेश मिश्र अफसर विभव तिवारी रोहित त्रिपाठी आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## सी-विजिल ऐप पर करें शिकायत

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने तथा उसके निस्तारण हेतु आनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया गया है। उक्त एप पर चुनाव की घोषणा के दिनांक से मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत अपलोड की जा सकती है। सी-विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नम्बर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लागिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल एप एक जी.आइ.एस. आधारित एप है जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो वीडियो आडियो ही अपलोड किया जा सकता है।

# राम लहर में पहली बार खिला था कमल अबकी बार आसान नहीं होगी बीजेपी की राह

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** राम लहर में पहली बार कुशीनगर में कमल खिला था। एक बार फिर कुशीनगर संसदीय सीट भाजपा की परंपरागत सीट के रूप में सामने आई।



इस बार यानी कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन के बाद यहां का राजनीतिक समीकरण बदल गया है। ऐसे में यह सियासी चर्चा चल रही है कि भाजपा के जीत की हैट्रिक की राह उतनी आसान नहीं होगी। हालांकि, मोदी लहर का असर पूरी तरह से दिख रहा है तो गठबंधन के बाद विपक्ष की मजबूत मोर्चेबंदी भी दिख रही है। ऐसे में चुनाव के दिलचस्प होने के कयास लगाए जा रहे हैं।

इस संसदीय सीट पर भाजपा ने जीत का स्वाद पहली बार 1991 में चखा और तब भाजपा प्रत्याशी राम नगीना मिश्र ने राम लहर में जीत दर्ज की। इसके बाद उन्होंने इस सीट से 1996, 1998, 1999 के लोकसभा चुनाव में जीत का सिलसिला जारी रख लगातार चार जीत दर्ज करने का रिकार्ड भी बना दिया, जो अब तक टूट नहीं सका है। 2009 में कांग्रेस के कुंवर आरपीएन सिंह ने इस संसदीय सीट से जीत दर्ज की थी, जो इस समय भाजपा के राज्यसभा सांसद हैं। बसपा के स्वामी प्रसाद मौर्य दूसरे स्थान पर रहे थे। तब भाजपा उम्मीदवार रहे विजय कुमार दूबे तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 के चुनाव में भाजपा ने पुनः इस सीट पर कब्जा किया और राजेश पाण्डेय यहां से सांसद बने। 2019 में भाजपा ने प्रत्याशी बदल एक बार फिर से विजय कुमार दूबे को मैदान में उतरा और भाजपा को लगातार दूसरी जीत मिली। इस बार भी भाजपा से विजय कुमार दूबे ही मैदान में हैं। इस बार के राजनीतिक समीकरण की बात करें तो पिछले चुनाव में सपा व कांग्रेस अलग-अलग चुनाव मैदान में थे। इस बार दोनों का गठबंधन है, ऐसे में राजनीतिक समीकरण जरूर बदले हुए होंगे। मुकाबला भी रोमांचक होगा, क्योंकि गठबंधन अपना पूरा दमखम दिखाएगा।

**बीते तीन चुनाव के नतीजों पर एक नजर**

| | | |
|---|---|---|
| **लोकसभा चुनाव 2009** | | |
| कुंवर आरपीएन सिंह | कांग्रेस | : 223954 मत |
| स्वामी प्रसाद मौर्य | बसपा | : 202860 मत |
| विजय दूबे | भाजपा | : 162189 मत |
| **लोकसभा चुनाव 2014** | | |
| राजेश पाण्डेय | भाजपा | : 370051 मत |
| कुंवर आरपीएन सिंह | कांग्रेस | : 264511 मत |
| डा. संगम मिश्र | बसपा | : 132881 मत |
| **लोकसभा चुनाव 2019** | | |
| विजय कुमार दूबे | भाजपा | : 597039 मत |
| एनपी कुशवाहा | सपा | : 259479 मत |
| कुंवर आरपीएन सिंह | कांग्रेस | : 146151 मत |
| **विधानसभा में कुल मतदाता** | | |
| पडरौना | 392918 | |
| कुशीनगर | 378575 | |
| खड्डा | 347492 | |
| हाटा | 377444 | |
| **रामकोला (आरक्षित)-** | **376694** | |


- कुशीनगर में बदल गए हैं राजनीतिक समीकरण, गठबंधन बढ़ाएगी चिंता

### कुशीनगर लोकसभा का जातिगत समीकरण

पिछले लोकसभा चुनाव में कुशीनगर में कुल मतदाताओं की संख्या 1623624 रही। बात लोकसभा के राजनीतिक बिसात पर जातिगत समीकरण की करें तो अनुसूचित के 15 प्रतिशत, मुस्लिम 14 प्रतिशत, कुशवाहा-कुर्मी 13 प्रतिशत, ब्राह्मण 11 प्रतिशत, सैंथवार 12 प्रतिशत, वैश्य 10 प्रतिशत व यादव आठ प्रतिशत हैं।

# गुनाहों से मगफिरत का है, माह ए रमजान का दूसरा अशरा

अवधनामा ब्यूरो



- खैरात, जकात, सदका व गरीब, मजलूमों की मदद करना सबसे बड़ा सवाब ए जरिया है

**कुशीनगर।** रमजान उल मुबारक का पहला अशरा गुजरने के बाद दूसरा अशरा शुरू हो गया, जो अपने गुनाहों से मगफिरत का अशरा है। इसके साथ ही नमाज और तरावी अदा करने के लिए मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ में काफी इजाफा हो रहा है। माहे रमजान का महीना मोमिनो के लिए अल्लाह से बात का खास महीना है।

ये बातें नूरानी मस्जिद लक्ष्मीपुर के पेश इमाम हाफिज सरफराज अहमद ने कहा। उन्होंने बताया कि दस रमजान का पहला अशरा खत्म हो गया। दूसरा अशरा शुरू हो गया है। जिस रोजेदार की इबादत में अगर कोई कमी पहले अशरे में रह गई हो तो वह दूसरे अशरे में उसे पूरा कर सकता है। इस अशरे में रोजेदार शिद्दत के साथ इबादत व तिलावत करें और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगे। बेशक अल्लाह अपने बंदों के गुनाहों को माफ करता है और उनकी मुश्किलों को दूर करता है। इसलिए अशरा ए मगफिरत के एक एक पल का कद्र करें और अल्लाह से अपने हर छोटे-बड़े गुनाहों की तौबा मांगे। माहे रमजान में हर तरह की इबादतों का यूं तो खास मर्तबा है, लेकिन रमजान में खैरात, जकात, सदका करने के साथ ही गरीब, मजलूमों की मदद करना बेहद सवाब का काम है। रमजानुल मुबारक रूह को पाक करके अल्लाह के बेहद करीब जाने का मौका देता है। इंसान को अपनी जिंदगी सही राह पर लाने का पैगाम देता है, और अल्लाह की नेमतों के साथ ही उसकी इबादत का जरिया है। रोजा एक ऐसी इबादत है जिससे रोजेदार के अंदर इंसानियत का जज्बा पैदा होता है। रोजेदार जब रोजे की हालत में पूरे दिन भूखा प्यासा रहकर अल्लाह की इबादत में मशगूल रहा है। भूख प्यास की तड़प के बीच जबान से रूह तक पहुंचने वाली खुदा की वही इबादत हर मोमिन को उसका खास बना देती है। रमजान खुद को हर बुराई से बचाकर अल्लाह के नजदीक ले जाने की यह सख्त कवायद हर मुसलमान के लिए खुद को पाक साफ करने का बेहतरीन मौका है।

## अदालती नोटिस

न्यायालय उपजिलाधिकारी गौरीगंज अमेठी। तारीख पेशी 03/04/2024

वाद संख्या RST /16/65/236/2013 - 14, 2024 ई

कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या टी 201404710100278

राम लखन वनाम राम नरेश आदि बनाम

1. विनोद कुमार पुत्र राम नरेश
2. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र जगेश्वर प्रसाद
3. अरविन्द पुत्र जगेश्वर प्रसाद
4. अरूण कुमार पुत्र जगेश्वर प्रसाद
5. पवन कुमार पुत्र जगेश्वर प्रसाद
6. श्रीमती ऊर्मिला देवी पत्नी जगेश्वर प्रसाद निवासीगण ग्राम जूठीपुर परगना अमेठी तहसील गौरीगंज जनपद अमेठी। चूंकि उपरिनामांकित वादी ने अन्तर्गत धारा 229 बी उ. प्र. ज.बि. एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम के अन्तर्गत इस न्यायालय में यह आवेदन किया है। अतः आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ करने के लिए दिनांक 03/04/2024 दिवस के पूर्वाह्न स्वयं व सम्यकरूपेण अनुदिप्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित 2024 -03 -23 के दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय**

अवधनामा



# 38 सुल्तानपुर लोकसभा सीट पर बाहरी उम्मीदवारों ने किया कब्जा

**72 में से 38 वर्ष तक जीत का फहराया परचम**

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश की 38 सुल्तानपुर लोकसभा क्षेत्र के दिलचस्प और दिलदार मतदाता हैं।पहले चुनाव से लेकर अब तक सुल्तानपुर का इतिहास खंगाला जाए तो सुल्तानपुर लोकसभा सीट बाहरी प्रत्याशियों को खूब पसंद आती है।देश के पहले लोकसभा चुनाव से ही कांग्रेस ने यह परिपाटी शुरू की, जो 1961 में कांग्रेस को करारा झटका लगने के बाद बदल गई।लेकिन भारतीय जनता पार्टी को जीत तभी मिली जब उसने बाहरी प्रत्याशियों को टिकट दिया।सुल्तानपुर लोकसभा में अब तीन उपचुनाव समेत कुल 20 चुनाव हुए।इसमें आठ बार बाहरी प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की और 72 वर्ष में 38 वर्ष सांसद रहे।

1951-52 के पहले चुनाव में सुल्तानपुर सीट का नाम सुल्तानपुर जिला उत्तर, साथ ही अयोध्या जिला दक्षिण पश्चिम था। अमेठी सीट पहले चुनाव में सुल्तानपुर (दक्षिण) और 1957 के दूसरे चुनाव में मुसाफिरखाना संसदीय क्षेत्र कहलाया। कांग्रेस ने दोनों ही चुनाव में दोनों ही सीटों पर 1952 और 1957 दोनों ही चुनाव में बाहरी प्रत्याशी उतारे और दोनों बार सफलता मिली।इससे स्थानीय कांग्रेस नेताओं में गहरी नाराजगी थी,जिसके चलते जब 1961 में गोविंद मालवीय की मृत्यु के बाद उपचुनाव हुआ तो शहर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता और कांग्रेस नेता गनपत सहाय निर्दल उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस प्रत्याशी के सामने उतरे और कड़े मुकाबले में जीत हासिल कर ली। इस झटके ने कांग्रेस की रणनीति बदल दी। इसके बाद कांग्रेस स्थानीय प्रत्याशियों पर दांव लगाने लगी।सफलता भी मिलती रही।समय बदला और बसपा का समय आया तो बसपा ने भी यहां से स्थानीय प्रत्याशी उतारे।इसमें से जयभद्र सिंह और मोहम्मद ताहिर को सफलता भी मिली।लेकिन भाजपा की तरफ से केवल बाहरी प्रत्याशी ही कामयाब रहे।जनसंघ से लेकर भाजपा तक एक उपचुनाव सहित 12 चुनाव में प्रत्याशी उतारने वाली भाजपा (पूर्व में जनसंघ) को पांच मौकों पर तभी जीत मिली।जब उसने बाहरी प्रत्याशियों को मैदान में उतारा। ऐसे में यह देखना रोचक है कि सुल्तानपुर लोकसभा के इस इतिहास को देखते हुए राजनीतिक दल किस तरह के प्रत्याशी को तवज्जो देते हैं।

संसदीय चुनाव के इतिहास में एक बार ऐसा भी हुआ, जब सुल्तानपुर लोकसभा में एक ही कार्यकाल में दो-दो उपचुनाव हुए। 1967 में कांग्रेस के टिकट पर गनपत सहाय सांसद बने थे। 1969 में गनपत सहाय के निधन पर यह सीट खाली हुई तो श्रीपति मिश्र यहां से सांसद बने। 1970 में श्रीपति मिश्र प्रदेश की चौधरी चरण सिंह सरकार में शिक्षामंत्री बनाए गए तो उन्होंने संसद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद 1970 में यहां दोबारा उपचुनाव हुए।

# फुटकर मांगने के बहाने हाथ से छीने 12 हजार रुपये

**अपाची सवार युवक कर रहे लगातार वारदात**

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** पहले रिस्तेदार बताकर पी डब्लू डी कर्मी की स्कूटी रुकवाई, फिर दो अपाची सवार युवकों ने छोटी नोट के बदले बड़ी नोट माँगी।जैसे ही जेब से पीड़ित ने पैसे निकाले वैसे ही अपाची बाइक पर सवार उचक्कों ने हाथ से 12 हजार रुपये छीनकर भाग निकले।

मामला शनिवार दोपहर का है। सिविल लाइन स्थित पीडब्ल्यूडी दफ्तर से चतुर्थ श्रेणी कर्मी माता प्रसाद प्रजापति भोजन करने दिन में अपनी स्कूटी से घर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि दोपहर करीब डेढ़ बजे इसे बगैर नम्बर प्लेट की काली अपाचे बाइक पर सवार दो युवकों ने रोका। उन्होंने उसे अपना रिश्तेदार बता कर गुमराह किया। तभी अपाची पर पीछे बैठे शख्स ने उससे फुटकर पैसे के बदले बड़ी नोट मांगे ।अपनी जेब से होली का सामान खरीदने के लिए इकट्ठे रखे 500? के 24 नोट निकालकर वह रुपया गिन ही रहा था, कि काली अपाचे पर पीछे बैठा युवक उसके हाथों से नोटों की गड्डी झटके से ले लिया, और कहा कि लाओ मैं जल्दी से गिन दूँ। आपके नोट गिन कर दे रहा हूं ।इतने में बाइक स्टार्ट कर दोनों युवक सिरवारा रोड की तरफ भाग गए। पीड़ित कर्मी ने बताया कि उसने कुछ दूर दोनों का हल्ला गुहार लगाते हुए पीछा किया । लेकिन वह उसकी नजरों के सामने से गायब हो गए।थोड़ी देर बाद उसे घबराहट और बेचैनी हुई तो वह घर पहुंचा और आज वह स्वस्थ होने के बाद तहरीर देने आया है। कृपया मामले में मुकदमा दर्ज कर उचित /कठोर कार्रवाई करने का कष्ट करें। बताया जाता कि यह दोनों युवक पूर्व में भी उक्त लोग इसी तह की कई वारदात कोतवाली नगर क्षेत्र में कर चुके हैं।

## लोक सभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की स्थिति सांप -छछुंदर जैसी

**कुड़वार, सुल्तानपुर।** आम चुनाव की प्रक्रिया शुरू होते ही राजनीतिक दलों की सरगर्मियां बढ़ गई है। जहां राजनीतिक दल साम दाम दंड भेद अपना कर वसूलों से भटके अपने चहेते दमदार प्रत्याशियों को मैदान में उतरने की कवायद में रात दिन एक किए हुए हैं, वहीं वफादार पार्टी कार्यकर्ता और नेताओं वहा उहा पोह की स्थिति में सांप छछूंदर गति जैसी है। लोकसभा चुनाव के इस महासमर में सभी राजनीतिक दल अपने अपने दावे मे भले कर रहे हैं, किंतु कुछ राजनीतिक शूरमाओं के हालात पस्त है।तो कुछ महारथी पैदल होने की कगार पर है। सूत्रों के अनुसार इस बार का चुनाव अन्य चुनाव से अलग हटकर होगा। जिन मे एक तरफ तानाशाही पूंजी पत्तियों की टीम का वर्चस्व होगा,जो नया संविधान कायम करने कवायद में है, तो दूसरी तरफ गरीब,बेसहारा,बेरोजगार नौजवानों और भारतीय संविधान की रक्षा की दुहाई देने वाली टीम होगी।ऐसे में दो ध्रुवो पर लड़े जाने वाले लोकसभा चुनाव में मतदाता किस राजनीतिक दल को सर आंखों पर बैठाएगा, और किसका बेड़ा गर्क करेगा, यह आने वाला समय ही बताएगा।

# होली मिलन समारोह में जमकर उड़ी गुलाल



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** रंग, उमंग और उल्लास का पर्व होली जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली गीतों व डीजे की धुन पर युवाओं ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया। 26 को गऊ पुत्र सेना बुंदेलखंड के तत्वाधान में बीमार गौ वंश आश्रय स्थल जिला पशु चिकित्सालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मनेशा ग्रुप के अंकित दुबे द्वारा शानदार फाग गीतों का गायन किया गया। इस दौरान लोगों ने युवाओं पर रंगों की बौछार की। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभाकनाएं दी। फाग गायकों की टोलियों ने बुंदेली गायन से सभी का दिल जीत लिया। इस दौरान गौ पुत्र प्रशांत शुक्ला, सचिन जैन, राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, राजेश पाठक, कमलेश शास्त्री, बलराम कुशवाहा, आकाश झा, अनुज शर्मा, बसंत पाराशर, मनीष दुबे, उमेश सुडेले, कुलदीप द्विवेदी आदि कई गऊ सेवक उपस्थित रहे।

# नए कानूनों इस्तेमाल के लिए युवा अधिवक्ता हो रहे तैयार

**अधिवक्ता संवाद कर रहा है ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन**

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** देश में 1 जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। केंद्र सरकार की तरफ से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। तीन नए कानूनों को संसद के शीत कालीन सत्र में पारित किया गया था। भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इन नये कानूनों पर 25 दिसंबर को अपनी सहमति दे दी थी। इन कानूनों की समझ के लिए अधिवक्ता संवाद रजि. युवा अधिवक्ताओं के कौशल विकास के लिए ऑनलाइन कार्यशाला के माध्यम से कानूनों की बारीकियों को समझा रहा है। अधिवक्ता संवाद की परिचर्चा में नए कानून को लेकर अधिवक्ताओं ने अपने अपने विचार सांझा किए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य एक्ट को एक जुलाई से लागू किया जाएगा लेकिन नोटिफिकेशन में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने भारतीय न्याय संहिता की धारा-106 (2) को फिलहाल होल्ड कर दिया है यानी धारा-106 (2) फिलहाल लागू नहीं होगा। यह प्रावधान हिट एंड रन से जुड़े अपराध से जुड़ा हुआ है। इस प्रावधान के विरोध में जनवरी के पहले हफ्ते में देश भर में ड्राइवरों ने हड़ताल की थी जिसके बाद केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया था कि इस कानून को ड्राइवर यूनियन से चर्चा के बाद अमल में लाया जाएगा। अधिवक्ता स्वतंत्र व्यास ने बताया कि जुलाई से बहुत कुछ बदल जायेगा पुराने औपनिवेशिक काल के कई शब्दावली को हटा दिया गया है। ऐसे करीब 475 शब्दों को डिलीट किया गया है जिनमें लंदन गजट, ज्यूरी, हर हैनिस आदि शामिल हैं। पहले जहां चार सौ बीस (420) यानी धोखाधड़ी, दफा 302 यानी हत्या व 376 यानी रेप जैसे अपराध के लिए कानून की किताब में लिखी धाराएं लोगों के जुबान पर चढ़ी हुई थी वह सब अब बदल गई है। अधिवक्ता शेर सिंह यादव ने बताया कि जुलाई से कानूनों में परिवर्तन होने के कारण अदालतों में वाद दायर करते समय नए कानूनों को ध्यान में रखना होगा,अधिवक्ताओं को अभी से नए कानूनों का अध्ययन शुरू करा देना चाहिए जिससे कठिनाई का सामना न करना पड़े। अधिवक्ता संवाद लगातार छोटी छोटी कार्यशालाओं के माध्यम से अधिवक्ताओं का कौशल विकास करता रहेगा। अधिवक्ता संवाद के जिला संयोजक मुकेश लोधी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता में कुल 358 धाराएं हैं और उसमें 20 नए अपराध को परिभाषित किया गया है। जिनमें स्नेचिंग से लेकर मॉब लिंचिंग शामिल किया गया है। साथ ही 33 अपराधों में सजा को बढ़ाया गया है। साथ ही 83 ऐसी धाराएं या अपराध हैं जिनमें जुर्माने की राशि भी बढ़ा दी गई है। ऐसे 23 अपराध हैं जिनमें न्यूनतम सजा का जिक्र नहीं था जिसें न्यूनतम सजा को शुरू किया गया है। 19 धाराएं ऐसी हैं जिन्हें हटा दिया गया है। साथ ही सजा के तौर पर सामाजिक व समुदायिक सेवा को भी रखा गया है। पहले यह नहीं था। राजद्रोह जैसे अपराध को अब नए कानून में हटा दिया गया। बीएन 2 संहिता की धारा-113 में आतंकवाद से संबंधित परिभाषा और सजा काी प्रावधान है।

# खेत से ट्रैक्टर निकालने को लेकर लाठी-डण्डों से मारपीट

**महिला समेत चार पर एफआईआर दर्ज, विवेचना शुरू**

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** खाली पड़े खेत में तार फेन्सिंग खोलकर ट्रैक्टर निकालने को लेकर गांव के दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। इस प्रकरण में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी-डण्डों से मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष की ओर से दी गयी तहरीर के आधार पर पुलिस ने महिला समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

थाना मदनपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम उल्दनाखुर्द निवासी हम्मीर सिंह पुत्र सरदार सिंह यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 26 मार्च की सुबह करीब 8 बजे जब वह अपने बेड़ा खेत से भूसा भरने के लिए ट्रैक्टर से गया हुआ था। उसके साथ उसका छोटा भाई रघुवीर सिंह व उसकी पत्नी नीतू भी साथ में थे। बताया कि वह अपने चाचा के खाली खेत पर लगी तार फेन्सिंग को खोलकर ट्रैक्टर निकाल रहा था कि तभी इसी बात को लेकर गांव के औतार पुत्र घनश्याम, राहुल पुत्र अवतार, हरीराम पुत्र घनश्याम व उद्रेश पत्नी औतार ने एक राय होकर उसके व उसके छोटे भाई व बहू नीतू के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने गाली-गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये लाठी-डण्डों से जानलेवा प्रहार किया था। इस हमले में उसके छोटे भाई की पत्नी नीतू गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिए 108 एम्ब्युलेंस के जरिए उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने महिला समेत चार लोगों के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# रंगपंचमी के लिये विख्यात है राखपंचमपुर मेला

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** विकास खण्ड जखौरा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम राखपंचमपुर में होली पर्व की रंगपंचमी पर श्रीश्री 1008 श्री सिद्ध बाबा मन्दिर पर भव्य मेला लगता है। यहां का मेला बुन्देलखण्ड सहित आसपास के जिलों में प्रसिद्ध है। मेला में हर साल लाखो श्रद्धालु सिद्ध बाबा मन्दिर पर दर्शन करने के पहुंचते है और अपनी हाजिरी दर्ज कराते है। यह मेला सिद्ध बाबा के चमत्कारों के लिये भी जाना जाता है। सिद्ध बाबा की पवित्र भभूति (राख) फोड़ा फुन्सी पर लगाने से ठीक हो जाती है और पवित्र भभूति (राख) को अपने शरीर पर लगाने से कई असाध्य रोग वाले मरीजों को आराम मिलता है। यह मेला 29 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। होली की रंगपंचमी पर लगने वाले राखपंचमपुर मेला की प्रसिद्धि निरंतर बढ़ती ही जा रही है। इसे वार्षिक कैलेण्डर में स्थान दिया जाता है। सिद्ध बाबा का मन्दिर आस्था का केन्द्र बनता जा रहा है। यहां फोड़ा और फुन्सी से लेकर लाइलाज बीमारी सिद्ध बाबा की पवित्र भभूति (राख) लगाने से ठीक होती है। सिद्ध बाबा मन्दिर का चमत्कार ग्रामवासियों व बाहर से आये हुये श्रद्धालुओं के मुंह से सुने जा सकते है। लोगो का कहना है कि जब चिकित्सक उपचार करने से मनाही कर देते है तो सिद्ध बाबा ऐसे मरीजों की मदद करते है। राखपंचमपुर मेला लगने के दौरान यहां आसपास से निकली रेलपटरियों पर प्रत्येक ट्रेन को रोका जाता है। मान्यता है कि एक बार रंगपंचमी के दिन एक ट्रेन दोपहर के समय यहां से गुजर रही थी, जैसे ही सिद्ध बाबा मन्दिर के सामने ट्रेन का इन्जन आया और वह बन्द हो गया, जिससे ट्रेन खड़ी रही ट्रेन की जांच करने के लिये झांसी से इंजीनियर को बुलवाया गया इसके बावजूद भी इन्जन ठीक नहीं हुआ, तब किसी राहगीर ने बताया कि आज रंग पंचमी है और पास में ही सिद्ध बाबा मंदिर पर सिद्ध बाबा का मेला लगा हुआ है, अगर आप सिद्ध बाबा मंदिर पर सिद्ध बाबा के दर्शन करने जायेगे तो शायद यह ठीक हो जाये और हुआ भी ऐसा ही जब ट्रेन का ड्राइवर सिद्ध बाबा मंदिर पर आया और सिद्ध बाबा के दर्शन किये फिर जाकर ट्रेन का इन्जन स्टार्ट किया, तो वह चालू हो गया तब से परम्परा चली आ रही है कि रंगपंचमी के दिन यहां प्रत्येक ट्रेन को रोका जाता है।

सिद्ध बाबा के दर्शन करने के लिये वैसे तो साल भर श्रद्धालुओं का ताता लगा रहता है लेकिन रंगपंचमी के दिन सिद्ध बाबा मंदिर पर लाखों श्रद्धालुओं का इतना सैलाव उमड़ता है कि व्यवस्थायें भी कम पड़ जाती है ललितपुर शहर से राखपंचमपुर सिद्ध बाबा मन्दिर लगभग अठारह किलोमीटर दूरी पर है।

## होली के हुडदंग में हुई छेड़खानी की घटनाएं

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर छेडख़ानी और मारपीट की घटनाएं भी प्रकाश में आई हैं मौदहा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने आज पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि कल छब्बीस मार्च की देरशाम जब वह अपने घर में अकेली थी पति व बच्चे बाहर थे तभी गांव निवासी हाथ में तमंचा लहराते हुए घर में घुस आया और अकेले देख अश्लीलता करने लगा शोर शराबे के बीच अन्य लोगों के आने पर गाली गलौज व लात घूसों से मारपीट करने लगा।जबकि कस्बे के निकट बड़ी आबादी वाले गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर दी है कि बीती चौबीस मार्च को शाम पांच बजे वह खेत की कटाई कर रही थी कुछ दूर पर नाबालिग पुत्री खेत में काम कर रही थी तभी गांव निवासी नरेश यादव हाथ में लाठी लिए था बेटी को घसीटकर ले जाने लगा शोर करने पर पकड़े जाने के भय से उसनें अपने साथी गोकुल व राहुल को भी बुला लिया और सभी लोगों ने पीड़िता को लाठी डंडे से पीट दिया।

# खेत में कटी पड़ी गेंहू की फसल को आग लगाने का आरोप

**किसान ने पुलिस को दिया शिकायती पत्र, एफआईआर दर्ज करने की मांग**

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** कटाई के बाद खेत में पड़ी फसल को आग लगा देने का आरोप लगाते हुये किसान ने कार्यवाही की गुहार लगाते हुये चौकी डोंगराकलां थाना नाराहट पुलिस को शिकायती पत्र भेजा है। शिकायती पत्र में डोंगराकलां निवासी रविन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह ने बताया कि उसके खेत में गेंहू की फसल कटी हुयी पड़ी थी। आरोप है कि बुधवार को सुबह करीब 11.15 बजे गांव के महेश पुत्र डरूलाल अहिरवार ने उसकी कटी पड़ी गेंहू की फसल को आग के हवाले कर दिया, जिससे उसकी करीब एक एकड़ की फसल पूरी तरह जलकर खाक हो गयी। पीड़ित ने बताया कि मामले की जानकारी होने पर जब वह खेत पर पहुंचा तो उक्त व्यक्ति द्वारा उसके साथ गाली-गलौज करते हुये भगाने का प्रयास किया गया। तदोपरान्त आसपास के लोगों ने एकत्र होकर आग बुझाने का प्रयास किया। मौके पर धर्मेंद्र सिंह, अरविन्द पुत्रगण राजेन्द्र सिंह एवं जगभान पुत्र मुन्ना राजपूत व घनश्याम पुत्र जुगल आदि ने पहुंच कर आग बुझाने का प्रयास किया। पीड़ित ने पुलिस से उक्त युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना कार्यवाही किये जाने एवं आग से जलकर नष्ट हुयी फसल का मुआवजा दिलाये जाने की गुहार लगायी है।

## पर्यावरण पार्क के सामने से लगातार बाइक हो रही है चोरी, खाकी उदासीन

**सुल्तानपुर।** पर्यावरण पार्क के सामने से लगातार बाइकें चोरी हो रही है।जबकि रोजाना इस पार्क में सैकड़ो लोग अपनी सेहत का ख्याल रखने के लिए मार्निग वाक पर आते है।लेकिन चोर बेखौफ हो लगातार बाइक चोरी कर रहे है। मंगलवार को एक स्कूटी चोरी हुई थी। इसी बीच बुधवार को भी अम्बे ग्लास हाउस के मालिक की स्कूटी गायब हो गई। नगर पुलिस की सक्रियता ऐसे में सवालों के घेरे में है। इस पार्क में अफसर, नेता, पत्रकार, अधिवक्ता के साथ ही आम पब्लिक रियाज करने आती है।ये तो बानगी भर है।बाकी आए दिन पंत स्टेडियम,बस अड्डा,हॉस्पिटल,दीवानी तिराहे से बाइक चोरी हो जा रही है।

## सुल्तानपुर के डॉक्टर आयुष सिंह के नाम बड़ी उपलब्धि

**सुल्तानपुर।** डा0आयुष सिंह ने शुगर के मरीज़ों लिए शोध करके नई दवा की खोज की है,जिससे 100 प्रतिशत शुगर पर कन्ट्रोल किया जा सकता है।इस उपलब्धि पर डॉक्टर आयुष सिंह बैंकॉक में उच्च हर्बल हार्मनी आवर्ड फॉर डायबिटीज से सम्मानित किए गए हैडॉक्टर आयुष को ये अवार्ड मशूहर एक्टर ईशा देओल के हाथों से दिया गया है।आपको बता दें डॉ आयुष शहर के हंसा हॉस्पिटल के डायरेक्टर राजेश सिंह और डॉ किरण सिंह के सुपुत्र है।डायबिटीज के मरीज दवा के सम्बंध में हंसा हॉस्पिटल पर निशुल्क जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# डीएम ने मतदान केन्द्रों का किया भ्रमण

**चेक लिस्ट के अनुसार मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

**ग्रामवासियों को दिलायी मतदाता शपथ**

**अधिक से अधिक लोगों को मताधिकार के लिए प्रेरित करने के दिये निर्देश**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत प्रा.वि. सोहरवा, धरमनपुर एवं बौडी फतेउल्लापुर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लिया। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मतदाताओं के बीच स्वयं मतदाता सूची में लिखे नामों को पढ़कर सुनाया तथा ग्रामवासियों से पढ़े गये नामों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए मतदाता सूची व रूटचार्ट का सत्यापन भी किया। डीएम ने बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम से बाहर रह रहे मतदाताओं के मोबाइल नम्बर पर एसएमएस भेजकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया जाय। डीएम ने मतदान केन्द्र सोहरवा, धरमनपुर एवं बौडी फतेउल्लापुर के निरीक्षण के दौरान पाया कि मतदाता पहचान पत्र का डाकियों द्वारा समुचित रूप से वितरण नहीं किया जा रहा है इस स्थिति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डाकियों को निर्देश दिये गये है कि शत प्रतिशत मतदाता पहचान पत्रों का वितरण सुनिश्चित कराये अन्यथा वस्तु स्थिति से निर्वाचन आयोग को अवगत करा दिया जायेगा। उन्होनें इस सम्बंध में तहसील प्रशासन व बीएलओ को निर्देश दिये गये है कि सम्बन्धित डाकियों से समन्वय कर शत प्रतिशत मतदाताओं के पहचान पत्र का वितरण सुनिश्चित करायें।

मतदान केन्द्रों के भ्रमण के दौरान डीएम ने पेंशन योजनाओं के सहित अन्य विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन का सत्यापन भी किया। साथ ही मतदान केन्द्रों के संवेदनशीलता इत्यादि की भी जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौजूद ग्रामवासियों को मतदाता शपथ दिलाते हुए आहवान किया कि मतदान के दिन निर्भय होकर वोट देने ज़रूर जाएं। डीएम ने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति शराब, रिश्वत या ज़ोर ज़बरदस्ती करके किसी के पक्ष में अथवा विरोध में वोट डालने का प्रयास करता है तो इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से अवश्य करें। डीएम ने लोगों से कहा कि मतदान दिवस के दिन परिवार के बुजुर्ग इस बात का प्रयास करे कि परिवार के सभी सदस्य वोट देने जायें, यदि परिवार में कोई ऐसा सदस्य है जो कि शारीरिक रूप से कमज़ोर है तो परिवार के लोगों को चाहिए कि मतदान के लिए जाते समय उनको भी अपने साथ ले जायें।

## डीएम ने इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा व्यय नियंत्रण कक्ष (इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम) का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आकस्मिक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। कन्ट्रोल के निरीक्षण के दौरान डीएम ने सी-विजिल, हेल्पलाइन नम्बर 1950 पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता को परखने के लिए शिकायतकर्ता रोली, ऋषभ जायसवाल, पुष्पा देवी, विनोद कुमार, तौसीफ व छाया सिंह इत्यादि से मोबाइल पर वार्ता करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। ईपिक न प्राप्त होने के सम्बन्ध में प्राप्त हो रही शिकायतों के निस्तारण हेतु डीएम ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि डाकघरों से समन्वय कर मतदाताओं को ईपिक की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह व उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा मौजूद रहे।

# क्षत्रिय फाग महोत्सव का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में बन्दा के पूछा सागर रोड फोरलेन स्थित कालोनी में फाग महोत्सव का आयोजन जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह परमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम मां सरस्वती एवं रामचन्द्र के गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भजन सम्राट बॉबी राजा, भगवान सिंह परमार, भगवत सिंह बुन्देला, अर्जुन सिंह, रिंकू राजा आकाशवाणी कलाकारों द्वारा संगीतमय फाग की प्रस्तुति की। स्थानीय कलाकारों द्वारा बुन्देलखण्ड की प्रसिद्ध राई गायन ने सभी का मन मोह लिया। स्वजातीय कलाकारों ने बारी बारी से अपने गीत प्रस्तुत किये। इसके बाद सभी स्वजातीय बंधुओ ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इसके बाद संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें आगामी समय मे भव्य क्षत्रिय कन्या विवाह का आयोजन किया जाएगा। अति शीघ्र संगठन का विस्तार किया जाएगा। जिसमे संगठन के हित मे कार्य करने बाले नए पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। संगठन विरोधी गतिविधियां करने वाले एवं निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को हटाया जाएगा। कार्यक्रम में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सम्राट सिंह बनाफर के बनने पर सभी ने उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह परमार, बुन्देलखण्ड अध्यक्ष सुरेन्द्रपाल सिंह बघेल, जगभान सिंह बुन्देला, प्रमेन्द्र सिंह बुन्देला, भूपेंद्र सिंह तोमर, बेवीराजा बुन्देला, राजेन्द्र सिंह, जयहिन्द सिंह परमार, धर्मेन्द्र सिंह, महिपाल सिंह, पप्पू राजा, धर्मेन्द्र सिंह, छत्रपाल सिंह परमार, भरत सिंह चौहान, धर्मेंद्र सिंह परमार, जिला महामंत्री भगवत सिंह बैस तेरा, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सम्राट सिंह बनाफर, सुरेन्द्र सिंह परमार, महिपाल सिंह परिहार, शेरसिंह परमार, पुष्पेंद्र सिंह बुन्देला, प्रमेन्द्र सिंह, सीटू राजा, भगवत सिंह बुन्देला, अभिमन्यु सिंह, गोपाल सिंह चौहान, गुडडे राजा, रामशरण सिंह बुन्देला, राजू राजा, सुजान सिंह, पुष्पेंद्र सिंह परमार, जंडेल सिंह, बृजपाल सिंह, चन्द्रभान सिंह, गोविंद सिंह बुन्देला, पप्पी राजा, हरवेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह सिकरवार, भारत भूषण प्रताप सिंह, सूर्यप्रताप सिंह चौहान, इंद्रपाल सिंह चौहान, रघुराज प्रताप सिंह बुन्देला, जितेन्द्र सिंह बुन्देला, ताहर राजा, अमर प्रताप सिंह, सिद्धार्थ सिंह, हरनाम सिंह तोमर, दुष्यंत सिंह, सुनील सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जयहिंद सिंह परमार ने किया। अंत में जिला महामंत्री भगवत सिंह ने आये हुए समस्त आगन्तुंगों एवं समस्त जिला ब्लॉक प्रभारियों का आभार व्यक्त किया।

## रविवार को खुले रहेगें कोषागार



**बहराइच।** वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तिम दिवस 31 मार्च 2024 को रविवार (राजकीय अवकाश) होने के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा रविवार 31 मार्च 2024 को कोषागार तथा शासकीय कार्य करने वाली बैंक शाखाओं सामान्य दिनों की भांति खोलने के निर्देश दिये गये हैं।

# बूढ़े बहन-भाई की हत्यारा मुठभेड़ में गिरफ्तार

अवधानामा संवाददाता



**हमीरपुर।** बुधवार के दिन तड़के पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली जब उस नें इनामी बदमाश को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। थाना बिवांर के गांव पारा-लदार में फरवरी माह में बूढ़े भाई बहन की हत्या कर जेवरात लूटने वाले 25000 के इनामी बदमाश को पुलिस ने बुधवार के दिन तड़के मुठभेड़ के बाद दबोच गिरफ्तार कर लिया है गोली बदमाश के दाहिने पैर में घुटने के नीचे लगी है। गौरतलब है कि इस हत्याकांड में शामिल रहे दो बदमाशों को पुलिस ने वारदात के कुछ दिन बाद ही गिरफ्तार कर लिया था जबकि तीसरा बदमाश फरार चल रहा था जिसे पुलिस ने बुधवार के दिन गिरफ्तार कर लिया।

विगत माह 8 फरवरी को दो दिन पुराने शव घर से बरामद हुए थे। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दीक्षा शर्मा ने बताया कि बीती 8 फरवरी को बिवांर थाना क्षेत्र के परा लदार गांव में वृद्धि कृष्ण दत्त सोनी और उसकी बहन केशकाली की लाशें घर के अंदर बरामद हुयी थीं जो 2 दिन पुरानी थीं दोनों को बदमाशों में लूट के बाद कत्ल कर दिया था और लाशों को घर में छुपा कर फरार हो गए थे मृतक के भाई रमाशंकर सोनी ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वारदात के एक हफ्ता बाद पुलिस नें सतर्कता दिखाते हुए गांव के पूरन व महोबा निवासी हरिया उर्फ हरी कृष्ण को गिरफ्तार किया था जबकि राजेंद्रकुरील मौका पाकर पुलिस टीम पर फायर करते हुए फरार हो गया था जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई थी।। क्षेत्राधिकारी मौदहा श्रेष्ठ त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार को तड़के मुखबिर नें सूचना दी की छानी-खुर्द से इंगोहटा मार्ग पर स्थित ठेका के पास एक व्यक्ति बैठा है यह वही व्यक्ति राजेंद्र कुरील है जिसेनें पारा-लदार में वृद्ध बहन भाई की हत्या कर लूट की घटना को अंजाम दिया था इस सूचना के बाद बिंवार थाना प्रभारी राकेश सरोज, एसओजी प्रभारी उप निरीक्षक सचिन सारस्वत टीम के साथ बताए हुए प्वाइंट पर पहुंचे तो बदमाश राजेंद्र कुरील ने पुलिस को देखकर पुलिस पर पुलिस ने जवाबी फायर किया जो उसके दाहिने पैर में घुटने के नीचे लगा इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया उसके कब्जे से 15000 नगद तथा एक अदद 315 बोर अवैध तमंचा तथा एक अदद जिन्दा व एक अदद खोखा कारतूस बरामद हुआ।इस मुठभेड़ के संबंध में अभियुक्त के विरुद्ध एक और मुकदमा धारा 307/ 504 / 506 आईपीसी (पुलिस मुठभेड़) व 3/25 आर्म एक्ट में दर्ज किया गया है।

सीओ नें बताया कि गिरफ्तार राजेंद्र कुरील नें पूछतांछ में बताया कि बहन भाई की वृद्ध व्यवस्था का फायदा उठाकर लूट की योजना बनाई थी।उस नें बताया कि 6-7 फरवरी की रात में उसने अपने दो साथियों परा गांव निवासी पूरन व महोबा के उदल चौक मिल्कीपुर निवासी हरिया उर्फ हरिकृष्ण के साथ मिलकर पारा लदार गांव के कृष्णदत्त सोनी जो अविवाहित था तथा अपनी बहन केशकली के साथ अकेले रहता था दोनों भाई-बहन वृद्ध थे और उनके पास करीब 15 बीघा जमीन भी थी इसी कारण लूटपाट की योजना बनाकर घर में दिखला हुए थे लेकिन दौरान लूट दोनों जग गये तो पकड़े जाने व पहचाने जाने के भय से दोनों की हत्या कर दी और घर में रखे नगद रू और जेवरात लूट ले गये थे।

# सी0विजिल ऐप एम0सी0एम0सी0 शिकायत प्रकोष्ठ का किया निरीक्षण

अवधानामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 हेतु बनाये गये कन्ट्रोल सी0 सिविजल ऐप, मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मानीटरिंग कमेटी एम.सी.एम.सी., शिकायत प्रकोष्ठ कक्ष का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सी.विजिल ऐप के माध्यम से एफ.एस.टी. टीम द्वितीय दुद्धी से वीडियो कालिंग के माध्यम से टीम के लोकेशन का जायजा लिये और एफ.एस.टी. टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि टीमें निरन्तर भ्रमणशील रहते हुए अपनी लोकेशन पर उपस्थित रहते हुए जॉच की कार्यवाही सुनिश्चित करें और एफ.एस.टी. टीमों के भ्रमण के लोकेशन का प्रतिदिन जायजा लिया जाये, इस दौरान मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मानीटरिंग कमेटी कक्ष का भी निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समाचार पत्रों में निर्वाचन से सम्बन्धित प्रकाशित होने वाली खबरों की निरन्तर निगरानी की जाये एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया पर भी संचालित खबरों का निरन्तर अवलोकन किया जाये, किसी पार्टी या व्यक्ति के पक्ष में यदि कोई खबरे बिना अनुमति के प्रकाशित होती हैं, तो उसे तत्काल संज्ञान में लेकर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने शिकायत प्रकोष्ठ द्वारा प्राप्त हो रही शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में भी सम्बन्धित अधिकारी से जानकारी प्राप्त की और निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयावधि में किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

# सुमेरपुर का सीसी मार्ग दे रहा दुर्घटनाओं को दावत

अवधानामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बा सुमेरपुर रेलवे स्टेशन से लेकर लक्ष्मी बाई तिराहा तक सी सी सड़क निर्माण कार्य मे जम कर धांधली व घटिया निर्माण गया है कई वर्ष से जर्जर पडे स्टेशन मार्ग को अब लोक निर्माण विभाग हमीरपुर द्वारा किसी प्राइवेट कम्पनी को काम देकर निर्माण कार्य कराया गया था जिस कार्य को ठेकेदार ने आनन फानन जल्द बाजी में आधा अधूरा बना कर समाप्त कर दिया है ठेकेदार द्वारा अधूरे सी सी सड़क निर्माण से नगर के तमाम स्टेशन मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है ठेकेदार द्वारा सी सी सड़क निर्माण तो कर दिया गया लेकिन रोड किनारे न ही इंटरलॉकिंग, सोलोब, कट व मिट्टी भराव का कार्य नही किया गया जिससे राहगीरों की रोड गुजरने वाली छोटी गाड़ियों व ई रिक्शा क्रासिंग के दौरान राहगीरों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है और साथ ही बनी आधी अधूरी रोड दुर्घटनाओं को दावत देने का काम कर रही है कभी कभी क्रासिंग के दौरान राहगीरों की गाड़ियां रोड से नीचे उतर जाती है जिन्हें राहगीरों को रोड के ऊपर चढ़ाने में काफी जद्दोजहद उठानी पड़ती है और गड़ियो में टूट फुट का नुस्कान भी होता है इसलिए लोक निर्माण विभाग को इसका संज्ञान ले कर जल्द से जल्द दिये गये प्राइवेट कम्पनी के ठेकेदार से सीसी रोड का कार्य पूर्ण कराना चाहिए जिससे राहगीरों को आये दिन की मुसीबतों से निजात मिल सके।

# ऐतिहासिक विजय निशान गरुण ध्वज को गाजे बाजे के साथ कस्बे में निकाला गया

अवधानामा संवाददाता



**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा में होली पर्व के बाद दूज के दिन प्राचीन धरोहर को जीवंत रखते हुए ऐतिहासिक विजय निशान गरुण ध्वज को शान शौकत से गाजे बाजे के साथ कस्बे मे निकाला गया। तथा विभिन्न झांकियां निकाली गई। घोड़े , बहुरूपिया बैंड बाजे के साथ कस्बे में भ्रमण किया। तथा पालीवाल मोहल्ले में जाकर समापन हुआ।

कस्बा कुरारा में प्राचीन समय से होली के बाद दूज को गौर वंश द्वारा विजय निशान गरुण ध्वज को कस्बे में धूमधाम से निकाले जाने की परंपरा चली आ रही है।

स्वर्गीय रमेश सिंह गौर बताया करते थे। कि कोणार्क देव गौर द्वारा कुरारा को बसाया गया था। इनके दो पुत्र हुए जिनमे महल देव व खान देव थे। इन्ही के वंशज कस्बे में निवास करते हैं। तथा राजा हम्मीरदेव द्वारा युद्ध में विजय होने पर पुरुस्कार रूप में विजय निशान गरुण ध्वज दिया गया था। तब से होली के बाद प्रतिवर्ष दूज के दिन कस्बे में धूमधाम से निकाला जाता है। कस्बा निवासी शिवम सिंह गौर ने बताया कि पूर्वजों की निशानी गरुण ध्वज को कस्बे में दूज के दिन हर्ष उल्लास के साथ निकाला जाता है। कस्बे के पालीवाल मोहल्ले से जुलूस निकालकर कर बाजार होते हुए गुड मंडी से होकर लालमन की पुलिया से होकर मनकी स्टैंड होते हुए ब्लाक के सामने से पालीवाल मोहल्ले में समापन हो गया। विजय निशान गरुण ध्वज का जगह जगह महिलाओं ने पूजन किया। इस दौरान श्री राम कृष्ण सहित हनुमान, शिव पार्वती, आदि झांकियां सजाई गई थी। शिवम सिंह गौर, रज्जन सिंह गौर ने ध्वज का पूजन किया। इस दौरान घोड़े, बहुरूपिया, आदि नाच गाना करते हुए चल रहे थे। हजारों की संख्या में भीड़ एकत्र हुई। इस दौरान ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, चेयरमैन हमीरपुर कुलदीप निषाद, पूर्व चेयरमैन श्री कांत गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, धर्मेंद्र पालीवाल,अवधेश गुप्ता, मंगल सिंह, गुल्ली महराज, आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जोनल सेक्टर आफीसर की बैठक आज और कल

**हमीरपुर।** अपर जिलाधिकारी/उपजिला निर्वाचन अधिकारी विजय शंकर तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में दिनॉक 28.03.2024 को 5:30 बजे से 7:00 बजे तक समस्त जोनल/सेक्टर आफीसर लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024, दिनॉक 29.03.2024 अपरान्ह 11:00 से 11:30 बजे तक समस्त अध्यक्ष/मंत्री मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल जनपद हमीरपुर व दिनॉक 29.03.2024 सायंकाल 5:30 से समस्त प्रभारी/सहायक प्रभारी अधिकारी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को की बैठक डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागर कलेक्ट्रेट हमीरपुर में आयोजित की गयी है।

### डीएम व एसपी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया



**हमीरपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2024 के दृष्टिगत जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा द्वारा 228 विधान सभा हमीरपुर के अन्तर्गत क्रिटिकल तथा वल्नरेबुल 79- उच्च प्राथमिक विद्यालय पतारा, 23- उच्च प्राथमिक विद्यालय बेरी कुरारा, 20- प्राथमिक विद्यालय लहरा कुरारा, 253- स्व0 पं0 लक्ष्मीचन्द्र पालीवाल इण्टर कालेज इंगोहटा के मतदेय स्थलों/ मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित बी0एल0ओ0 से मतदाताओं के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए मतदेय स्थलों पर बिजली,पानी,साफ सफाई,रैम्प आदि की व्यवस्थाऐं दुरूस्त कराने के निर्देश संबंधित को दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पवन प्रकाश पाठक, संबंधित बी0एल0ओ0 तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### शराब बनाने के उपकरण सहित कच्ची शराब व लहन के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार है



**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के भोली गांव के मजरा कोतू पुर में पुलिस ने अवैध रूप से देशी महुआ शराब बनाकर बिक्री करने के वाले ग्रामीण को शराब बनाने के उपकरण सहित कच्ची शराब व लहन बरामद किया है। तथा पुलिस ने लहन को नष्ट कराया है।आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्र के कोतूपुर गांव में रामनारायण पुत्र स्वर्गीय दुर्गा अवैध रूप से कच्ची देशी महुआ शराब का निर्माण कर बिक्री कर रहा था। बीती रात पुलिस ने दबिश देकर शराब बनाते हुए आरोपी को गिरफ्त्रार कर उसके कब्जे से तीस लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद कर गिरफ्तार कर लिया। तथा लहन को नष्ट कराया गया है। आरोपी के खिलाफ अवैध रूप से देशी शराब बनाने व बिक्री करने का मुकदमा दर्ज किया गया है।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, रज्जन लाल रहे।

### गृहस्थी सहित आधा दर्जन बकरियां जलीं



**मौदहा हमीरपुर।** किसान के रिहायशी मकान में अज्ञात कारणों से आग लगने से गृहस्थी के सामान के साथ आधा दर्जन बकरियां जल गई।हालांकि राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच नुकसान का आंकलन शुरू कर दिया है जबकि पशु चिकित्सक ने बकरियों का पोस्टमार्टम कराने का काम किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जिगनौडा निवासी राम औतार का मकान जिगनौडा नयी बस्ती में है जहां पर सभी लोग होली का त्योहार मनाकर सो गए लेकिन इसी दौरान देररात घर में अचानक तेज आग जल उठी आसपास के लोगों में आग को लेकर हड़कंप मच गया और सभी ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन तब तक भूसा, गल्ला सहित अन्य सामान और आधा दर्जन से अधिक बकरियों की जलकर मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस, राजस्व विभाग की टीम सहित पशु चिकित्सा टीम ने अपने अपने काम शुरू कर दिए हैं फिलहाल आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है।

### एनटीपीसी रिहंद द्वारा बांधवगढ़ में आयोजित की गयी कम्यूनिकेशन कार्यशाला




**सोनभद्र बीजपुर।** एनटीपीसी के रिहंद द्वारा बांधवगढ़ में दो दिवसीय कम्यूनिकेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख (रिहंद) पंकज मेदीरत्ता नें परंपरागत रूप से किया। कार्यक्रम की शुरुआत में मेदीरत्ता ने कहा कि बदलते परिदृश्य में संवाद के लिए डिजिटल और सोशल मीडिया का प्रयोग किया जाए। यह वक्त की मांग है। अपने दैनिक कार्यो में संवाद के लिए सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक प्रयोग करें। कार्यक्रम के दौरान समकाय के रूप में अशोक कुमार तिवारी, पूर्व अपर महाप्रबंधक (एनटीपीसी लिमिटेड) उपस्थित रहे, इन्होंने विभिन्न तकनीकों से कम्युनिकेशन कार्यशाला को आगे बढ़ाया। जैसे कि सामूहिक चर्चा, भाषण, विभिन्न प्रकार के खेलों आदि। प्रतिभागियों नें इस कार्यशाला में बढ़-चढ़ भाग लिया एवं इस कार्यक्रम के प्रति अपना उत्साह एवं हर्ष दिखाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य महाप्रबंधकगण, अपर महाप्रबंधकगण अन्य वरिष्ठ कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबन्धक (मानव संसाधन) नीरज कुमार ने किया।

# जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

**प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी द्वितीय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने सहायक अध्यापक के वेतन भुगतान पर रोक लगाने व स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये**

अवधानामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज प्राथमिक विद्यालय उरमौरा/उच्च प्रा0वि0 लोढ़ी प्रथम, द्वितीय के साथ ही प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी द्वितीय के परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का भी औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिाकरी ने प्राथमिक विद्यालय उरमौरा में छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन हेतु प्रयोग की जा रही डेस्क की गुणवत्ता का जायजा लिये, डेस्क की क्वालिटी ठीक नहीं पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय में उच्च गुणवत्ता वाली डेस्क की व्यवस्था अतिशीघ्र सुनिश्चित करायी जाये और अन्य विद्यालय में लगायी गयी डेस्क का नमूना प्रस्तुत किया जाये, इसके पश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी प्रथम का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किये, अवलोकन के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि बीना रानी सहायक अध्यापक द्वारा आकस्मिक अवकाश लिया गया है, लेकिन प्रार्थना पत्र को मानव सम्पदा पोर्टल पर आनलाईन नहीं किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित अध्यापिका का स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये, इसी दौरान जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी द्वितीय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति के सम्बन्ध में जानकारी ली, तो यह तथ्य संज्ञान में आया कि कक्षा-1 में 14 छात्राओं का नामांकन किया गया है, जबकि मौके पर 4 छात्र ही उपस्थित पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित अध्यापक से छात्र-छात्राओं के कम उपस्थिति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की तो वह संतोषजनक उत्तर नहीं दे सकी, जिस पर जिलाधिकारी सहायक अध्यापक सपना सिंह का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये, इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय के अध्यापक के उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि प्रियंका दूबे सहायक अध्यापक द्वारा अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया है, लेकिन मानव सम्पदा पोर्टल द्वारा अप्रूव्ड नहीं है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी निर्देशित करते हुए कहा कि सहायक अध्यापक के प्रार्थना पत्र को स्वीकृत करें या निरस्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें, इस दौरान जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र बन्द पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्र पर कार्यरत श्रीमती शीला आंगनबाड़ी सहायिका के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दियें, इस दौरान जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी का भी औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान विद्यालय में किचन शेड बना हुआ नहीं पाया गया और छात्र-छात्राओं के पेयजल हेतु समुचित व्यवस्था नहीं पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से समन्वय करते हुए उच्च प्राथमक विद्यालय में कीचन शेड व पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये।



प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी में अनुपस्थित सहायक अध्यापक को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश

# ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि समेत दो आर्म्स एक्ट में दोषी करार

अवधानामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** साढ़े ग्यारह वर्ष पूर्व युवा अधिवक्ता आलोक उर्फ अंशु राय की गोली मारकर हुई हत्या के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम एहसानुल्लाह खां की अदालत ने ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बभनी राजन सिंह समेत दो लोगों को आर्म्स एक्ट में दोषी करार दिया। जिन्हें पुलिस कस्टडी में लेकर जेल भेज दिया गया। अब इस मामले में 5 अप्रैल को सजा सुनाई जाएगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सोनभद्र बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश राय ने राबर्ट्सगंज कोतवाली में एक मई 2012 को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि वे सुबह 7 बजे मार्निंग कोर्ट होने की वजह से कचहरी जा रहे थे तभी आदर्श विद्यालय के मोड़ पर उनके बेटे युवा अधिवक्ता आलोक उर्फ अंशु राय को सूरज सिंह, पंकज सिंह और तीन अज्ञात लोगों द्वारा घेरकर गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। जब हल्ला मचाते हुए मुहल्ले वालों के साथ पहुंचे तभी सूरज सिंह और उनके साथियों ने बेटे अंशु राय को गोली मार दी, जिससे अंशु गिर गया। मुहल्ले वालों के साथ अभियुक्तगणों को पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन असलहा लहराते हुए बाइक से कचहरी की ओर सभी भाग गए। तत्काल मुहल्ले वालों के सहयोग से अंशु को गाड़ी पर लादकर जिला अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद और तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बभनी राजन सिंह, अरविंद सिंह समेत अन्य लोगों का नाम प्रकाश में आया।

# आइमा के जिलाध्यक्ष पद पर विजयी हुए कुलदीप शुक्ला

अवधानामा संवाददाता



**बांदा।** समाजसेवी - आरटीआई एक्टिविस्ट कुलदीप शुक्ला आइमा मीडिया के बांदा के जिलाध्यक्ष पद पर विजयी हुए हैं। बांदा जनपद में आइमा मीडिया के कुल सदस्य 145 हैं। इसमें 77 वोट पाकर कुलदीप शुक्ला जिलाध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त किया है। आल इंडिया मीडिया एसोसिएशन (आइमा मीडिया) के जिलाध्यक्ष कुलदीप शुक्ला संगठन में सोशल मीडिया एक्टिविस्ट में आजीवन सदस्य हैं। मार्च 2024 में आनलाइन चुनाव में 24 मार्च को घोषित रिजल्ट में उन्हें जिलाध्यक्ष पद पर विजय हासिल हुई। उन्हें 77 वोट मिले जबकि निकटतम प्रतिद्वंद्वी को मात्र 33 वोट मिले। आइमा मीडिया के जिलाध्यक्ष कुलदीप शुक्ला ने कहा कि पत्रकारों को बीमा, पेंशन, चिकित्सा, आवास सम्बन्धित योजनाओं को प्रमुखता से लागू कराना, प्राथमिकता में शामिल हैं। इसके अलावा किसी भी पत्रकार का बेवजह उत्पीड़न बर्दाश्त नही किया जाएगा।

# त्रिशूल स्थापना 31 मार्च को

अवधानामा संवाददाता



**सोनभद्र/घोरावल।** परमहंस आश्रम कैलाशपुरी परसौना में आगामी 30 मार्च को यथार्थ गीता के प्रणेता एवं योगेश्वर महाप्रभु सदगुरुदेव भगवान स्वामी अड़गड़ानंद महाराज का आगमन सुनिश्चित है आश्रम के मुताबिक स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज के त्रिशूल स्थापना का कार्यक्रम एवं सत्संग सहित विशाल भंडारे का का दिव्य आयोजन किया जाएगा आश्रम के सभी महात्माओं में यथार्थ गीता के प्रणेता स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज के आगमन को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है परमहंस आश्रम कैलाशपुरी साजो -सज्जा सहित धूना को काफी सजाया गया है खास तौर पर शाम के समय झालरों की लाइट जगमग -जगमग करते हुए ऐसा प्रतीत हो रहा है की सभी की निगाहें सदगुरुदेव भगवान स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज के दर्शन हेतु पलक पांवड़े बिछाए हुए हैं 31 मार्च के दिन धूना पर स्वामी जी महाराज द्वारा त्रिशूल स्थापना करते हुए महात्माओं एवं भक्तों के लिए दर्शन के लिए खोल दिया जाएगा आश्रम की तैयारी रंग -दोहन इत्यादि कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जा चुका है आश्रम के महात्माओं में इस कार्यक्रम को लेकर जबरदस्त खुशी एवं उत्साह व्याप्त है त्रिशूल स्थापना कार्यक्रम पर नारद महाराज जी, ब्रह्मचारी महाराज जी, एवं संतोष बाबा सहित सभी महात्मा एवं भक्तों का आगमन होगा।

# गैंगेस्टर मुख्तार अंसारी बीमार, आईसीयू में भर्ती

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** चित्रकूटधाम मंडल मुख्यालय बांदा जेल में बंद गैंगेस्टर मुख्तार अंसारी की सोमवार आधी रात को अचानक हालत बिगड़ गई। फौरी तौर पर जेल अस्पताल में उपचार किया गया। इसके बाद उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। अंसारी को आईसीयू में रखा गया था। अंसारी की तकरीबन एक दर्जन जांचें कराई गई है। देर शाम अंसारी को मेडिकल कालेज से वापस जेल ले जाया गया। इधर, पुलिस ने मेडिकल कालेज समेत आईसीयू जोन के बाहर तक सुरक्षा घेरा बनाए रखा था। अंसारी की सुरक्षा में चूक होने पर एक जेल ओर दो डिप्टी जेल को दो दिन पूर्व निलंबित किया जा चुका है।

बांदा जिला कारागार में निरुद्ध मुख्तार अंसारी की सोमवार रात को अचानक हालत बिगड़ी तो जेल प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में अंसारी को जिला जेल अस्पताल में दाखिल कराया गया था। वहां पर प्राथमिक उपचार किया गया। हालत में सुधार न होने पर अंसारी को तत्काल एंबुलेंस और कड़ी सुरक्षा के बीच नरैनी रोड स्थित रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने अंसारी को आईसीयू जोन में रखते हुए उपचार किया था। अंसारी की तकरीबन एक दर्जन जांचें कराई गई हैं। अंसारी की सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही को लेकर दो दिन पूर्व ही शासन ने एक जेल और दो डिप्टी जेलर को निलंबित कर दिया था। मालुम हो कि वर्चुअल पेशी के दौरान अंसारी ने न्यायालय में जेल प्रशासन पर स्लो प्वाइजन देने का आरोप लगाया था। तकरीबन एक सप्ताह से अंसारी की तबीयत खराब चल रही थी।

अंसारी की तबीयत खराब होने की खबर मिलते ही भाई अफजाल अंसारी, बेटा उमर अंसारी मिलने के लिए बांदा आए। इनके पूर्व अंसारी का एक और चचेरा भाई सुबह 10 बजे बांदा आ गया था। प्रशासनिक अधिकारियों से परिजनों ने मुख्तार से मिलने की बात कही, लेकिन प्रशासन ने एक व्यक्ति को ही मिलने की अनुमति दी।

# होली: मुंबई और दिल्ली की टिकट सबसे मुश्किल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** होली बाद वापस लौटने वालों के लिए कन्फर्म सीटों की मारामारी बढ़ गई है। दिल्ली, मुम्बई की ट्रेनों की वेटिंग बढ़ती जा रही है। अगले एक हफ्ते तक जनरल से लेकर एसी चेयरकार तक में पैर रखने की जगह नहीं है। ऐसे में पैसेंजरों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हालांकि, स्पेशल ट्रेनों में सीटें खाली हैं, पर उनमें भी तेजी से बुकिंग बढ़ रही हैं।

गत 25 मार्च को होली का पर्व मनाने के बाद दिल्ली व मुम्बई लौटने वालों का कारवां शुरू हो गया है। चारबाग, लखनऊ जंक्शन से लेकर शहर के अन्य रेलवे स्टेशनों से पैसेंजरों की वापसी हो रही है। लेकिन कन्फर्म सीटों की किल्लत पैसेंजरों के लिए मुश्किलें पैदा कर रही हैं। अगले एक हफ्ते तक ट्रेनों में वेटिंग है। इसके बाद भी हालात बहुत बेहतर होते नजर नहीं आ रहे हैं। लखनऊ से दिल्ली जाने वाली लखनऊ मेल की स्लीपर में 28 से दो अप्रैल तक क्रमशः 133, 101, 105, 130, 74, 52 व थर्ड एसी में 49, 66, 76, 85, 34, 17 वेटिंग है।

पद्मावत एक्सप्रेस की स्लीपर में 57, 48, 47, 58, 42, 39 व थर्ड एसी में 17, 13, 21, 28, 14, 19 एवं एसी एक्सप्रेस की थर्ड एसी में 37, 48, 57, रिग्रेट, 99, 44, 25 वेटिंग चल रही है। वहीं लखनऊ से मुम्बई जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस की स्लीपर में दो अप्रैल तक 134, 123, 82, 51, 50, 52 व थर्ड एसी में 31, 32, 29, 25, 23 तथा गोरखपुर एलटीटी एक्सप्रेस की स्लीपर में 85, 56, 60, 66, 53, 36, थर्ड एसी में 24, 20, 23, 26, 36, 14 व कुशीनगर एक्सप्रेस की स्लीपर में 82, 78, 81, 58, 44, 48, थर्ड एसी में 25, 29, 28, 20, 19 वेटिंग चल रही है।



### तत्काल कोटा 48 सौ, वेटिंग 52 हजार पार

लखनऊ से दिल्ली, मुम्बई व कोलकाता रूट पर चलने वाली ट्रेनों के लिए तत्काल कोटे में 48 सौ सीटें हैं। जिनके सहारे पैसेंजर वापसी की राह तक रहे हैं। लेकिन इन सीटों के एवज में 52 हजार के आसपास पैसेंजर वेटिंग में हैं। इतना ही नहीं बुधवार को तत्काल कोटे की आस में पैसेंजरों ने सुबह टिकट बुक करवाए, लेकिन देखते ही देखते ट्रेनों में वेटिंग शुरू हो गई और पैसेंजरों के हाथ मायूसी लगी। ब्ला-ब्ला सहित कई ऐसे शेयरिंग टैक्सी एप हैं, जहां टैक्सी बुक कर पैसेंजर गोरखपुर, वाराणसी, दिल्ली, कुशीनगर, प्रयागराज आदि जगहों पर जा रहे हैं। हालांकि, लम्बी दूरी के लिए शेयरिंग टैक्सी पैसेंजरों को नहीं मिल रही हैं। रिवरबैंक कॉलोनी निवासी रवि रावत को पत्नी संग दिल्ली जाना था। उन्होंने बताया कि ब्ला-ब्ला पर शेयरिंग टैक्सी मिल गई। 400 रुपये प्रति व्यक्ति टिकट देना पड़ा। जबकि बस व ट्रेन पर उन्हें न्यूनतम हजार रुपये प्रति व्यक्ति खर्च करना पड़ता।

### महंगी चेयरकार भी फुल

लखनऊ से दिल्ली जाने वाली चेयरकार ट्रेनें भले ही महंगी हो, पर इन ट्रेनों में भी लम्बी वेटिंग चल रही है। लखनऊ जंक्शन से नई दिल्ली जाने वाली तेजस एक्सप्रेस की चेयरकार में अगले पांच दिन 20, 16, 54, 99, 32 वेटिंग चल रही है। वंदे भारत एक्सप्रेस की चेयरकार में 98,112, 136, 164, 71 वेटिंग है। शताब्दी एक्सप्रेस की चेयरकार में 41, 45, 45, 60, 89 वेटिंग है। हालांकि डबलडेकर एक्सप्रेस में सीटें उपलब्ध हैं।

### 305 अतिरिक्त बसों से आराम, कर्मचारी तैनात

लखनऊ से प्रयागराज, गोंडा, बलरामपुर, कुशीनगर, सीतापुर, हरदोई, वाराणसी सहित 18 रूटों पर 305 अतिरिक्त बसों को लगाया गया है। इन बसों के चलते प्रदेश में लखनऊ से अन्य जिलों को जाने वाले यात्रियों को खासी राहत हो गई है।

# द्वितीय चरण के लिये आज जारी होगी अधिसूचना

- 28 मार्च से शुरू होगा नामांकन, 26 अप्रैल को होगा मतदान

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण में 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 28 मार्च, 2024 (गुरुवार) को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य किये जा सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण के अंतर्गत 9-अमरोहा, 10-मेरठ, 11-बागपत, 12-गाजियाबाद, 13-गौतमबुद्ध नगर, 14-बुलंदशहर (अ0जा0), 15-अलीगढ़ तथा 17-मथुरा की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव सम्पन्न किया जाना है। द्वितीय चरण की 08 लोकसभा सीटों में 07 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 01 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। अमरोहा, हापुड़, मेरठ, गाजियाबाद, बागपत, बुलंदशहर, गौतम बुद्ध नगर, अलीगढ़ तथा मथुरा सहित 09 जिलों के अंतर्गत द्वितीय चरण के 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र आते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण की 08 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 04 अप्रैल, 2024 (गुरुवार) निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 05 अप्रैल (शुक्रवार) को की जायेगी। 08 अप्रैल, 2024 (सोमवार) को अपराह्न 03 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश के सभी निवार्चन क्षेत्रों की 04 जून, 2024 (मंगलवार) को मतगणना की जायेगी। 06 जून, 2024 से पूर्व निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण करा ली जायेगी। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1.67 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 90.11 लाख पुरूष मतदाता, 77.38 लाख महिला मतदाता तथा 787 थर्ड जेन्डर हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 7797 मतदान केन्द्र तथा 17677 पोलिंग बूथ हैं।

# चौहान के नामांकन में शामिल हुए केशव मौर्य

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को बिजनौर कलेक्ट्रेट में भाजपा और एनडीए उम्मीदवारों ओम कुमार और चंदन चौहान के नामांकन में शामिल हुए। नामांकन के बाद नुमाइश ग्राउंड में हुई जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज विपक्षी दलों के पास न कोई नेता है और न ही कोई नीति। उनकी नियति भी ठीक नहीं लगती। इन हालात में उत्तर प्रदेश में इन तीनों दलों का कोई खाता तक खुलने वाला नहीं है। मौर्य ने जनसभा में नगीना प्रत्याशी ओम कुमार और बिजनौर प्रत्याशी चंदन चौहान को भारी मतों से जिताने की जनता से अपील की।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा गठबंधन जीत हासिल करेगा। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर सिर्फ़ 370 वोट और बढ़ाने हैं। एक तरफ़ अखिलेश यादव पीडीए का नारा दे रहे हैं। इस नारे का असली फुल फार्म परिवार डवलपमेंट अथारिटी है। अखिलेश को अपने परिवार के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं देता है। यही कारण है कि टिकट वितरण को लेकर भी चाचा भतीजे में जंग छिड़ी है। रोजाना प्रत्याशी बदले जा रहे हैं। सपा को प्रदेश मे प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जो आज विपक्ष में हैं उन्होंने सत्ता में रहते हुए जमकर घोटाले किए। उनके घोटालों की जांच हो ही है तो वे घबराए हुए हैं। घबराकर भाजपा के खिलाफ एकजुट हो गए। लेकिन यह एका कुछ दिन ही चला और फिर बिखर गये। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भारत के लोग विदेशों में सर झुकाकर चलते थे आतंकी घटना पर अमेरिका के सामने गिड़गिड़ाते थे। आज भारत के लोग सीना चौड़ा करके विदेशों में चलते हैं। किसी भी आतंकी घटना का करारा जवाब भारत देता है यही कारण है कि आतंकी घबराते हैं। नामांकन सभा को जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह उर्फ बाबी ने भी संबोधित किया।

## प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का हो रहा क्रियान्वयन

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 40,50,070 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 24,72,736 तथा निजी स्थानों से 15,77,334 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी।

# लोकसभा चुनाव: अब एसटी हसन का टिकट करने पर बगावत

- जावेद अली बोले- रामपुर के अधीन नहीं रहा है मुरादाबाद
- आसिम रजा ने भरा पर्चा
- रार और बढ़ने की उम्मीद

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सीतापुर की जेल में बंद पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां मुरादाबाद में मौजूदा सांसद एसटी हसन का टिकट कटवाने में कामयाब रहे। वहां आजम की खास मानी जाने वाली रुचि वीरा सपा की अधिकृत प्रत्याशी होंगी। लेकिन, सपा नेतृत्व ने रामपुर में उनकी नहीं सुनी और मोहिबुल्लाह नदवी को मैदान में उतार दिया। नदवी दिल्ली की पार्लियामेंट स्ट्रीट जामा मस्जिद के इमाम हैं। वे मूल रूप से रामपुर के ही रहने वाले हैं। वहीं, रामपुर के सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर का कहना है कि हमे आजम खां ने नदवी के बजाय आसिम रजा को चुनाव लड़ाने के निर्देश दिए हैं। आसिम रजा ने भी मंगलवार को निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर पर्चा दाखिल किया है।

मुरादाबाद से एसटी हसन का टिकट कटने पर सपा में बगावत जैसे हालात हो गए हैं। सपा के राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने एक्स के जरिये इशारों ही इशारों में आजम खां के दबाव में यह टिकट काटे जाने की आलोचना की है। उन्होंने लिखा है, नवाबों के दौर में भी मुरादाबाद कभी रामपुर के अधीन नहीं रहा, पर अब है! उनके बयान में पार्टी में मतलब निकाले जा रहे हैं। साफ एक सपा में एक धड़ा एसटी हसन का टिकट कटने से नाखुश है।

रामपुर में सपा के टिकट पर पिछला उपचुनाव लड़ चुके आसिम रजा ने भी मंगलवार को पर्चा भरा। अजय सागर का कहना है कि सपा के स्थानीय कार्यकर्ता आसिम रजा को ही चुनाव लड़ाएंगे। यहां बता दें कि उपचुनाव में आसिम रजा को आजम के कहने पर ही टिकट दिया गया था। रामपुर से सपा का नदवी को उतारना आजम के लिए झटका माना जा रहा है, क्योंकि वे आजम की पंसद नहीं हैं। सपा के रामपुर लोकसभा सीट से मोहिबुल्लाह नदवी को उतारने से पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच रार बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, सपा ने डैमेज कंट्रोल शुरू करने के प्रयास तेज कर दिए हैं।

## शिया पीजी कालेज विक्टोरिया स्ट्रीट पर महफिल का आयोजन

**लखनऊ।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब (स.) के नवासे और हजरत अली (अ.स.) के बेटे हजरत इमाम हसन (अ.स.) की विलादत के सिलसिले में इमाम हसन अकादमी ने शिया पीजी कालेज विक्टोरिया स्ट्रीट पर एक महफिल का आयोजन किया। महफिल की अध्यक्षता मौलाना अनवर हुसैन ने की। महफिल में मौलाना (डा.) यासूब अब्बास ने हजरत इमाम हसन (अ.स.) की अजमत बयान करते हुए कहा कि हजरत इमाम हसन (अ.स.) वंचितों और पीड़ितों की आशा की किरण थे। कभी कभी ऐसा होता था कि मांगने वाले ने अभी अपनी मांग बयान ही नहीं की कि उसकी मांग पूरी कर देते थे। इसीलिए उन्हें करीमे अहलेबैत की उपाधि दी गयी। महफिल में शायर जर्रार अकबराबादी, एजाज जैदी, शुमूम आरफी,नय्यर मजीदी, हैदर रजा, इजहार हुसैन जर्रे,गुलरेज नकी,ताहिर कानपुरी, नासिर जरवली, हसन फराज, फिदवी नकवी, शान आब्दी, अंजुम गदीरी, नदीम नजफी, सरवर दबीरी, मौलाना अस्करी, फुरकान लखनवी आदि ने बारगाहे इमाम हसन (अ.स.) में अपने कलाम पेश किये।

# जकात इस्लाम के पांच आधार में से एक: मौलाना अबुल इरफान

- हर हैसियतमंद इंसान को जकात देना चाहिए

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** इदारए शरैय्या फिरंगी महल के अध्यक्ष मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली ने कहा कि जकात इस्लाम के पांच आधार में एक है। हर हैसियतमंद इंसान को जकात देना चाहिए। जकात अदा करने के लिए रमजान बेहतर महीना है। रमजान में जकात देने का सवाब ज्यादा है, क्योंकि रमजान तमाम महीनों का सरदार है। इस महीने की गयी इबादत का सवाब 70 गुना तक बढ़ जाता है। जो साहिबे निसाब होकर जकात से जी चुराए वह अल्लाह की नाराजगी हासिल करता है। मौलाना ने कहा कि कुरान में अल्लाह ने 32 जगहों पर जकात का जिक्र किया है। आज मुसलमानों में गरीबी इस तरफ इशारा कर रही है कि जकात की अदायगी ठीक तरह से नहीं हो रही। सभी लोग जकात अदा करें तो इसे जमा कर मुसलमानों की गरीबी दूर की जा सकती है। मौलाना ने कहा कि हर बालिग मुस्लिम मर्द-औरत जिसके पास 7.5 तोला सोना या 52.5 तोला चांदी या सोना-चांदी मिला कर कोई एक हो या उतनी कीमत की रकम या कारोबार हो उसे जकात अदा करना चाहिए। जकात कुल सम्पत्ति का 2.5 प्रतिशत है। जकात अपने गरीब रिश्तेदार, गरीब पड़ोसी, गरीब दोस्त, गरीब और मजबूर, मुसाफिर और बेसहारा, मिस्कीन या फकीर, यतीम और मदरसों में पढने वाले गरीब बच्चों को दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि अपने मां-बाप, पत्नी, बच्चों, दादा-दादी, नाना-नानी, सैय्यद जादों और हाशमियों को जकात नहीं दी जा सकती। मौलाना ने कहा कि मुसलमानों को आज मदारिसे अरबिया की बहुत सख्त जरूरत है ताकि हमारे बच्चे दुनिया के साथ दीनी इल्म भी हासिल कर सकें।

## लोकसभा चुनाव: पहले चरण का नामांकन खत्म

**लखनऊ।** पहले चरण के लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन खत्म हो चुका है, लेकिन यूपी में प्रमुख विपक्षी दल सपा-कांग्रेस और बसपा सत्ताधारी भाजपा के मुकाबले चुनाव प्रचार के लिहाज से पिछड़ते दिख रहे हैं। इन तीनों में से किसी दल ने अभी तक अपने प्रमुख नेताओं के चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किए हैं। वहीं, दूसरी ओर भाजपा ने जहां 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा से अपने चुनाव प्रचार का श्रीगणेश कर दिया है, वहीं प्रधानमंत्री की भी पहली चुनावी रैली 31 मार्च मेरठ में होगी। विपक्षी गठबंधन के नेता 31 मार्च की दिल्ली रैली के बाद यूपी में प्रचार के लिए निकलने की बात कह रहे हैं। यानी, पूरा मार्च यूं ही निकल जाएगा। स्थिति यह है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा प्रमुख मायावती और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी का कोई प्रचार कार्यक्रम अभी तक नहीं आया है।

# डा. भारती गाँधी ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने आज राजभवन में प्रदेश की राज्यपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट कर सी.एम.एस. की शिक्षा पद्धति से अवगत कराया। इस मुलाकात में सी.एम.एस. की एकेडमिक एडवाइजर डा. सुनीता गाँधी एवं सी.एम.एस. के इण्टरनेशनल रिलेशन्स के हेड श्री शिशिर श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। इस अवसर पर डा. भारती गाँधी ने महामहिम राज्यपाल को श्री राम दरबार का मॉडल भेंट करते हुए कहा कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को भौतिक, सामाजिक, नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान कर उनका सर्वांगीण विकास करने को सतत् संकल्पित हैं। सी.एम.एस. का मानना है कि भावी पीढ़ी को समाज का आदर्श नागरिक बनाकर ही रामराज्य की परिकल्पना को साकार रूप दिया जा सकता है। मुलाकात के उपरान्त श्री शिशिर श्रीवास्तव ने बताया कि महामहिम राज्यपाल जी से बहुत अच्छी मुलाकात हुई। डा. भारती गाँधी जी ने महामहिम राज्यपाल जी को होली की बधाई दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने भावी पीढ़ी की सर्वांगीण विकास, सामाजिक उत्थान एवं एकता व शान्ति स्थापना में सी.एम.एस. के प्रयासों की सराहना की।

## इमामबाड़ा उम्मुल बनीन में मजलिसें शुरू

**लखनऊ।** हजरत अली (अ.स.) की शहादत के सिलसिले में इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में पांच दिवासीय मजलिसों का आगाज हो गया। तिलावते कुराने पाक से शुरू हुई मजलिस को मौलाना मिर्जा जाफर अब्बास ने खिताब किया। अन्य मजलिसों को भी मौलाना जाफर अब्बास प्रतिदिन रात 8 बजे खिताब करेंगे। मजलिसों का आयोजन कुर्बान काजमी ने किया है।

## मौलाना कल्बे जवाद की मातमी अंजुमनों के साथ बैठक आज

**लखनऊ।** औकाफ और हुसैनाबाद ट्रस्ट को लेकर मौलाना कल्बे जवाद ने दरगाह हजरत अब्बास रुस्तमनगर में शहर की मातमी अंजुमनों को बुलाया है। मौलाना ने जारी बयान में कहा है कि मातमी अंजुमनों के साथ बृहस्पतिवार रात 8.30 बजे बैठक की जाएगी जिसमें औकाफ, हुसैनाबाद ट्रस्ट और कौम के अन्य मसाईलों पर चर्चा की जाएगी।

# 126 वीं बरसी पर याद किए गए सर सैयद

- सर सैयद ने उस समय की परिस्थिति का बहादुरी से सामना किया: शहला हक़

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड बॉयज़ (अल्मनाई) एसोसिएशन, लखनऊ की ओर से रहीम नगर स्थित एसोसिएशन के कैम्प कार्यालय में एम.ए.ओ. कॉलेज अलीगढ़ के संस्थापक, देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं समाज सुधारक सर सैयद अहमद खान की 126वीं जयंती पर कुरान पाठ का आयोजन करते हुए उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अमूबा की कार्यकारिणी समिति के वरिष्ठ सदस्य अनवर हबीब अल्वी ने कहा कि सर सैयद का जन्म 17 अक्टूबर 1817 को हुआ था और 27 मार्च 1898 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। अपने इक्यासी वर्ष के जीवन में उन्होंने साहित्य, पत्रकारिता, इतिहास, भाष्य, रचना और काव्य में उत्कृष्टता प्रदर्शित की है, लेकिन एम.ए.ओ. कॉलेज की स्थापना उनकी एक महान उपलब्धि है जो सदैव याद रखी जायेगी।

एसोसिएशन की मानद सचिव शहला हक़ ने कहा कि सर सैयद ने उस समय की परिस्थिति का बहुत बहादुरी से सामना किया। यह वह समय था जब देश के लोग, विशेषकर मुसलमान, अंग्रेजी शिक्षा को बहुत बुरा मानते थे। सर सैयद पर महिला शिक्षा के समर्थक न होने का आरोप लगाया जाता है, जबकि हक़ीक़त इसके उलट है। उनका विचार था कि पहले लोगों को लड़कों की शिक्षा के लिए तैयार होना चाहिए और फिर लड़कियों की शिक्षा की चिंता करनी चाहिए। उनकी यह चिंता उनके एक छात्र शेख अब्दुल्ला ने अलीगढ़ में गर्ल्स कॉलेज की स्थापना करके पूरी की। एसोसिएशन के अध्यक्ष सैयद मुहम्मद शोएब ने कहा कि सर सैयद ने कॉलेज की स्थापना ही नहीं की बल्कि सर्वोत्तम परंपराओं की नींव रखी और हर छात्र के दिल में अच्छे संस्कार, ईमानदारी और प्रेम, सभ्यता और भाईचारा पैदा किया। सर सैयद की मृत्यु के लगभग बाईस वर्ष बाद एम ए ओ कालेज ने विश्वविद्यालय की शक्ल इख़्तियार कर ली जो कि शिक्षा और प्रशिक्षण का एक उच्च केन्द्र बन गया। उन्होंने आगे कहा कि सर सैयद को श्रद्धांजलि देने का सबसे अच्छा तरीक़ा उनके रास्ते पर चलते हुए और अधिक शैक्षणिक संस्थान स्थापित करना है और यह खुशी की बात है कि अमूबा इस रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। धन्यवाद ज्ञापन हमज़ा हक़ ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में अलीगढ़ के पुरा छात्रों के अतिरिक्त शहर के अन्य प्रतिष्ठित गण शरीक़ रहे।

# रमज़ान पर किये गये सवालों के जवाब

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में मंगलवार से रमजान हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा के पैनल ने दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9335929670, 9415102947, 70077 05774 और 9140427677 के साथ ही ई-मेल ramzanhelplinewz@gmail.com और वेबसाइट www.farangimahal.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** किसी ने कुछ रकम अमानत के तौर पर रखी और कहा कि रखी रकम से जकात अदा कर दो तो क्या जकात अदा होगी?

**जवाब:** जी हां, जकात अदा हो जाएगी।

**सवाल:** मुआवजे के तौर पर मां-बाप, पत्नी और नाबालिग बच्चों को मिली रकम पर जकात वाजिब है या नहीं?

**जवाब:** बेवा और वालिदैन के हिस्से आई रकम पर अगर साल गुजरा तो जकात वाजिब है, बच्चे नाबालिग हैं तो उनके हिस्से पर जकात नहीं।

**सवाल:** कोई रमजान में रोजे तो रखे लेकिन नमाज न पढ़े तो क्या हुक्म है?

**जवाब:** रोजा हो जाएगा, नमाज छोड़ने का गुनाह होगा। नमाज की कजा उसके जिम्मे फर्ज है।

**सवाल:** क्या पूरे महीने के रोजों का फिदया एक साथ अदा नहीं किया जा सकता?

**जवाब:** ऐसा नहीं है, बल्कि अलग-अलग रोजों का भी फिदया दे सकते हैं और एक साथ भी।

इसी तरह इदारए शरैय्या फिरंगी महल की हेल्पलाइन पर मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा ने लोगों के सवालों के जवाब दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9807404508 और 9918117798 तथा ई-मेल firangimahe l@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** क्या ऐतिकाफ की हालत में काम से घर जा सकते हैं जो पास में है?

**जवाब:** अगर खाना लाने वाला कोई नहीं है तो खाना ला सकते हैं। बिना मजबूरी मस्जिद से बाहर निकलने पर ऐतिकाफ खत्म हो जाएगा।

**सवाल:** रोजे में बहुत कमजोरी महसूस होने पर कुछ खा लेने से क्या रोजा टूट गया?

**जवाब:** रोजे में जानबूझ कर खाने से रोजा टूट जाता है। कजा करना होगा और लगातार दो महीने तक कफ्फारे के रोजे रखना होंगे।

**सवाल:** रोजा खुलवाना सवाब का काम है या सांसारिक रस्म?

**जवाब:** रोजा इफ्तार कराना सवाब का काम है। जो रोजेदार को इफ्तार कराए उसे जहन्नुम से आजादी और रोजेदार को भी सवाब मिलेगा।

**सवाल:** क्या रोजे के दौरान मोबाइल या टीवी पर कार्यक्रम देखे जा सकते हैं?

**जवाब:** रोजा बुराई, गंदी बात, झूठ, चुगली से बचाना है नहीं तो फाका। मोबाइल-टीवी पर गैर महरम को देखना, नाच, गाना देखने और हंसने से रोजा फाका कर देगा।

**सवाल:** रास्ते में जाते वक्त एक कुत्ता कपूड़ों से छू गया तो क्या कपड़े नापाक हो गये?

**जवाब:** अगर कुत्ता सूखा था तो कपड़े नापाक नहीं हुए अगर कुत्ता भीगा है तो उस जगह को साफ करना वाजिब है, जहां कपड़े से छुआ है।

## मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये जवाब

कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये। हेल्पलाइन पर सवाल मोबाइल नम्बर 9415580936, 9839097407 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक या ई-मेल masael@gmail.com पर पूछे जा सकते हैं। महिलाओं के सवालों के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

**सवाल:** अगर कोई सफर के दौरान रोजा रखना चाहे तो क्या हुक्म है?

**जवाब:** रोजे की हालत में सफर करने वाले के लिए जरूरी है कि जवाल के बाद वतन से निकले और दूसरे शहर से आ रहा है तो जवाल से पहले वतन पहुंच जाए तो रोजा सही होगा।

**सवाल:** कुछ लोग सिर्फ शबों में हजरत अली के गम के दिनों में रोजा रखते हैं क्या इसका सवाब ज्यादा है?

**जवाब:** हजरत अली के गम के दिनों को मनाना बेहतरीन काम है, लेकिन पूरे महीने के रोजे वाजिब हैं। अगर कोई रोजा नहीं रखता तो हुक्मे इलाही की नाफरमानी है।

**सवाल:** बाप ने उजरत पर रोजों को लिया तो क्या बड़े बेटे पर उन रोजों की भी कजा वाजिब होगी?

**जवाब:** बड़े बेटे पर जो पिता पर कजा है उसकी कजा वाजिब होगी, उजरत पर लिये रोजों की कजा वाजिब नहीं होगी।

**सवाल:** क्या कोई अपने खुम्स को खुद पर खर्च कर सकता है, कारोबार वगैरह के लिए?

**जवाब:** अगर हाकिमे शरा से हुक्म ले ले तो खुम्स का इस्तेमाल कर सकता है इससे जो फायदा होगा वह भी उसकी मिल्कियत होगी। सवाल. क्या कोई इंसान अपने खुम्स को खुद पर ख़र्च कर सकता है कारोबार आदि के लिए।

**सवाल:** क्या स्कूल में खुम्स की रकम दी जा सकती है?

**जवाब:** खुम्स की रकम के दो हिस्से हैं, सहमे सादात जो सिर्फ सैय्यद को दिया जाएगा। दूसरा सहमे इमाम, इसका इस्तेमाल धार्मिक मामलों में किया जा सकता है जैसे मदरसे, मस्जिद या किसी मुजतहिद किसी काम की इजाजत दे तो इस्तेमाल किया जा सकता है।